श्रुति-स्मृति-पुराणोक्त विधि से विहित जो कर्म हैं उनसे उत्पन्न हुए अदृष्ट का नाम धर्म (पुण्य) है ।

निषिद्ध कर्म से उत्पन्न अदृष्ट का नाम अधर्म (पाप) है ।



आत्ममात्रविशेषगुणाः के ?

**बुद्ध्यादयोऽष्टावात्ममात्रविशेषगुणाः । बुद्धीच्छाप्रयत्ना नित्या अनित्याश्च । नित्या ईश्वरस्य, अनित्या जीवस्य ॥**

संस्कारः कतिविधः, तद्भेदाश्च किं स्वरूपाः ?

**संस्कारस्त्रिविधः—वेगो भावना स्थितिस्थापकश्चेति । वेगः पृथिव्यादिचतुष्टयमनोवृत्तिः । अनुभवजन्या स्मृतिहेतुर्भावना, आत्म-**

न्यायबोधिनी

बुद्ध्यादयोऽष्टाविति । बुद्धिसुखदुःखेच्छाद्वेषप्रयत्नधर्माधर्मा इत्यर्थः । संस्कारं विभजते—संस्कार इति । भावनां लक्षयति—अनुभवेति ।

पदकृत्यम्

संस्कारं विभजते—संस्कार इति । सामान्यगुणात्मविशेषगुणोभयवृत्ति-गुणत्वव्याप्यजातिमान् संस्कारः । घटादिवारणाय गुणत्वव्याप्येति । संयोगादिवारणाय आत्मविशेषगुणोभयवृत्तीति । ज्ञानादिवारणाय सामान्येति । द्वितीयादिपतनासमवायिकारणं वेगः । रूपादिवारणाय द्वितीयादिपतनेति । कालादिवारणाय असमवायीति । भावनां लक्षयति—अनुभवेति । आत्मादि-

मेधा

बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म और अधर्म—ये आठ आत्मा के विशेषगुण हैं ।

उनमें बुद्धि, इच्छा और प्रयत्न—ये दो प्रकार के हैं, नित्य और अनित्य ।

ईश्वर की बुद्धि, इच्छा और प्रयत्न नित्य हैं । जीव की बुद्धि, इच्छा और प्रयत्न अनित्य हैं ।

संस्कार तीन प्रकार का है—वेग, भावना और स्थितिस्थापक । वेग पृथिवी, जल, तेज, वायु और मन इन पाँचों में रहता है । जो अनुभव से उत्पन्न होती है, और स्मरण को जनमाती है उसका नाम भावना है । यह केवल आत्मा में रहती है ।

**मात्रवृत्तिः । अन्यथाकृतस्य पुनस्तदवस्थापादकः स्थितिस्थापकः,**

न्यायबोधिनी

अत्रानुभवजन्यत्वे सतीति विशेषणानुपादाने आत्ममनःसंयोगेऽतिव्याप्ति-रात्ममनःसंयोगस्य ज्ञानमात्रं प्रत्यसमवायिकारणत्वेन स्मृतिं प्रत्यपि कारणत्वादतस्तदुपादानम्, आत्ममनःसंयोगस्यानुभवजन्यत्वाभावान्नातिव्याप्तिः। तावन्मात्रे कृतेऽनुभवध्वंसेऽतिव्याप्तिः, ध्वंसं प्रति प्रतियोगिनः कारणत्वेनानुभवध्वंसस्याप्यनुभवजन्यत्वात्, अतः स्मृतिहेतुत्वमिति। ध्वंसस्य च स्मृतिहेतुत्वाभावान्नातिव्यातिः। ननु विशिष्टबुद्धिं प्रति विशेषणज्ञानस्य कारणता सकलतान्त्रिकमतसिद्धा, यथा दण्डविशिष्टबुद्धिं प्रति दण्डज्ञानं कारणम्। दण्डविशिष्टबुद्धिर्नाम दण्डप्रकारकबुद्धिः। तथा च दण्डप्रकारकबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति दण्डज्ञानत्वेन कारणत्वमित्यापतितम्, दण्डप्रकारकबुद्धिः दण्डी पुरुष इत्याकारकबुद्धिस्तत्र दण्डज्ञानं कारणम्। नहि दण्डमजानानः पुमान् 'दण्डी पुरुषः' इति प्रत्येति, एवं च यत्रायं दण्ड इति प्रत्यक्षं जातं तदनन्तरं दण्डी पुरुष इत्याकारकप्रत्यक्षमुत्पन्नं तत्र दण्डी पुरुष इत्याकारकप्रत्यक्षेऽतिव्याप्तिः, तद्धि स्वाव्यवहितपूर्वक्षणोत्पन्नदण्डज्ञानात्मकानुभवजन्यं, जनिष्यमाणे दण्डी पुरुष इत्याकारकस्मरणे कारणं च, स्मृतिं प्रत्यनुभवस्य कारणत्वात्तथा चानुभवजन्यत्वे सति स्मृतिहेतुत्वरूपभावनालक्षणस्य यथोक्त दण्डी-पुरुष-इत्याकारकानुभवे विद्यमानत्वादतिव्याप्तिरिति चेत्? अत्र ब्रूमः—अनुभव-

पदकृत्यम्

वारणाय प्रथमदलम्। अनुभवध्वंसवारणाय द्वितीयदलम्। स्थितिस्थापकत्वमाह—अन्यथेति। पृथिवीमात्रसमवेतसंस्कारत्वव्याप्यजातिमत्त्वं स्थितिस्थापकत्वम्। गन्धत्वमादाय गन्धेऽतिव्याप्तिवारणाय संस्कारत्वव्याप्येति। भावनात्वमादाय भावनायामतिव्याप्तिवारणाय पृथिवीसमवेतेति। स्थितिस्थापकरूपान्यतरमादाय रूपवारणाय जातीति।

मेधा

दूसरी अवस्था में गयी हुई (झुकी हुई वह व टेढ़ी हुई) वस्तु को पुनः पूर्वावस्था में लाने वाला जो संस्कार है—वह स्थितिस्थापक कहलाता है।



**कटादिपृथिवीवृत्तिः ॥ इति गुणाः ॥**

न्यायबोधिनी

जन्यत्वं हि अनुभवत्वावच्छिन्नकारणतानिरूपितकार्यताश्रयत्वम्। तत्र कारणतायामनुभवत्वावच्छिन्नं निवेश्यते, तथा चानुभवत्वावच्छिन्नकारणतानिरूपितकार्यताश्रयत्वमिति फलितम्, अतो नोक्तातिव्याप्तिः, तथा हि—दण्डप्रकारकबुद्धित्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपितदण्डज्ञाननिष्ठा या कारणता तस्या न दण्डानुभवत्वमवच्छेदकं दण्डानुभवादिव दण्डस्मरणादपि दण्डप्रकारकबुद्धेरुत्पत्तेः, अतो दण्डप्रकारकबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति अनुभवस्मरणसाधारणदण्डज्ञानत्वेनैव दण्डज्ञानस्य कारणतायाः स्वीकरणीयत्वेन दण्डज्ञानत्वस्यैव तदवच्छेदकत्वात्। तथा चानुभवत्वावच्छिन्नकारणतानिरूपितकार्यत्वस्योक्तप्रत्यक्षेऽभावान्नातिव्याप्तिः। भावनात्वावच्छिन्नं प्रत्यनुभवस्यानुभवत्वेनैव कारणतया भावनात्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपितानुभवनिष्ठकारणतायामनुभवत्वमवच्छेदकम्, अतोऽनुभवत्वावच्छिन्नकारणतानिरूपितकार्यताश्रयत्वं भावनायां वर्तते इति नासम्भवः। नन्वेवं स्मृतिहेतुत्वविशेषणवैयर्थ्यम्, न हि तद्विनाऽनुभवध्वंसेऽतिव्याप्तिः प्रसज्यते, तथाहि—ध्वंसत्वाच्छिन्नं प्रति प्रतियोगिनः कारणत्वं प्रतियोगित्वेन रूपेण, तत्तद्ध्वंसत्वावच्छिन्नं प्रति च तत्तत्प्रतियोगिव्यक्तेस्तत्तद्व्यक्तित्वेनेत्येवं ध्वंसप्रतियोगिनोः कार्यकारणभावः, तथा च ध्वंसनिष्ठकार्यतानिरूपिता याऽनुभवनिष्ठा कारणता तस्यां प्रतियोगित्वमवच्छेदकं तत्तद्व्यक्तित्वं च, न त्वनुभवत्वमपीत्यनुभवध्वंसेऽनुभवत्वावच्छिन्नकारणतानिरूपितकार्यताश्रयत्वरूपानुभवजन्यत्वविरहेणैवातिव्याप्तिवारणसम्भवात्कृतं स्मृतिहेतुत्वविशेषणेनेति चेत्? न, स्मृतावतिव्याप्तिवारणायैव तदुपादानात्।

पदकृत्यम्

इति गुणा इति। द्रव्यकर्मभिन्नत्वे सति सामान्यवान् गुणः। द्रव्यकर्मणोरतिव्याप्तिवारणाय विशेषणदलम्। सामान्यादावतिव्याप्तिवारणाय विशेष्यदलम्॥ इति गुणाः॥

मेधा

यह चटाई, धनुष आदि में रहता है।

## [४] अथ कर्मादिलक्षणप्रकरणम्

कर्मणः किं लक्षणम् ?

**चलनात्मकं कर्म । ऊर्ध्वदेशसंयोगहेतुरुत्क्षेपणम् । अधोदेशसंयोगहेतुरपक्षेपणम् । शरीरस्य सन्निकृष्टसंयोगहेतुराकुञ्चनम् । विप्रकृष्टसंयोगहेतुः प्रसारणम् । अन्यत्सर्वं गमनम् ।**

सामान्यस्य किं लक्षणम् ?

**नित्यमेकमनेकानुगतं सामान्यम् । द्रव्यगुणकर्मवृत्ति । परं सत्ता,**

न्यायबोधिनी

तथाहि स्मृतिं प्रत्यनुभव एव कारणं न तु स्मृतिरप्यतो घटस्मृतित्वावच्छिन्नं प्रति घटानुभवस्य घटानुभवत्वेनैव कारणत्वं न तु घटाज्ञानत्वेन, तथा च घटस्मृतिनिष्ठकार्यतानिरूपिता या घटानुभवनिष्ठा कारणता तस्यां घटानुभवत्वमवच्छेदकम्, तेनानुभवत्वावच्छिन्नकारणतानिरूपितकार्यताश्रयत्वस्य स्मृतौ विद्यमानत्वादतिव्याप्तिवारणाय स्मृतिहेतुत्वम्, न हि स्मृतिः स्मृतिहेतुः, अतो न तत्रातिव्याप्तिरित्यलं पल्लवतल्लजकल्पानल्पजल्पनेन ।

सामान्यं निरूपयति—नित्यमेकमिति । नित्यत्वे सत्यनेकसमवेतत्वं

पदकृत्यम्

**चलनेति** । संयोगभिन्नत्वे सति संयोगासमवायिकारणं कर्म । हस्तपुस्तकसंयोगवारणाय सत्यन्तम् । घटादिवारणाय विशेष्यदलम् । **ऊर्ध्वेति** । अपक्षेपणवारणाय ऊर्ध्वेति । कालादिवारणाय असाधारणेत्यपि देयम् । **अधोदेशेति** । उत्क्षेपणादिवारणाय अधोदेशेति । कालादिवारणाय असाधारणेत्यपि देयम् । **शरीरेति** । प्रसारणादिवारणाय सन्निकृष्टेति । कालादिवारणाय असाधारणपदमप्यावश्यकम् ।

मेधा

चलने आदि क्रिया का नाम कर्म है । उर्ध्वदेश में संयोग होने का कारण उत्क्षेपण है । अधोदेश में संयोग होने का कारण अपक्षेपण है । शरीर के समीप संयोग का हेतु आकुञ्चन ( समेटना ) है । शरीर से दूर संयोग का हेतु प्रसारण (फैलाना) है । इनसे भिन्न कर्म को गमन कहते हैं ।



**अपरं द्रव्यत्वादि ।**

विशेषस्य किं लक्षणम् ?

**नित्यद्रव्यवृत्तयो व्यावर्तका विशेषाः ।**

न्यायबोधिनी

सामान्यलक्षणम् । नित्यत्वविशेषणानुपादानेऽनेकसमवेतत्वस्य संयोगादौ सत्त्वात्तत्रातिव्याप्तिस्तद्वारणाय नित्यत्वविशेषणम् । अनेकसमवेतत्वानुपादाने नित्यत्वमात्रोपादाने आकाशादावतिव्याप्तिस्तद्वारणायानेकसमवेतत्वम् । अनेकसमवेतत्वानुपादाने नित्यत्वविशिष्टसमवेतत्वमात्रोक्तावाकाशगतैकत्वपरिमाणादौ जलपरमाणुगतरूपादौ चातिव्याप्तिः, जलपरमाणुगतरूपादेराकाशगतैकत्वपरिमाणादेर्नित्यत्वात्समवेतत्वाच्च, अतः अनेकेति समवेतविशेषणम् ।

**नित्यद्रव्यवृत्तय इति** । नित्यद्रव्येषु परमाण्वादिषु वर्तमानाः, अत एव व्यावर्तकाः—इतरभेदानुमितिहेतवः, नित्यद्रव्यवृत्तित्वरूपपक्षधर्मताप्रयोज्येतरभेदानुमापकताशालिन इत्यर्थः । नित्यद्रव्यनिष्ठविशेष्यतानिरूपितैकमात्रवृत्तिभेदानुमितजिनकतावच्छेदकप्रकारताश्रयत्वं विशेषाणां लक्षणमिति भावः । पार्थिवपरमाणौ जलादिभेदानुमापकगन्धेऽतिव्याप्तिवारणाय एकमात्रवृत्तित्वं

पदकृत्यम्

**नित्यमिति** । संयोगादिवारणाय नित्यमिति । कालादिपरिमाणवारणाय अनेकेति । अनेकानुगतत्वं च समवायेन बोध्यम्, तेन नात्यन्ताभावेऽतिव्याप्तिः ।

**नित्यद्रव्यवृत्तय इति** । घटत्वादिवारणाय नित्यद्रव्यवृत्तय इति । आत्मत्वमनस्त्ववारणाय आत्मत्वमनस्त्वभिन्ना इत्यपि बोध्यम् ।

मेधा

जो नित्य हो और एक हो परन्तु अनेक पदार्थों में समवेत हो वह 'सामान्य' कहलाता है । यह सामान्य (जाति) द्रव्य, गुण, कर्म में ही रहता है ।

सबसे अधिक देश में रहने वाली जाति है पर सामान्य, अर्थात् 'सत्ता' । और द्रव्यत्व आदि जाति सत्ता से न्यून देश में रहती हैं । अतः ये अपरसामान्य हैं ।

नित्य द्रव्यों में रहते हुए जो दूसरों को व्यावृत्त करे वह विशेष है ।

समवायस्य किं लक्षणम् ?

**नित्यसम्बन्धः समवायः । अयुतसिद्धवृत्तिः । ययोर्द्वयोर्मध्ये एकमविनश्यदवस्थमपराश्रितमेवावतिष्ठते तावयुतसिद्धौ । यथा अवयवावयविनौ गुणगुणिनौ क्रियाक्रियावन्तौ जातिव्यक्ती विशेषनित्यद्रव्ये चेति ।**

प्रागभावस्य किं लक्षणम् ?

**अनादिः सान्तः प्रागभावः, उत्पत्तेः पूर्वं कार्यस्य ।**

न्यायबोधिनी

भेदविशेषणम् । घटादौ तदितरभेदानुमापके तद्रूपादावतिव्याप्तिवारणाय निरूपितान्तं प्रकारताविशेषणम् । एतेन 'व्यावर्त्तका' इत्यस्य नित्यद्रव्यविशेष्यकेतरभेदानुमितिप्रयोजका इत्यर्थकतया लक्षणपरत्वेन साफल्येऽपि नित्यद्रव्यवृत्तय इति विफलमेव, स्वरूपाख्यानस्यापि कृतत्वादिति प्रत्युक्तम् ।

समवायं निरूपयति—नित्येति । सम्बन्धत्वं विशिष्टप्रतीतिनियामकत्वम् । तावन्मात्रोक्तौ संयोगेऽतिव्याप्तिरतो नित्य इति विशेषणम् । ययोर्द्वयोर्मध्य इति । यन्निष्ठकालनिरूपिताधेयतासामान्यं यदवच्छिन्नं तदुभयान्यतरत्वमयुतसिद्धत्वमित्यर्थः ।

पदकृत्यम्

नित्येति । आकाशादिवारणाय सम्बन्ध इति । संयोगवारणाय नित्येति । स्वरूपसम्बन्धवारणाय तद्भिन्न इत्यपि बोध्यम् ।

मेधा

नित्यसम्बन्ध का नाम समवाय है । समवाय सम्बन्ध अयुतसिद्ध पदार्थों में रहता है ।

जिन दो में एक पदार्थ—जब तक वह नष्ट नहीं होता तब तक दूसरे के विना न रह सके—वे दोनों अयुतसिद्ध हैं । जैसे—अवयव और अवयवी, गुण और द्रव्य, क्रिया और द्रव्य, जाति और व्यक्ति, नित्यद्रव्य और विशेष ।



SANSKRIT LIBRARY BOOK No. 26 UNIVERSITY 522 510.

प्रध्वंसस्य किं लक्षणम् ?

**सादिरनन्तः प्रध्वंसः, उत्पत्त्यनन्तरं कार्यस्य ।**

अत्यन्ताभावस्य किं लक्षणम् ?

**त्रैकालिकसंसर्गावच्छिन्नप्रतियोगिताकोऽत्यन्ताभावः । यथा भूतले घटो नास्तीति ।**

न्यायबोधिनी

अत्यन्ताभावं निरूपयति—त्रैकालिकेति । ( प्रागभावाप्रतियोगित्वे सति ध्वंसाप्रतियोगित्वे सत्यन्योन्याभावभिन्नत्वे सति अभावत्वमत्यन्ताभावस्य

पदकृत्यम्

प्रागभावं लक्षयति—अनादिरिति । घटादिवारणाय प्रथमदलम् । परमाणुवारणाय द्वितीयदलम् । पुनः प्रागभावः कस्मिन्कालेऽस्तीत्यत आह—उत्पत्तेरिति । कार्यस्योत्पत्तेः प्राक् स्वप्रतियोगिसमवायिकारणे वर्तते इत्यर्थः ।

ध्वंसं लक्षयति—सादिरिति । घटादिवारणाय अनन्त इति । आत्मादिवारणाय सादिरिति । उत्पत्तीति । कार्यस्योत्पत्त्यनन्तरं स्वप्रतियोगिसमवायिकारणवृत्तिरित्यर्थः । स च 'ध्वस्त' इति प्रत्ययविषयः ।

अत्यन्ताभावं लक्षयति—त्रैकालिकेति । त्रैकालिकत्वे सति संसर्गा-

मेधा

जिसका आदि न हो पर अन्त हो ऐसा अभाव प्रागभाव कहलाता है । जैसे घट आदि कार्यों की उत्पत्ति के पूर्व जो उनका अभाव है वह प्रागभाव है ।

जिस अभाव का आदि तो हो परन्तु अन्त न हो उसका नाम प्रध्वंसाभाव है । जैसे घट आदि कार्यों का उत्पत्ति के बाद का जो अभाव है वह प्रध्वंसाभाव है ।

जिस अभाव की प्रतियोगिता संसर्ग से अवच्छिन्न हो और भूत, भविष्यत् तथा वर्तमान इन तीनों कालों में रहता हो वह अत्यन्ताभाव है । जैसे 'भूतले घटो नास्ति' ( भूमि पर घड़ा नहीं है ) वह अभाव अत्यन्ताभाव है ।

अन्योन्याभावस्य किं लक्षणम् ?

**तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्नप्रतियोगिताकोऽन्योन्याभावः । यथा घटः पटो नेति ।**

पदार्थानुपसंहरति

**सर्वेषां पदार्थानां यथयथमुक्तेष्वन्तर्भावात्सप्तैव पदार्था इति सिद्धम् ॥**

### न्यायबोधिनी

लक्षणम् । ध्वंसप्रागभावान्योन्याभावाकाशादीनां वारणाय यथाक्रमं विशेषणोपादानम् । वस्तुतस्तु संसर्गाभावत्वं तादात्म्यभिन्नसम्बन्धावच्छिन्नप्रतियोगिताकाभावत्वम्, ध्वंसप्रागभावयोश्च न संसर्गावच्छिन्नप्रतियोगिताकत्वमिति तेनैव तद्वारणे त्रैकालिकेति स्वरूपाख्यानमेवेति बोध्यम् ) ।

अन्योन्याभावं निरूपयति—तादात्म्येति । अभावत्रयवारणाय विशेषणम् । घटाभाववान्नेति प्रतीतितिविषयघटादिवारणाय विशेष्यम् ।

ननु सादृश्यादीनामतिरिक्तपदार्थानामनिरूपणेन न्यूनतेत्यत आह—सर्वषामिति । 'प्रमाणप्रमेयसंशयप्रयोजनदृष्टान्तसिद्धान्तावयवतर्कनिर्णयवादजल्पवितण्डाहेत्वाभासच्छलजातिनिग्रहस्थानानां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसाधिगम' इति न्यायस्यादिमसूत्र उक्तानां प्रमाणप्रमेयादीनामित्यर्थः । तद्भिन्नत्वविशिष्ट-

### पदकृत्यम्

वच्छिन्नप्रतियोगिताकोऽत्यन्ताभावः । ध्वंसप्रागभाववारणाय त्रैकालिकेति । भेदवारणाय संसर्गेत्यादि ।

अन्योन्याभावं लक्षयति—तादात्म्येति । प्रागभावप्रध्वंसाभाववारणाय तादात्म्येति । अत्यन्ताभाववारणाय तादात्म्यत्वेन सम्बन्धो विशेषणीयः ॥

### मेधा

जिसकी प्रतियोगिता तादात्म्य सम्बन्ध से अवच्छिन्न हो वह अन्योन्याभाव कहलाता है । जैसे—घट पट नहीं है—यह अन्योन्याभाव है ।

दर्शनशास्त्रों में कहे हुए सभी—पदार्थों का अन्तर्भाव पूर्वोक्त सात पदार्थों में ही हो जाता है, अतः सात ही पदार्थ हैं—यह सिद्ध है ॥



**काणादन्यायमतयोर्बालव्युत्पत्तिसिद्धये ।**

### न्यायबोधिनी

तद्गतभूयोधर्मरूपसादृश्यस्यापि घटपटादिरूपत्वेन नातिरिक्तत्वम् । एवमन्येषामप्यूह्यम् ।

काणादेति । कणादस्येदं काणादम् । काणादन्यायमते इति द्वन्द्वगर्भकर्मधारयः । कणादप्रोक्तगौतमप्रोक्तमतयोरिति यावत् । कणादन्यायाभिन्नमतद्वयविषयबालसमवेताभिन्नव्युत्पत्तिसिद्धिप्रयोजकान्नंभट्टविद्वन्निष्ठभूतकालीनकृति-

### पदकृत्यम्

पदार्थज्ञानस्य परमप्रयोजनं मोक्ष इत्यामनन्ति । स च आत्यन्तिकैकविंशतिदुःखध्वंसः । आत्यन्तिकत्वं च स्वसमानाधिकरणदुःखप्रागभावासमानकालीनत्वम् । दुःखध्वंसस्येदानीमपि सत्त्वेनास्मदादीनामपि मुक्तत्वापत्तिवारणाय कालीनान्तम् । मुक्त्यात्मकदुःखध्वंसस्यान्यदीयदुःखप्रागभावसमानकालीनत्वाद्वामदेवादीनां मुक्तात्मनाप्यमुक्तत्वप्रसंगात्स्वसमानाधिकरणेति प्रागभावविशेषणम् । दुःखानि चैकविंशतिः—शरीरं षडिन्द्रियाणि षड्विषयाः षड्बुद्धयः सुखं दुःखं चेति । दुःखानुषङ्गित्वाच्छरीरादौ गौणदुःखत्वम् । तथा च 'आत्मा वाऽरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः' इति श्रुतेरात्मज्ञानसाधननिदिध्यासनमननसाधनत्वं पदार्थज्ञाने संजाघटीति । एवं च तत्त्वज्ञाने सति शरीरपुत्रादावात्मत्वस्वीयत्वाभिमानरूपमिथ्याज्ञानस्य नाशः, तेन प्रवृत्त्यनुत्पत्तिः, ततस्तत्कालीनशरीरेण काव्यव्यूहेन वा भोगतत्त्वज्ञानाभ्यां प्रारब्धकर्मणां नाशः, ततो जन्माभावः ।

नित्यनैमित्तिकैरेव कुर्वाणो दुरितक्षयम् ।
ज्ञानं च विमलीकुर्वन्नभ्यासेन च पाचयेत् ॥
अभ्यासात्पक्वविज्ञानः कैवल्यं लभते नरः ॥

### मेधा

काणाद ( वैशेषिक ) और गौतम (न्याय) के मत में बालकों के सुख से

अन्नभट्टेन विदुषा रचितस्तर्कसंग्रहः ॥

इति श्री महोपाध्यायान्नंभट्टविरचितस्तर्कसंग्रहः समाप्तः ॥

——०——

## न्यायबोधिनी

विषयाभिन्नस्तर्कसंग्रहाख्यग्रन्थ इत्यन्वयबोधः ॥

कृष्णावलम्बिनो गाः पुरुषो गोवर्धनस्तमभ्यर्चन् ।
विपुलाभीरसभाजनजनितबुधेन्द्रस्तवाभिरचनाभिः ॥

इति श्रीगोवर्धनविरचिता न्यायबोधिनी समाप्ता ॥

——०——

## पदकृत्यम्

इत्यादिवचनात् 'तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति' इति श्रुतेश्च, सगुणोपासना-काशीमरणादेरपि तत्त्वज्ञानद्वारा मुक्तिहेतुत्वम् । अत एव परमेश्वरः काश्यां तारकमुपदिशतीति सारम् ॥

इति श्रीमत्तत्रभवद्गुरुदत्तसिंहशिष्यश्रीचन्द्रजसिंहविरचितं पदकृत्यं समाप्तम् ॥

——०——

## मेधा

प्रविष्ट होने के लिये मैं अन्नभट्ट नामक पण्डित ने यह तर्कसंग्रह बनाया है ॥

——०——

D.26

D.26

522 5.0

15/2/2013 A.R.

गया है। लोकायतमत में चार्वाक के अतिरिक्त अन्य दार्शनिक भी हुए हैं, जिनका उल्लेख बौद्धग्रन्थों में प्राप्त होता है; जैसे अजित केश, कम्बल, पूर्ण काश्यप, मक्खलि-गोशाल, प्रक्रुद्ध कात्यायन आदि। इनके सिद्धान्तों का वर्णन आगे किया जायगा।

लोकायतमत पूर्णतया भौतिकवादी है। आध्यात्मिक व धार्मिक मान्यताओं का यह खण्डन करता है तथा सांसारिक सुख व भोगों में प्रवृत्त करता है। किसी भी देश में इस मत की प्रबलता तभी होती है जबकि लोग आध्यात्मिक ज्ञान-विज्ञान से शून्य हों अथवा आध्यात्मिक दम्भ व धर्माडम्बर के प्रभाव में आकर लोग आलसी, अकर्मंठ, उदासीन व दरिद्र बन गए हों। जब समाज में अध्यात्म व धर्म पर श्रद्धा अधिक हो जाती है तब धूर्त एवं दुष्ट प्रकृति के लोग धर्म के नाम पर सामाजिक श्रद्धा व आस्था का दुरुपयोग करते हुए धार्मिक ढोंग व अन्धविश्वास से अपना आर्थिक लाभ करके आलसी, अकर्मंठ व दरिद्र बन जाते हैं तथा अध्यात्म व धर्म को कलंकित करते हैं। मनमानी कपोलकल्पित ग्रन्थों व सम्प्रदायों की रचना करके समाज को अज्ञान, अन्धविश्वास, दम्भ व पाखण्ड के गर्त में गिरा देते हैं।

भारतवर्ष अध्यात्मप्रधान देश है। यहाँ अतीत में कभी अध्यात्मवाद व धर्म का प्रभाव इतना अधिक बढ़ गया कि दुष्ट, दम्भी व पाखण्डी तथा लोभी प्रकृति के लोगों ने अध्यात्म व धर्म के स्वरूप को विकृत करके धर्माडम्बर व दिखावटी वैराग्य द्वारा राष्ट्र को आलसी व अकर्मंठ बना दिया। लोग वैराग्य का ढोंग रच करके कर्तव्य कर्मों का परित्याग करने लगे, धर्म का ढोंग-धतूरा रच करके उसके नाम पर आजीविका चलाने लगे। धर्म की आड़ में भोगवाद चल पड़ा। श्रम करके नहीं, अपितु धर्म के नाम पर धोखा देकर आजीविका व भोगवाद चल पड़ा, वह फलने-फूलने लगा, देश का आर्थिक पतन होने लगा और दरिद्रता एवं अकर्मंठता ने अड्डा बना लिया। ऐसी परिस्थिति में लोकायतमत के पैर जमने लगे। लोकायत-मत ने बजाय इसके कि अध्यात्म व धर्म के नाम पर आई बुराइयों— दम्भ, पाषण्ड व अन्धविश्वास का खण्डन करके समाज को सच्चे अध्यात्म व धर्म का मार्ग दिखलाते, अपनी बौद्धिक अशक्तता व दिवालिएपन से अध्यात्म व धर्म का खण्डन कर डाला, भौतिकवाद व भोगवाद की स्थापना व प्रचार किया। संसार से उदासीन होकर वैराग्य वृत्ति में अपने कर्तव्य कर्मों का परित्याग करनेवाले तथा धर्म के नाम पर विना श्रम के कमाने-खाने वालों की कड़ी आलोचना लोकायतमत वालों ने किया और देश की प्रवृत्ति को भौतिकवाद की ओर मोड़ दिया।

लोकायत मत में जहाँ भौतिकवादी प्रवृत्ति को प्रेरित करके उदासीनता, वैराग्य, अकर्मंठता, आलस्य व धार्मिक ढोंग को समाप्त करने की क्षमता है, वहीं चारित्रिक व नैतिक पतन लाने की क्षमता भी है। अध्यात्म विज्ञान व धर्म में जो विकृतियाँ आती हैं उनका कारण धर्म की आड़ में भौतिकवाद व भोगवाद ही है। उसी का विकसित रूप है—लोकायत दर्शन; जो मनुष्य के आध्यात्मिक व धार्मिक ज्ञान-विज्ञान व प्रवृत्तियों को कुण्ठित करके उन्हें भौतिकवाद व भोगवाद के गर्त में गिरा देता है। लोकायतमत तामसी विचारों व मनोवृत्तियों की देन है, जहाँ कुण्ठित दार्शनिक बुद्धि एवं सांसारिक वैभव व भोगों की लोलुपता मनुष्य व समाज का नैतिक व चारित्रिक पतन करते हुए मानव-जीवन में पशुता, अज्ञान, स्वार्थ, संघर्ष, भोग व विनाश का उपहार प्रदान करता है ॥७९॥



## [चार्वाकमतम्]

**लोकायता वदन्त्येवं नास्ति देवो न निर्वृतिः ।**
**धर्माधर्मौ न विद्येते न फलं पुण्यपापयोः ॥८०॥**

**तदेवाह—लोकायता इत्यादिना ।**

**लोकायता नास्तिकाः, एवममुना प्रकारेण वदन्ति । कथमित्याह— सर्वज्ञादिर्नास्ति, निर्वृतिर्मोक्षो नास्ति, अन्यच्च न विद्येते, कौ ? धर्माधर्मौ, धर्मश्चाधर्मश्चेति द्वन्द्वः, पुण्यपापे न स्त इत्यर्थः । पुण्यपापयोर्धर्माधर्मयोः फलं स्वर्गनरकादिरूपं नेति नास्ति, तदपि पुण्यपापयोरभावे कौतस्त्यं तत्फलमित्यादि ।**

**तच्छास्त्रोक्तमेव सोल्लुण्ठं दर्शयन्नाह—तथा च तन्मतं—तथा चेत्युपदर्शने, तन्मतं प्रस्तावान्नास्तिकमतम् ॥८०॥**

**अन्वयः**— लोकायता एवं वदन्ति देवः नास्ति निवृत्तिः न। धर्माधर्मौ न विद्येते पुण्यपापयोः फलं न ॥८०॥

**सुधा**—लोकायता—लोकमेव ज्ञानायतनं येषां ते चार्वाकादयः। एवम्=इत्थं, वदन्ति=कथयन्ति। देवः=ईश्वरः, नास्ति=न विद्यते। निवृत्तिः=मोक्षः, निःश्रेयसम्, न=नास्ति। धर्माधर्मौ=धर्मश्च अधर्मश्च, न=नैव, विद्येते=स्तः, पुण्य-पापयोः=सत्कर्मदुष्कर्मयोः, फलम्=विपाकः, न=नैव भवतीति ॥८०॥

**पदार्थ**—लोकायता=लोकायतमत वाले चार्वाकादि। एवम्=इस प्रकार। वदन्ति=कहते हैं कि। देवः=ईश्वर अथवा परमात्मा। नास्ति=नहीं है। निवृत्तिः=मोक्ष। न=नहीं होता। धर्माधर्मौ=धर्म और अधर्म। न विद्येते=नहीं होते। पुण्य-पापयोः=पुण्य और पाप का। फलम् न=फल भी नहीं होता। संसार का रचयिता, पालक व नाशक कोई ईश्वर नहीं है। मोक्ष, निवृत्ति, निर्वाण झूठा है। धर्म-अधर्म नहीं है। पाप और पुण्य का कोई फल नहीं होता ॥८०॥

**भाषाप्रकाश**—लोकायत मत के चार्वाकादि यह मानते हैं कि ईश्वर अथवा परमात्मा नहीं है और मोक्ष भी नहीं होता। न कोई धर्म है, न कोई अधर्म। पुण्य और पाप का कोई फल भी नहीं होता। लोकायत मत नास्तिक मत है। वह ईश्वर की सत्ता नहीं स्वीकार करता; न तो किसी को जगत् का कर्ता ही मानता है। इस मत में न कोई कर्म धर्म है, न ही कोई कर्म अधर्म है। न कोई कर्म पाप है, न ही कोई कर्म पुण्य है। पाप-पुण्य का कोई फल भी नहीं भोगना पड़ता। ईश्वर की सत्ता को न मानना, मोक्ष को न मानना, धर्म-अधर्म को न मानना एवं पापपुण्य का फल न मानना ही लोकामत मत का सिद्धान्त है ॥८०॥

**एतावानेव लोकोऽयं यावानिन्द्रियगोचरः।**
**भद्रे ! वृकपदं पश्य यद्वदन्ति बहुश्रुताः ॥८१॥**

कथमित्याह—एतावनेवेत्यादिना।

अयं लोकः संसार एतावानेव एतावन्मात्र एव यावान् यावन्मात्रमिन्द्रियगोचरः, इन्द्रियं स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रभेदात्पञ्चविधं तस्य गोचरो विषयः, पञ्चेन्द्रियव्यक्तीकृतमेव वस्त्वस्ति नापरं किञ्चन, अत्र लोकग्रहणाल्लोकस्थपदार्थसार्थस्य संग्रहः।

तथा परे पुण्यपापसाध्यं स्वर्गनरकाद्याहुः, तदप्रमाणं प्रत्यक्षाभावादेव, अप्रत्यक्षमप्यस्तीति चेच्छशश्रृङ्गवन्ध्यास्तनन्धयादीनामपि भावोऽस्तु।

तथा हि- स्पर्शनेन्द्रियेण तावन्मृदुकठोरशीतोष्णस्निग्धरूक्षादिभावा उपलभ्यन्ते।

रसनेन्द्रियेण कटुकषायाम्लमधुरास्वादलेह्यचूष्यपेयादयो वेद्यन्ते।

घ्राणेन्द्रियेण मृगमदमलयजघनसारागुरुप्रभृतिसुरभिवस्तुपरिमलोद्गारपरम्पराः परिचीयन्ते।

चक्षुरिन्द्रियेण भूभूधरपुरप्राकारघटपटस्तम्भाम्भोरुहादिमनुष्यपशुश्वापदादिस्थावरजङ्गमपदार्थसार्था अनुभूयन्ते।

श्रोत्रेन्द्रियेण प्रथिष्ठगाथकपथिकप्रथ्यमानतालमानमूर्च्छनाप्रेङ्खोलनाखेलन्मधुरध्वनय आकर्ण्यन्ते।

इति पञ्चप्रकारप्रत्यक्षदृष्टमेव वस्तुतत्त्वं प्रमाणपदवीमवगाहते, शेषप्रमाणानामनुभवाभावादेव निरस्तत्वाद् गगनकुसुमवत्।

ये चास्पृष्टमनास्वादितमनाघ्रातमदृष्टमश्रुतमप्याद्रियमाणाः स्वर्गमोक्षादिसुखपिपासाऽनुबन्धचेतोवृत्तयो दुश्चरतरतपश्चरणादिकष्टपिष्टिकया स्वजन्म क्षपयन्ति तन्महासाहसं तेषामिति।



किं च - प्रत्यक्षमप्यस्तितयाऽभ्युपगम्यते चेज्जगदनपह्नुतमेव स्याद्, रिद्रो हि स्वर्णराशिर्मेऽस्तीत्यनुध्याय हेलयैव दौःस्थ्यं दलयेद्; दासोऽपि चेतसि स्वामितामवलम्ब्य किङ्करतां निराकुर्यादिति, न कोऽपि स्वानभिमालिन्यमश्नुवीत।

एवं न कश्चित्सेव्यसेवकभावो दरिद्रधनिभावो वा स्यात्, तथा च द्व्यवस्थाविलोपप्रसङ्ग इति सुस्थितमिन्द्रियगोचर एव प्रमाणम्।

ये चानुमानागमादिप्रामाण्यमनुमन्वानाः पुण्यपापव्यापारप्राप्यस्वर्गकादिसुखासुखं व्यवस्थापयन्तो वाचाटा न विरमन्ति तान् प्रति ान्तमाह—

भद्रे वृकपदं पश्येति। यथा हि कश्चित्पुरुषो वृकपददर्शनसमुद्भूतहलां दयितां मन्थरतरप्रसृमरसमीरणसमीकृतपांशुप्रकारस्वाङ्गुलिन्यासेन पदाकारतां विधाय प्राह—हे भद्रे! वृकपदं पश्य, कोऽर्थः? यथा तस्या वेदितपरमार्थाया मुग्धाया विदग्धो वल्लभो वृकचरणनिरीक्षणाग्रहं ाङ्गुलिन्यासमात्रेण प्रलोभ्य पूरितवान्, एवममी अपि धर्मच्छद्मधूर्ताः वञ्चनप्रवणा यत् किञ्चिदनुमानागमादिदाढर्यमादर्श्य व्यर्थं मुग्धजनान् र्गादिप्राप्तिलभ्यभोगाभोगप्रलोभनया भक्ष्याभक्ष्यगम्यागम्यहेयोपादेयादिङ्कटे पातयन्ति, मुग्धधार्मिकान्ध्यं चोत्पादयन्ति, एवमेवार्थं प्रमाणकोटिं रोपयन्तश्च यद् बहुश्रुताः परमार्थवेदिनो वदन्ति, वक्ष्यमाणपद्येनेर्थः। ८१॥

**अन्वयः**—अयं लोकः यावान् इन्द्रियगोचरः एतावान् एव। भद्रे ! बहुश्रुताः वदन्ति वृकपदं पश्य ॥८१॥

**सुधा**—अयं लोकः=संसारः, यावान्=यावन्मात्रम्, इन्द्रियगोचरः=घ्राणरसनस्त्वक्श्रोत्राणीन्द्रियाणि भूतेभ्यः गोचरः=प्रत्यक्षविषयः, पञ्चेन्द्रियमनसा गनुभूतः, एतावान् एव=एतावन्मात्रमेव, पञ्चेन्द्रियव्यक्तीकृतमेव वस्त्वस्ति नापरं ञ्चन पुण्यपापसाध्यं स्वर्गनरकादिकमप्रमाणं, प्रत्यक्षाभावात् शशकश्रृंगवत् वन्ध्यावद्वा। रसनेन्द्रियेण षड्विधः रसः, घ्राणेन्द्रियेण गन्धः, चक्षुरिन्द्रियेण रूपम्, त्रेन्द्रियेण शब्दः, त्वगिन्द्रियेण स्पर्शः क्रमशः वेद्यन्ते। परिचीयते, अनुभूयते, कर्ण्यते वेद्यते च पञ्चप्रकारप्रत्यक्षदृष्टमेव वस्तुतत्त्वं प्रमाणपदवीमवगाहते प्रमाणानामनुभवाभावादेव निरस्तत्वात्, गगनकुसुमवत्। इत्थञ्च प्रत्यक्षस्ति तथाऽभ्युपगम्यते साम्यं व्यावहारिकं पूर्वजन्मपुण्यापुण्यसत्ताभावात् न स्यात् ऽपि दरिद्रः कोऽपि धनिकः। दरिद्रो हि स्वर्णराशिर्मेऽस्तीत्यनुध्याय हेलयैव

दौःस्थ्यं दलयेत् दासोऽपि स्वचेतसि स्वामितामवलम्ब्य किंकरतां निराकुर्यात्; ए
न काश्चित्सेव्यसेवकभावो दरिद्रधनिभावो वा स्यात् ।

बहुश्रुताः=परमार्थवेदिनः आस्तिकाः विद्वान्सः, यत् वदन्ति=यत् कथय
अस्त्वीश्वरः परलोकः निवृत्तिः धर्मः अधर्मः पापपुण्ययोः फलादिकं सर्वमेव व्यर्थं
कल्पनामात्रं धूर्तप्रवञ्चनामात्रञ्च; यथा हि भद्रे ! वृकपदं पश्य, कश्चित्पुरु
वृकपददर्शनसमुद्भूतकुतूहलां दयितां मन्थरतरप्रसृमरसमीरणसमीकृतपांशुप्रकारस्व
लिन्यासेन वृकपदाकारतां विधाय प्राह—हे भद्रे ! वृकपदं पश्य । तस्याः मुग्धा
वल्लभः वृकचरणनिरीक्षणाग्रहं करांगुलिन्यासेन प्रलोभ्य पूरितवान्; एवम
धर्मछलछद्मधूर्ताचार्याः किञ्चिदनुमानागमप्रमाणमवलम्ब्य व्यर्थं मुग्धजन
स्वर्गादिप्रलोभनया भक्ष्याभक्ष्यगम्यागम्यहेयोपादेयादिसंकटे पातयन्ति, मुग्धधा
कान्ध्यं चोत्पाद्य स्वाजीविकां समुपार्जयन्ति । यथाहि वृकपदं हिंसाभयकारकं त
बहुश्रुतानां वचनमपि ॥८१॥

**पदार्थ**—अयम्=यह लोक संसार । यावान्=जो कुछ । इन्द्रियगोचरः=रसन
नासिका, नेत्र, कान व त्वचा—इन पांच इन्द्रियों से अनुभव में आता है
एतावान्=बस वही सब कुछ है, उतना ही संसार है । बहुश्रुताः=परमार्थ व ईश्व
को मानने वाले विद्वान् । यद् वदन्ति=जो कुछ कहते हैं वह उसी प्रकार है जै
भेड़िए का पैर । भद्रे=अपनी प्रियांगना से कहता है कि बहुश्रुताः यद् वदन्ति
बहुश्रुतों के वचन । वृकपदं=भेडिए का पैर । पश्य=जानना । भेडिए का पैर जित
खूंखार व खतरनाक होता है उसी की तरह इन बहुश्रुतों के वचन हैं । वह ईश्व
परलोक, धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य की बातें करके अनेक प्रकार का प्रलोभन दे
अनेक प्रकार का शोषण करते हैं । लोगों में अन्धविश्वास पैदा करके स्वार्थ सि
करते हैं ॥८१॥

**भाषाप्रकाश**—लोकायत मत में यह संसार, जिसे हम पांचों ज्ञानेन्द्रियों
अनुभव करते हैं, यही सब कुछ है, इससे परे कुछ नहीं है । रसना, घ्राण, चक्षु, का
और त्वचा—यह पांच इन्द्रियाँ हैं । रसना से सभी रसों का, नासिका से सब प्रका
के गन्ध का, चक्षु से रूप का, कान से शब्द एवं त्वचा से स्पर्श का अनुभव होत
है । यही संसार है; इससे परे अनुभव में आनेवाला कोई तत्त्व नहीं है । न ईश्वर है
न आत्मा है, न पाप-पुण्य है, न स्वर्ग-नरक है, न धर्म है और न ही अधर्म है । स
प्राणियों को सांसारिक सुख भोगने का समान अधिकार है । न कोई अमीर हो
चाहिए, न कोई गरीब । न कोई दास, न कोई स्वामी; सब मनुष्य बराबर हैं, सब
सांसारिक सुख मिलना चाहिए । उपरोक्त विचारधारा के आधार पर दरिद्र
स्वर्णराशि का हिस्सेदार बन सकता है और नौकर भी स्वामी बन कर अपना
दूर कर सकता है ।



परमार्थ व मोक्षवादी विद्वान् जो ईश्वर, मोक्ष, धर्म, और पुण्य स्वर्ग का
श देते हैं वह धोखामात्र है । जैसे किसी व्यक्ति की पत्नी ने पूछा कि भेडिए का
कैसा होता है ? तो उसने अपने हाथ की अंगुलियों को मोड़ करके बतलाया कि
, यही भेड़िए का पैर है । जिस प्रकार भेडिए का पैर भयानक व खतरनाक
है उसी प्रकार इन आस्तिक बहुश्रुत विद्वानों के वचन भी हैं; जो आत्मा,
र, धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य का प्रलोभन व भय दिखला करके भोले-भाले लोगों में
श्रद्धा पैदा करके अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं, आर्थिक शोषण करते हैं । वे दूसरों
त्याग का उपदेश देते हैं और स्वयं भोग में पड़ करके मौज उड़ाते हैं ॥८१॥

**पिब खाद च जातशोभने ! यदतीतं वरगात्रि ! तन्न ते ।**
**न हि भीरु ! गतं निवर्त्तते समुदयमात्रमिदं कलेवरम् ॥८२॥**

किङ्कर्तव्यमित्याह—**पिबेत्यादिना** ।

हे जातशोभने ! भावप्रधानत्वान्निर्देशानां, जातं शोभनत्वं वदननय-
दिमत्त्वं यस्याः सेति तत्सम्बोधनम्, पिब पेयापेयव्यवस्थावैसंष्ठुल्येन
दिरादेः पानं कुरु । न केवलं पिब, खाद च, भक्ष्याभक्ष्यनिरपेक्षतया मांसा-
कं भक्षय, यद्वा पिबेत्यधरादिपानं कुरु, खादेति भोगानुपभुङ्क्ष्वेति
म्युपदेशः, स्वयौवनं सफलीकुर्वित्यर्थः ।

अथ सुलभमेव पुण्यानुभावाद्भवान्तरेऽपि शोभनत्वमिति परोक्तमा-
ङ्क्याह—वरगात्रि ! यदतीतम्, अतिक्रान्तं यौवनादि तत्ते तव भूयो न;
तु जराजीर्णत्वमेव भविष्यतीत्यर्थः । जातशोभने-वरगात्रीतिसम्बोधनयोः
नार्थयोरप्यादरानुरागातिरेकान्न पौनरुक्त्यं दोषः । तदुक्तम्—

अनुवादादरवीप्साभृशार्थविनियोगहेत्वसूयासु ।
ईषत्सम्भ्रमविस्मयगणनास्मरणेष्वपुनरुक्तम् ॥

ननु स्वेच्छयाऽविच्छिन्नं खादने पाने दुस्तरा परलोककष्टपरम्परा,
थं भवति सुकृतसञ्चये भवान्तरेऽपि यौवनादिकमिति पराशङ्कां दूषय-
ह—**न हि भीरु गतं निवर्तते** । हे भीरु ! परोक्तमात्रेण नरकादिप्राप्यदुःख-
कुले ! गतम्, इह भवातिक्रान्तं सुखयौवनादि न निवर्त्तते परलोके
ोकते परलोकसुखाकांक्षया तपश्चरणादि-कष्टक्रियाभिरिहत्यसुखोपेक्षा
तेत्यर्थः ।

अथ जन्यजनकसम्बन्धसद्भावादमुना कायेन परलोकेऽपि सद्धेतुकं
दुःखादिकं वेदितव्यमवश्यमेवेति चेद् ? आह—**समुदयमात्रमिदं कलेवरम्**,
कलेवरं शरीरं समुदयमात्रं समुदयो मेलः वक्ष्यमाणचतुर्भूतानां संयोग-

स्तन्मात्रं मात्रशब्दोऽवधारणे भूतचतुष्टयसम्बन्ध एव कायो, न च पूर्वभव दिशुभाशुभकर्मविपाकवेद्यसुखदुःखादिसव्यपेक्ष इत्यर्थः, संयोगाश्च तरुशि रावलीलीनशकुनिगणवत् क्षणतो विनश्वरास्तस्मात् परलोकानपेक्षया यथे पिब खाद चेति वृत्तार्थः ॥८२॥

अन्वयः—जातशोभने ! पिब खाद च। वरगात्रि ! यदतीतं तत् न ते भीरु ! गतं नहि निवर्तते इदं कलेवरं समुदयमात्रम् ॥८२॥

सुधा—जातशोभने ! जातं शोभनं वदननयनादिकं यस्या सा सुन्दरि पिब=मदिरादि अधरादि पानं कुरु, खाद च=भोगानुपभुंक्ष्व मांसादिकं भक्ष स्वादिष्टानि भोजनानि खादय। वरगात्रि !—वरं=शोभनं, गात्रं=शरीरं यस्या स यत् अतीतम्=यत् अतिक्रान्तं कालं यौवनादिकम्। तत् न ते=तव भूयो न जराजी त्वमेव भविष्यति। भीरु ! नरकादिप्राप्यभयाकुले, गतम्=अतिक्रान्तं सुखयौव नादिकम्, न निवर्तते=न पुनः प्राप्यते।

इदं कलेवरम्=इदं शरीरम्, समुदयमात्रं—समुदयः=चतुर्भूतानां संयोग मात्रमेवास्ति। नास्ति फलं पुण्यपापयोः, नैवास्ति शुभाशुभं कर्म, तयोः नैवास्ति विपाकः। क्षणतो विनश्वरं शरीरम्; अतः—

यावज्जीवेत् सुखं जीवेत् ऋणं कृत्वा घृतं पिवेत्।
भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः ॥८२॥

पदार्थ—जातशोभने=जन्मजात सुन्दरि ! पिब=पीओ। खाद च=औ खूब खाओ। वरगात्रि=श्रेष्ठ सुन्दर शरीर वाली ! यदतीतम्=जो बीत जायगा तन्न ते=वह तुम्हारा नहीं होगा। भीरु=पाप और नरक से डरने वाली ! गतम् जो तुम्हारा यौवन वैभव बीत जायगा। न निवर्तते=वह फिर वापस नहीं आएगा इदं कलेवरम्=यह शरीर। समुदयमात्रम्=पृथ्वी, जल, तेज और वायु—इन चार भूतों का संयोगमात्र है। क्षण में ही नष्ट हो जाने वाली वस्तु है। अतः जब त जिओ सुख से जिओ, कर्ज लेकर घी पीओ, यह शरीर मरने पर भस्म हो जायगा फिर शरीर न मिलेगा ॥८२॥

भाषाप्रकाश—लोकायत मत का उपदेश है कि खूब पिओ और खाओ मौज उड़ाओ। इसी में सुख है, परमानन्द है। किसी सुन्दरी स्त्री को सम्बोधन करके कहा गया है कि जो तुम्हारी जवानी का यह समय है, यह जो बीत जायगा वह तुम्हारा नहीं होगा। हे पाप और नरक से डरने वाली ! तुम्हारी जवानी का स्वर्णिम अवसर बीत जायगा तो फिर वापस नहीं मिलेगा; इसलिए पाप-पुण्य, स्वर्ग नरक का विचार न करते हुए विषयों का भोग करो, क्योंकि यह शरीर अनित्य है



क्षणभंगुर है, पृथ्वी-जल-तेज-वायु का संयोगमात्र है। समस्त संसार अनित्य एवं परिवर्तनशील है; अतः जबतक जिओ सुख से जिओ, कर्ज लेकर घी पीयो, क्योंकि यह शरीर मरने पर जब जल जायगा तो फिर वापस नहीं आयेगा ॥८२॥

**किं च पृथ्वी जलं तेजो वायुर्भूतचतुष्टयम्।**
**चैतन्यभूमिरेतेषां मानं त्वक्षजमेव हि ॥८३॥**

चैतन्यमाह—किञ्चेति।

किं चेत्युपदर्शने, पृथ्वी भूमिः, जलमापः, तेजो वह्निः, वायुः पवन; इति भूतचतुष्टयं तेषां चार्वाकाणां चैतन्यभूमिः चैतन्योत्पत्तिकारणं; चत्वार्यपि भूतानि संभूय सपिण्डं चैतन्यं जनयन्तीत्यर्थः। तु पुनः, मानं प्रमाणं हि निश्चितम् अक्षजमेव प्रत्यक्षमेवैकं प्रमाणमित्यर्थः ॥८३॥

ननु भूतचतुष्टयसंयोगजदेहचैतन्योत्पत्तिः कथं प्रतीयताम्? इत्या-

अन्वयः—किं च एतेषां पृथ्वी जलं तेजो वायुः भूतचतुष्टयम् चैतन्यभूमिः हि मानं तु अक्षजमेव ॥८३॥

सुधा—किंच=अपरं किम्। एतेषाम्=लोकायतानां मते। पृथ्वी=क्षितिः। जलम्=आपः। तेजः=अग्निः। वायुः=पवनः। भूतचतुष्टयम्=चत्वारि भूतानि। चैतन्यभूमिः=चैतन्योत्पत्तिकारणम् आत्मनः जीवस्य कारणं वा। हि=यतः। अक्षजमेव तु=प्रत्यक्षमेव तत्र। मानम्=प्रमाणमस्ति ॥८३॥

पदार्थ—किंच=और क्या। एतेषाम्=लोकायत मत में। पृथ्वी=धरती। जलम्=पानी। वायुः=हवा। तेजः=अग्नि विद्युत। भूतचतुष्टयम्=यह चारो महाभूत। चैतन्यभूमिः=चेतना उत्पन्न करने वाले हैं; आत्मा-जीव के कारण हैं। हि=क्योंकि। प्रक्षजमेव तु=प्रत्यक्ष ही। मानम्=लोकायत मत में प्रमाण माना गया है ॥८३॥

भाषाप्रकाश—लोकायत मत में पृथ्वी, जल, तेज और वायु—यही चार महाभूत माने गए हैं, यही संसार के कारण हैं, इन्हीं से सारा संसार बना है। इन्हीं चारो महाभूतों के संयोग से चेतना अथवा जीवात्मा तैयार होती है। जब चारो महाभूतों का मेल समाप्त हो जाता है तब इन्हीं के साथ चैतन्य आत्मा भी सदा के लिए समाप्त हो जाता है। पृथ्वी, जल, तेज एवं वायु चारो महाभूतों की सिद्धि में प्रत्यक्ष ही प्रमाण है। लोकायतमत में केवल एक ही प्रमाण—प्रत्यक्ष माना गया है। लोकायत मत अनुमान, उपमान व शब्द प्रमाण को नहीं मानता। लोकायत दर्शन देहात्मवाद को मान्यता देता है। आस्तिक दर्शन चैतन्यगुण वाले आत्मा की सत्ता शरीर से पृथक् मानते हैं और यह मानते हैं कि आत्मतत्त्वज्ञानवान, कर्ता व भोक्ता

जड़ भूतों से पृथक् सूक्ष्म सत्ता वाला है। लोकायत दर्शन पूर्णतया नास्तिक दर्शन है। यह आत्मा की सत्ता चार महाभूतों के संयोग से मानता है, पृथ्वी-जल-तेज-वायु ही चेतना के कारण हैं, वही चेतना आत्मा है। जबतक चारो महाभूतों का मेल शरीर के रूप में रहता है तबतक चैतन्य जीवात्मा है। जब चारो महाभूतों के संयोग से बना पिण्डरूप यह शरीर समाप्त हो जाता है तब चैतन्य आत्मा भी सदा के लिए समाप्त हो जाता है ॥८३॥

**पृथ्व्यादिभूतसंहत्यां तथा देहादिसम्भवः।**
**मदशक्तिः सुराऽङ्गेभ्यो यद्वत्तद्वत्स्थिताऽऽत्मता ॥८४॥**

ननु भूतचतुष्टयसंयोगजदेहचैतन्योत्पत्तिः कथं प्रतीयताम्? इत्याशङ्क्याह– **पृथ्व्यादिभूतसंहत्यामिति।**

**पृथिव्यादीनि पृथिव्यप्तेजोवायुरूपाणि यानि भूतानि तेषां संहत्यां मेले संयोगे सति; तथेत्युपदर्शने देहादिसम्भवः, आदिशब्दादितरे भूधरादि-पदार्था अपि चतुष्टयसंयोगजाता एव ज्ञेयाः। दृष्टान्तमाह––यद्वदिति। येन प्रकारेण सुराङ्गेभ्यो गुड़धातक्यादिभ्यो मद्याङ्गेभ्यो मदशक्तिरुन्मादकत्वं भवति, तद्वत्तथा भूतचतुष्टयसम्बन्धात् शरीर आत्मता स्थिता सचेतनत्वं भवति, जातमित्यर्थः ॥८४॥**

**अन्वयः**––पृथिव्यादिभूतसंहत्यां तथा देहादिसंभवः यद्वत् सुराऽङ्गेभ्यः मदशक्तिः तद्वत् आत्मता स्थिता ॥८४॥

**सुधा**––पृथिव्यादि=पृथ्वीजलतेजोवायुरिति, भूतसंहत्याम्=चतुर्भूतसंयोगे, देहादि=चैतन्यात्मशरीरादि। संभवः=उत्पत्तिर्भवति। यद्वत्=यथा येन प्रकारेण, सुरांगेभ्यः=गुड़धातक्यादिभ्यः मद्यांगादिभ्यः, मदशक्तिः=उन्मादकत्वं भवति, तद्वत्=तेन प्रकारेण भूतचतुष्टयसंयोगात्, आत्मता=चैतन्यम्। स्थिता=जातमिति ॥८४॥

**पदार्थ**––पृथिव्यादिभूतसंहत्याम्=पृथ्वी-जल-तेज और वायु––इन चारो महाभूतों के संयोग से। तथा देहादिसंभवः=चैतन्य आत्मा व शरीर एवं समस्त जगत की उत्पत्ति होती है। यद्वत्=जिस प्रकार। सुरांगेभ्यः=गुड़, महुवा आदि वस्तुयें, जिन्हें सड़ा करके शराब बनाई जाती है उनसे। मदशक्तिः=मादकता––नशा का गुण पैदा हो जाता है। तद्वत्=उसी प्रकार से। आत्मता=चारो भूतों के मेल से चैतन्य गुण वाला जीवात्मा। स्थिता=उत्पन्न हो जाता है, जिसकी शक्ति इन चारों भूतों में पहले से विद्यमान थी। जिस प्रकार गुड़, महुवा आदि में पहले से मादकता––नशा नहीं होती, किन्तु उन्हें जब सड़ा दिया जाता है तब मदिरा पैदा होती है उसी प्रकार चार महाभूतों के संयोग से चैतन्यात्मा तैयार होता है ॥८४॥



**भाषाप्रकाश**––पृथ्वी, जल, तेज और वायु––इन चारो भूतों के संयोग से शरीर, जीवात्मा तथा सारा जगत् उत्पन्न होता है। जब चारो महाभूतों के संयोग का नाश हो जाता है तब यह सब भी नष्ट हो जाते हैं। चैतन्य जीवात्मा शरीर व सबके मूल कारण यही चार महाभूत हैं। इन्हीं चारो महाभूतों के संयोग से चैतन्य गुण वाला आत्मा भी उत्पन्न हो जाता है। जिस प्रकार गुड़ महुवा आदि वस्तुएँ पहले से नशा गुण वाली नहीं होती, किन्तु उनमें उसकी शक्ति पहले से ही होती है और जब वे सड़ाई जाती हैं तो उनमें नशा गुण पैदा हो जाता है उसी प्रकार चारो महाभूतों के संयोग से चैतन्य आत्मा उत्पन्न होता है ॥८४॥

**तस्माद् दृष्टपरित्यागाददृष्टे च प्रवर्तनम्।**
**लोकस्य तद्विमूढत्वं चार्वाकाः प्रतिपेदिरे ॥८५॥**

इति स्थिते तदुपदेशपूर्वकमुपसंहारमाह––**तस्मादिति।**

**तस्मादिति पूर्वोक्तानुस्मारणे, पूर्वं तस्मात्ततः कारणाद् दृष्टपरित्यागाद् दृष्टं पेयापेयखाद्याखाद्यगम्यागम्यानुरूपं प्रत्यक्षानुभाव्यं यत्सुखं; तस्य परित्यागाददृष्टे तपश्चरणादिकष्टक्रियासाध्यपरलोकसुखादौ प्रवर्तनं प्रवृत्तिः। चः समुच्चये। यत्तदोर्नैयत्यादर्द्धे यत्सम्बन्धो ज्ञेयः, तल्लोकस्य विमूढत्वमज्ञानत्वं चार्वाकाः लौकायतिकाः प्रतिपेदिरे प्रतिपन्नाः, मूढ़लोका हि विप्रतारकवचनोपन्यासभासितज्ञानाः सांसारिकं सुखं परित्यज्य व्यर्थं स्वर्गं मोक्षपिपासया तपोजपध्यानहोमादिभिरिहत्यं सुखं हस्तगतमुपेक्षन्त इति ॥८५॥**

**अन्वयः**––तस्मात् दृष्टपरित्यागात् अदृष्टे च प्रवर्तनम् चार्वाकाः लोकस्य तत् विमूढत्वम् प्रतिपेदिरे ॥ ८५॥

**सुधा** तस्मात्=ततः कारणात्। दृष्टपरित्यागात्=प्रत्यानुभाव्यं भोग्यं लोकसुखं तं विसर्जनात्। अदृष्टे=परलोके मोक्षे। प्रवर्तनम्=प्रवृत्तो भूत्वा सदाचरणम्। चार्वाकाः=लोकायताः। लोकस्य=धार्मिकानां मुमुक्षुजनानाम्। तत् विमूढत्वम्=अज्ञानत्वं जडत्वं वा। प्रतिपेदिरे=मन्यन्ते ॥८५॥

**पदार्थ**––तस्मात्=उपरोक्त कारणों से। दृष्टपरित्यागात्=सांसारिक विषय-भोगों व सुखों के त्याग से। अदृष्टे च=परोक्ष विषयों––परलोक, स्वर्ग, मोक्षादि में। प्रवर्तनम्=प्रयत्न करना। चार्वाकाः=चार्वाक मतवाले। लोकस्य=धार्मिकों व मुमुक्षुओं का। तत्=उसे। विमूढ़त्वम्=भ्रम, पागलपन व मूर्खता। प्रतिपेदिरे=मानते हैं। चार्वाक मत में सांसारिक विषय-भोगों व सुखों का परित्याग करके पारलौकिक व आध्यात्मिक विषयों में प्रयत्न करना धार्मिकों व मुमुक्षुओं की मूर्खता एवं पागलपन माना गया है ॥८५॥

**भाषाप्रकाश**—जब ईश्वर की सत्ता नहीं है, आत्मा चार महाभूतों के संयोग से बना है, उनका संयोग समाप्त होने पर आत्मा भी समाप्त हो जाता है, एक बार शरीर समाप्त हो जाने पर यह पुनः मिलता नहीं; पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म, परलोक और मोक्ष की सत्ता नहीं है, वे केवल काल्पनिक हैं। ऐसी स्थिति में चार्वाक मत में ऐसे लोग महान् वेवकूफ होते हैं जो सांसारिक भोगों व सुखों का त्याग करके धर्माचरण, योगाभ्यास, भक्ति-साधना के लिए प्रयत्न करते हैं, सदाचार और उपासना का ढोंग बनाते हैं। ऐसे लोग महान् मूर्ख हैं जो प्रत्यक्ष सासांरिक भोगों का त्याग करते हैं और काल्पनिक के लिए प्रयास करते हैं। यतः जिसकी सत्ता ही नहीं, उसके लिए प्रयास भी व्यर्थ है ॥८५॥

**साध्यावृत्तिनिवृत्तिभ्यां या प्रीतिर्जायते जने ।**
**निरर्था सा मता तेषां सा चाकाशात् परा न हि ॥८६॥**

**साध्यस्य मनीषितस्य कस्यचिद्वस्तुन आवृत्तिः प्राप्तिः, कस्यचिद्वस्तुनोऽनभीष्टस्य निवृत्तिरभावः, ताभ्यां जने लोके या प्रीतिर्जायत उत्पद्यते सा तेषां चार्वाकाणां निरर्थिका निरभिप्राया शून्या मताऽभीष्टा भवार्जितपुण्यपापसाध्यं सुखदुःखादिकं सर्वथा न विद्यत इत्यर्थः, सा च प्रीतिराकाशाद् गगनात् परा न, हि यथाऽऽकाशं शून्यं तथैषाऽपि प्रीतिरभावरूपैवेत्यर्थः ॥८६॥**

**अन्वयः**—साध्यावृत्तिनिवृत्तिभ्याम् जने या प्रीतिः जायते सा तेषां मते निरर्था हि सा च आकाशात् परा न ॥८६॥

**सुधा** साध्यावृत्तिनिवृत्तिभ्याम्—साध्ययोः=धर्ममोक्षयोः, आवृत्तिः=प्राप्तिः, लोकसुखस्य निवृत्तिः=परित्यागः, ताभ्याम्। जने=धार्मिकमुमुक्षुलोके, या प्रीतिः=धर्मे मोक्षे च निष्ठा भक्तिः, जायते=समुत्पद्यते, सा=भक्तिः अनुरक्तिः धार्मिकाणां मुमुक्षुणाम्, तेषां=लोकायतानाम्, मते=दर्शने, निरर्था=व्यर्थमेव, हि=यतः, सा=प्रीतिः भक्तिः, आकाशात्=गगनात् नीलरूपात्, परा न=नातिरिक्ता, यथाकाशं तस्य नीलरूपं शून्यं नास्ति किञ्चित् तत्त्वं सत्ता वा तथैव सा प्रीतिरपि निरभिप्राया मन्तव्येति ॥८६॥

**पदार्थ**—साध्यावृत्तिनिवृत्तिभ्याम्=धर्म, पुण्य, स्वर्ग एवं मोक्ष की प्राप्ति एवं लौकिक सुखों तथा भोगों के परित्याग द्वारा। जने=धार्मिक मुमुक्षु लोगों में। या=जो। प्रीतिः=भक्ति निष्ठा। जायते=उत्पन्न होती है। सा=वह भक्ति प्रीति। तेषाम्=लोकायतों चार्वाकों के। मते=दर्शन में। निरर्था=व्यर्थ है। हि=क्योंकि। सा=वह प्रीति व भक्ति। आकाशात्=आकाश व उसके नील रूप के। परा न=अतिरिक्त कुछ नहीं है ॥८६॥



**भाषाप्रकाश**—धर्म, ईश्वर एवं मोक्ष की प्राप्ति तथा सांसारिक सुखों व भोगों के त्याग से धार्मिक मुमुक्ष लोगों में धर्म, ईश्वर व मोक्ष के प्रति भक्ति व प्रीति की भावना है। लोकायत मत में वह आकाश व उसके नीले रूप की भाँति निरर्थक व व्यर्थ है। जिस प्रकार आकाश शून्य है, उसका नीला रूप भ्रम है और उसकी कोई सत्ता नहीं होती उसी प्रकार धर्म व ईश्वर तथा मोक्ष के लिए भक्ति, अनुराग और परलोक में विश्वास भी व्यर्थ व निरभिप्राय हैं। उनकी न कोई सत्ता है, न ही महत्त्व है, वह केवल पागलपन है। वह केवल ऐसी जहरीली अफीम की नशा है, जो जीवन भर उसके सुखों व भोगों से अलग करके मानव जीवन को व्यर्थ बना देता है ॥८६॥

**लोकायतमतेऽप्येवं संक्षेपोऽयं निवेदितः ।**
**अभिधेयतात्पर्यार्थः पर्यालोच्यः सुबुद्धिभिः ॥८७॥**

**इतिश्रीहरिभद्रसूरिकृतः षड्दर्शनसमुच्चयः समाप्तः**

---

उपसंहारमाह—**लोकायतमतेऽप्येवमिति**। एवममुना प्रकारेण लोकायतमतेऽप्ययं संक्षेपो निवेदितः, अपिः समुच्चये, न केवलं परमते, संक्षेप उक्तो लोकायतमतेऽपि।

अथ सर्वदर्शनसम्मतसङ्ग्रहे परस्परकल्पितानल्पविकल्पजल्परूपे निरूपिते किङ्कर्तव्यमूढानां प्राणिनां कर्त्तव्योपदेशमाह—**अभिधेयेति**। **सुबुद्धिभिः** पण्डितैरभिधेयतात्पर्यार्थः पर्यालोच्यः। अभिधेयं कथनीयं मुक्त्यङ्गतया प्रतिपाद्यं यद्दर्शनस्वरूपं तस्य तात्पर्यार्थः सारार्थो विचारणीयः। **सुबुद्धिभिरति**। शुद्धा पक्षपातरहिता बुद्धिर्येषामिति, न तु कदाग्रहग्रहिलैः, यदुक्तम्—

आग्रही बत निनीषति युक्तिं तत्र यत्र मतिरस्य निविष्टा ।
पक्षपातरहितस्य हि तस्य यत्र तत्र मतिरेति निवेशम् ॥ इति ।

दर्शनानां पर्यन्तैकसारूप्येऽपि पृथक् पृथगुपदेष्टव्याद्विमतिसम्भवे विमूढस्य प्राणिनः सर्वस्पृकतया दुर्लभं स्वर्गापवर्गसाधकत्वम्, अतो विमर्शनीयस्तात्त्विकोऽर्थः, यथा च विचारितं चिरन्तनैः।

श्रोतव्यः सौगतो धर्मः कर्त्तव्यः पुनरार्हतः ।
वैदिको व्यवहर्तव्यो ध्यातव्यः परमः शिवः ॥

इत्यादि विमृश्य श्रेयस्करं रहस्यभ्युपगन्तव्यं कुशलमतिभिरिति पर्यन्तश्लोकार्थः ॥८७॥

सप्ताशीतिः श्लोकसूत्रं, टीकामानं विनिश्चितम् ।
सहस्रमेकं द्विशती द्वापञ्चाशदनुष्टुभाम् ॥

**इतिश्रीहरिभद्रसूरिकृतषड्दर्शनसमुच्चये मणिभद्रकृता लघुवृत्तिः समाप्ता**

---

**अन्वयः**—एवं लोकायतमते अपि अयं संक्षेपः निवेदितः । **सुबुद्धिभिः** अभिधेयतात्पर्यार्थः पर्यालोच्यः ॥८७॥

**सुधा**—एवम्=अमुना प्रकारेण । लोकायतमते अपि=चार्वाकदर्शनेऽपि । अयं संक्षेपः=समासः । निवेदितः=कथितः । सुबुद्धिभिः=पण्डितैः शास्त्रतत्त्वज्ञैश्च । अभिधेयतात्पर्यार्थः=प्रतिपाद्यसारार्थः । पर्य्यालोच्यः=परितः विचारणीयः समालोच्यः । शुद्धा पापरहिता बुद्धिर्येषा तैः विचक्षणैः विमर्शनीयः तात्त्विकोऽर्थः । यथा च विचारितं चिरन्तनैः

श्रोतव्यं श्रुतिवाक्येभ्यो मन्तव्यश्चोपपत्तितः ।
मत्वा च सततं ध्येय एते दर्शनहेतवः ॥
श्रोतव्यः सौगतो धर्मः कर्तव्यः पुनरार्हतः ।
वैदिको व्यवहर्तव्यो ध्यातव्यः परमः शिवः ॥

× × ×

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥
द्विसहस्रअष्टाविंशतितमे वैक्रमाब्दे महादिने ।
चैत्रशुक्लद्वितीयायां सुधाव्याख्या समाप्यते ॥
सरय्वाश्चोत्तरे तीरे गोनर्दो जनपदो महान् ।
गोण्डानाम्ना समाख्यातः अवतारो यत्र सूकरः ॥
शेषावतारो पतञ्जलिः जमदग्निः पराशरः ।
बभूवुः ऋषयश्चान्ये ज्ञानविज्ञानसाधकाः ॥
आसीत् जनपदे राजा देवीवक्शः प्रतापवान् ।
गौराङ्गं समरं कृत्वा महावीरः तिरोहितः ॥
गवहानीनाम्ना ख्यातः ग्रामः तस्मिन् जनपदे ।
स्थितोऽस्ति कुटिलातीरे गोहानिर्यत्र न विद्यते ॥



तस्मिन्नेव ग्रामे हि त्रिफलापाण्डेयवंशजः ।
आसीत् सर्वसुखनाम्ना तपस्वी ज्ञानवान् द्विजः ॥
तस्यात्मजः देवदत्तः मुन्नानाम्ना तदात्मजः ।
तस्य पुत्रः मनिकरामः आसन् धीराः सुधार्मिकाः ॥
मनिकरामस्य पुत्रोऽहं रुद्रप्रकाशेति विश्रुतः ।
जननी मे च शिवपाली सती साध्वी दिवङ्गता ॥
अधीत्य वेदवेदाङ्गानि दर्शनशास्त्राणि मूलतः ।
पण्डितैः पदवी प्राप्ता मया दर्शनकेसरी ॥
संस्कृतसुधा कृता व्याख्या षड्दर्शनसमुच्चये ।
भाषाप्रकाशहिन्द्यां च विशद्व्याख्या कृता मया ॥८७॥

**पदार्थ**—एवम्=इस प्रकार । लोकायतमते=चार्वाकमत में । अपि=भी । अयम्=यह । संक्षेपः=संक्षिप्त वर्णन । निवेदितः=किया गया । सुबुद्धिभिः=बुद्धिमान शास्त्रज्ञों द्वारा । अभिधेयतात्पर्यार्थः=दर्शन के यथार्थ स्वरूप का । पर्यालोच्यः=समालोचनापूर्वक विचार करना चाहिए ॥८७॥

**भाषाप्रकाश**—इस प्रकार बौद्ध, न्याय, सांख्य, जैन, जैमिनीय और वैशेषिक दर्शनों के अतिरिक्त लोकायत मत का भी संक्षिप्त वर्णन किया गया। लोकायत में चार्वाक के अतिरिक्त भी विचारक हुए हैं; जैसे—अजितकेश, कम्बल, मक्खलिगोशाल, पूर्णकाश्यप, प्रक्रुद्ध कात्यायन आदि । अजितकेश दान, यज्ञ, हवन आदि को निष्फल मानते थे । उनके मत में पाप-पुण्य का कोई फल नहीं, माता पिता नहीं, उनके प्रति कोई धर्म नहीं । सत्यासद कोई श्रमण नहीं; मनुष्य चार भूतों का बना पिण्डमात्र है, उनके संयोग के समाप्त होने पर मरने के बाद कुछ नहीं । अजितकेश का विचार था कि दान-पुण्य का उपदेश मूर्ख लोग करते हैं । आस्तिकवाद झूठा है । मक्खलिगोशाल के मत में प्राणियों के क्लेश का कोई कारण नहीं है, विना कारण के ही प्राणी दुःखी होते हैं, विशुद्धि का भी कोई कारण नहीं है और विना कारण के ही विशुद्धि होती है । बल नहीं, वीर्य नहीं, पराक्रम नहीं, सभी प्राणी नियति के वशीभूत होकर सुख-दुःख का अनुभव करते हैं । संसार में सब कुछ नियति के द्वारा ही होता है । पूर्णकाश्यप के मत में अच्छे-बुरे कर्म निष्फल हैं । दुष्कर्म करने, हिंसा, चोरी, डकैती करने, परस्त्री-गमन करने, झूठ बोलने में कोई पाप नहीं है । यज्ञ, दान करने से कोई पुण्य नहीं होता । प्रक्रुद्ध कात्यायन के मत में सब वस्तुएँ अचल हैं, नित्य हैं । कोई कर्म किसी भी स्थिति में परिवर्तन नहीं कर सकता है; अतः कर्म करना निष्फल है । संसार का मूल तत्त्व एक है, उसका कोई स्पर्श नहीं कर सकता । यह सभी मत लोकयत मत के अन्तर्गत ही हैं । चार्वाक इस मत में प्रमुख था, इसीलिए इस मत को चार्वाक दर्शन कहते हैं ।

अनेक दर्शनसिद्धान्तों का अवलोकन व अध्ययन करके मानव बुद्धि का भ्रमित हो जाना स्वाभाविक बात है, किन्तु ग्रन्थकार अत्यन्त उदारवादी विद्वान् थे । इसीलिए कारिका के अन्त में निर्देश दिया कि विद्वानों को चाहिए कि विभिन्न मतों व सिद्धान्तों की समीक्षा करते हुए परम सत्य का अनुसन्धान व निर्णय करें । सत्यासत्य-विवेक के आधार पर सभी मतों में समन्वय की भावना से परम सत्य सिद्धान्तों का निर्णय करें । सत्य का ग्रहण एवं असत्य का परित्याग करना चाहिए । अतः विभिन्न मतों व सिद्धान्तों की समीक्षा करके सत्य का निर्णय करना चाहिए । विद्वान् का सबसे बड़ा कर्तव्य यह है कि वह विभिन्न मतों व सिद्धान्तों की पूर्ण जानकारी करके सत्य पर शोध व अनुसन्धान करे ।

सभी दर्शनों के मतों व सिद्धान्तों का अध्ययन व मनन करने पर वस्तुतः दो ही मत सामने आते हैं—१. आस्तिक व २. नास्तिक । न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, मीमांसा और वेदान्त— ये छः दर्शन आस्तिक व वैदिक दर्शन हैं, जिनमें भौतिक तत्त्वज्ञान से लेकर ब्रह्मज्ञानपर्यन्त विचार व निर्णय हैं । वैदिक दर्शन अत्यन्त प्राचीन हैं । गौतम, कणाद, कपिल, पतञ्जलि, जैमिनि एवं वेदव्यास द्वारा ये बनाए हुए हैं । उनमें वेदों के आधार व मर्यादा का परित्याग नहीं किया गया है । वैदिक ज्ञान-विज्ञान व अध्यात्म ज्ञान का विकास वैदिक दर्शनों में है । जैन एवं बौद्ध दर्शन आस्तिक एवं अवैदिक दर्शन हैं । पूर्वतीर्थङ्करों व महावीर स्वामी के उपदेशों के आधार पर आधारित जैन दर्शन है । बौद्ध दर्शन के आधार गौतमबुद्ध के उपदेश हैं । जैन एवं बौद्ध आस्तिक होते हुए भी अवैदिक हैं । बौद्ध दर्शन के चार सम्प्रदाय हैं —१. माध्यमिक, २. योगाचार, ३. सौत्रान्तिक और ४. वैभाषिक ।

लोकायत मत पूर्णतया नास्तिक मत है । चार्वाक अथवा लोकायत को मत कहा जा सकता है, दर्शन नहीं । सूक्ष्म बुद्धि से अथवा अलौकिक प्रत्यक्ष द्वारा पदार्थज्ञान व आत्मज्ञान ही दर्शन है । लोकायत मत में न तो सूक्ष्म बुद्धि है और न ही अलौकिक प्रत्यक्ष । इसमें केवल सामान्य स्थूल बुद्धि की तर्क व युक्तियाँ है एवं अध्यात्म विज्ञान व धर्म के प्रति विद्रोह व प्रतिक्रिया है । इसमें केवल प्रत्यक्ष प्रमाण की ही मान्यता है और सांसारिक सुख व भोगों को भोगने की उत्कट लालसा है ।

लोकायतमत में अनुमान व शब्द प्रमाण को न मानना, पदार्थों में आकाश तत्त्व को भी न मानना लोकायत मत के चिन्तकों के बौद्धिक दिवालिएपन का लक्षण है । लोकायत अथवा चार्वाक मत के मुख्य हेतु चार हैं—१. बौद्धिक व तार्कि कुण्ठा तथा अशक्तता, २. सांसारिक भोगों में आसक्ति व उनकी लालसा, ३. धर्म व अध्यात्म के प्रति द्वेष व विद्रोह तथा ४. अनैतिकता एवं दानवी मनोवृत्तियाँ व आसुरी सम्पत्तियाँ । लोकायत मत में सर्वत्र बौद्धिक एवं तार्किक कुण्ठा व असमर्थता है ।



लोकायत मत के विचारक व माननेवाले दया के पात्र हैं, उनके पास बस इतनी ही तर्क व बुद्धि है कि जो कुछ वह इन्द्रियों से अनुभव करते हैं उतना ही उनके लिए प्रमाण है । उनका तर्क व अनुभव पृथ्वी, जल, तेज एवं वायु तक ही पहुँचता है । आकाश भी उनसे छूट जाता है और वे वहीं से वापस चले आते हैं । आगे जाने का सामर्थ्य उनमें नहीं है । अनुमान तो पशुओं में भी होता है और बहुत-सा कार्य वे अनुमान के आधार पर ही करते हैं, जिसे देख कर हम भी चकित हो जाते हैं, किन्तु इन लोकायत मत वालों के पास पशुओं जितनी भी बुद्धि नहीं है । फिर बुद्धि के अभाव में अनुमान कहाँ से हो ? शब्द प्रमाण की तो बात ही क्या है । इनमें न तो कोई आप्त है और न ही यथार्थ वक्ता, बल्कि सब के सब आँख के अन्धे और गाँठ के पूरे हैं । जब अलौकिक प्रत्यक्ष की क्षमता ही इनमें नहीं है तो फिर ये किस बात का शब्द प्रमाण मानें ? हाँ, इतना तो अवश्य है कि लोकव्यवहार में भी, जो कि इनके प्रत्यक्ष प्रमाण के अन्तर्गत है जो आँखों से देखते होंगे वही उतना मानते होंगे; उसके अतिरिक्त किसी के कहने-सुनने से ये कुछ भी नहीं मानते होंगे । न तो इन्हें इतिहास मान्य होना चाहिए और न ही भूगोल; क्योंकि जब इतिहास की घटनाओं को स्वयं देखा ही नहीं तब किसी के कहने से मानने का कोई औचित्य भी नहीं । ऐसा करने से तो वह शब्द प्रमाण का आधार हो जायगा । इनके मत में बच्चों को भूगोल वही अध्यापक पढ़ा सकता है जिसने सारे संसार का भ्रमण करके स्वयं अपनी आखों से सब-कुछ देखा हो और विद्यार्थी भी उसे तभी मान सकते हैं जबकि वे स्वयं जाकर दुनियाँ को अपनी आँखों से देख लें, अन्यथा शब्द प्रमाण को मानना पड़ेगा और ऐसा करने से तो लोकायत मत की लुटिया ही डूब जायगी । शब्द प्रमाण को न मानने के कारण लोकायत मत में न तो किसी को माता माना जा सकता है और न ही पिता; क्योंकि उनकी संभोग क्रिया व गर्भाधान को तो आखों से देखा नहीं और न ही किसी के कहने से वह मानना है, क्योंकि शब्द प्रमाण को वे मानते नहीं । जब माता-पिता ही नहीं तो भाई, बहन, नाना, बाबा, मामा आदि सभी सम्बन्धी स्वयमेव समाप्त हो गए । उनके मत में मानना है तो केवल लोकायत मत की बकवास करने वाले गुरुओं को, जिनके पेट उनके शिष्य भरें, उन्हें रोटी-कपड़ा दें, मकान दें, भोगसामग्री दें । वे धर्म को मानते नहीं, इसलिए किसी के पति-पत्नी होने की भी बाधा नहीं; गुरु ने यदि माँगा तो शिष्य बहन और बेटी को भी लाकर भोगराग के लिए उपस्थित कर देगा । वाह रे बुद्धि के दिवालिए लोकायत मत वालों ! तुम्हारे अनुमान व शब्द प्रमाण के न मानने से ही इतना बड़ा झंझट खड़ा हो गया और इतिहास, भूगोल, विज्ञान, खगोल आदि विद्याएँ भी तुम्हारे हाथों से निकल गयीं । तुम्हारे प्रत्यक्ष प्रमाण के सामने पढ़ाई-

लिखाई सब झूठे हैं; माता-पिता, भाई-बहन आदि सम्बन्ध भी तुमने समाप्त कर दिए। अब बचा क्या है ? तुमने मनुष्य को पशुता से भी तुच्छ स्थिति में पहुँचा दिया। इससे बढ़ करके बुद्धि की कमी व तर्क की असमर्थता और क्या होगी ? क्योंकि तर्क तो अनुमान व शब्द के बिना हो ही नहीं सकता। उस तर्क को तो तुमने पहले ही छान-घोंट करके पी लिया। वस्तुतः लोकायत मत तुम्हारे नशे में चूर रहने की स्थिति का चिन्तन है, जिसे किसी बेहोश अथवा पागल के बकवास के अतिरिक्त और कुछ नहीं कहा जा सकता। स्वयं नशा खा करके संसार को क्यों भ्रम में डाल रहे हो ?

सासारिक भोगों में आसक्त एवं अनुरक्त होने के कारण ही लोकायत मत ने भोग के नशे में ईश्वर, धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य सबका खण्डन कर डाला। इस मत ने जब लोक का ही खण्डन कर डाला तो परलोक की बात कौन करे। "भोगैश्वर्यप्रसक्तानां धर्मज्ञानं न विधीयते" अर्थात् जिस मनुष्य का मन भोग और ऐश्वर्य के नशे में डूबा है उसे ईश्वर, धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य का ज्ञान कदापि नहीं हो सकता; क्योंकि उसकी बुद्धि तो तमोगुण के प्रभाव से आच्छादित है। वह अन्धे के समान है; अतः उसके लिए न ईश्वर है, न धर्म है, न अधर्म है, न पाप है, न पुण्य। यदि वह ईश्वर को मानेगा तो फिर वह स्वयं कैसे ईश्वर बन सकेगा ? यदि धर्म-अधर्म, पाप, और पुण्य को भी मान लेगा तब माता-बहन-लड़की के साथ व्यभिचार कैसे करेगा ? बिना श्रम किए ही दूसरों की वस्तुओं को चोरी-डकैती करके प्राप्त कैसे करेगा ? मदिरा मांस का सेवन कैसे कर सकेगा ? अतः अधाधुन्ध सांसारिक भोग की लालसा में ईश्वर एवं धर्म का खण्डन करके उसकी बाधा मिटाते हुए उसने लोकायतमत की कल्पना कर डाली। लोकायत मत के आधार पर कोई सरकार व कानून भी नहीं होना चाहिए; क्योंकि यह सब भी मनमानी भोगवाद में बाधक एवं व्यर्थ हैं। धर्म और अध्यात्म भोगवाद में बाधक हैं, इसलिए उनका भी खण्डन करना आवश्यक व स्वाभाविक है। इसीलिए लोकायत मत में धर्म व अध्यात्म के प्रति द्वेष व विद्रोह है। लोकयत मत मानता है कि शरीर और भोग क्षणभंगुर हैं। धर्म और अध्यात्म विज्ञान में शरीर और भोग की क्षणभंगुरता को सिद्ध करके उनको छोड़ने की प्रेरणा दी जाती है, जबकि लोकायतमत में उनको भोगने के लिए आतुरता की प्रेरणा है।

लोकायत मत वाले "भोगा न भुक्ता वयमेव भुक्ता" अर्थात् "भोगों को नहीं भोगा बल्कि भोगों ने हमीं को भोग करके जर्जर कर दिया" का सिद्धान्त मानते हैं। लोकायत का तत्त्वज्ञान भी बड़ा विचित्र है। चारो भूतों के संयोग से चैतन्यात्मा ठीक उसी प्रकार बन जाता है जैसे महुआ को सड़ा करके शराब बनता है। उन भूतों के वियोग से चैतन्य सदा के लिए समाप्त हो जाता है। लोकायत



मत वालों के शरीर में चार आत्माएँ है—पृथ्वी, जल तेज और वायु की। इन्होंने आपस में विचार किया कि चारो मिल कर शरीर व चैतन्य बन करके भोगों को भोगा जाय। ऐसी स्थिति में यदि लोकायत मत वालों की पिटाई की जाय तो चारो आत्माएँ अलग-अलग चिल्लाना शुरु कर देंगी; अतः चारो के मिले पिण्ड व लोकायत मत वालों को चौपटानाथ कहा जाय तो कोई अनुचित न होगा।

लोकायत मत अनैतिकता एवं आसुरी प्रवृत्ति को जन्म देता है, जिससे समाज का सांसारिक, भौतिक व व्यावहारिक जीवन अत्यन्त दुःखद, अव्यवस्थित, कलहपूर्ण व उद्देश्यविहीन हो जाता है। संसार में हिरण्यकश्यप, हिरण्याक्ष, रावण, कंस, सम्राट सिकन्दर आदि लोकायत मत के ही अनुयायी व उपहारस्वरूप थे, जिनके मरने के बाद ही जनता ने चैन की सांस ली और उनको मारने वालों को भगवान् मान करके पूजना शुरु किया। इस प्रकार लोकायत मत आसुरी मत है, जिसके तर्क व मानव जीवन के दृष्टिकोण मनुष्य को मानव से दानव बनाते हैं। धर्म की आड़ में ढोंग और अन्धविश्वास के द्वारा भोग एवं ऐश्वर्य का सुख लेने वाले मठाधीश आज के प्रच्छन्न लोकायत हैं, जो कि लोकायत मत से भी अधिक भयंकर अपराधी हैं वे ही एवं लोकायत मत के सच्चे जनक हैं ॥८७॥

**इतिश्रीहरिभद्रसूरिकृतषड्दर्शसमुच्चये आचार्यरुद्रप्रकाशदर्शनकेसरिकृत-सुधासंस्कृतव्याख्यासमन्वितभाषाप्रकाशव्याख्या समाप्ता**

तेन निवृत्तप्रसवामर्थवशात्सप्तरूपविनिवृत्ताम् ।
प्रकृतिं पश्यति पुरुष प्रेक्षकवदवस्थितः सुस्थः ।।

अर्थात् विवेकी पुरुष दर्शक की भाँति सातों विकृतियों सहित मुक्त हुई प्रकृति को स्वस्थ भाव से देखता है और जीवन्मुक्त रूप में जीवित रहता है ।

दृष्टामयेत्युपेक्षक एको दृष्टाहमित्युपरमत्यन्या ।
सति संयोगेऽपि तयोः प्रयोजनं नास्ति सर्गस्य ।।

पुरुष प्रकृति की उपेक्षा करता है कि मैंने इसे देख लिया और प्रकृति पुरुष से मुक्त एवं निवृत्त हो जाती है कि मैं देख ली गई; अतः दोनों का संयोग रहने पर भी पुरुष के लिए सृष्टि करने का कोई प्रयोजन नहीं रह जाता; फलतः वह मुक्त रहता हुआ भी जीवित रहता है और साक्षीरूप में प्रकृति को देखता रहता है ।

सांख्यमत में तीन प्रमाण माने गए हैं--प्रत्यक्ष, अनुमान एवं शब्द । इन्द्रियों से साक्षात्कार जिससे हो वह प्रत्यक्ष है । केवल चिह्न को देखकर विषय का ज्ञान कर लेना अनुमान है एवं आप्त अर्थात् जिन्होंने यथार्थ रूप में साक्षात्कार करके अपने अनुभव का यथार्थ प्रवचन किया, वह शब्द प्रमाण है । शब्द प्रमाण में सांख्यशास्त्र ने वेदों को प्रमाण माना है और वेदों में भी सांख्यशास्त्र का सिद्धान्त विद्यमान है। अनेक श्रुतियाँ सांख्यशास्त्र के सिद्धान्तों का प्रतिपादन करती हैं, अतः सांख्य सिद्धान्त का बीज वेदों में निहित है और महर्षि कपिल ने भी वेदों को प्रमाणरूप में मान्य किया है ।। ४३ ।।

## [जैनमतम्]

**भाषाप्रकाश**—नव तत्त्वों का ज्ञान हो जाने पर संसार के प्रति दृढ वैराग्य एवं मोक्ष के प्रति दृढ़ विश्वास जब परिपक्व हो जाता है तो सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान एवं सम्यक् अहिंसादि चरित्र उसमें आ जाते हैं, जिसके फलस्वरूप वह मोक्ष के योग्य व उसका अधिकारी हो जाता है । मोक्ष का अधिकारी वही व्यक्ति हो सकता है जिसकी दृष्टि ज्ञानमय हो गई हो । ऐसा व्यक्ति सारे संसार को प्रज्ञापूर्वक देखता है और अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह को अपने चरित्र में आत्मसात कर लेता है । कहा भी गया है—

सुबह्वपि श्रुतमधीतं किं करिष्यति चरणविप्रयुक्तस्य ।
अन्धस्य यथा प्रदीपा दीपशतसहस्रकोटिरपि ॥

बहुत उपदेश सुनने व बहुत शास्त्र पढ़ने से क्या होता है, यदि चरित्र ही ठीक नहीं है । वह श्रवण व अध्ययन विना चरित्रशुद्धि के ठीक वैसे ही व्यर्थ हैं जैसे अन्धे मनुष्य के सामने सैकड़ों, हजारों व लाखों दीपक जला करके रख दिया जाय, फिर भी वह देख नहीं सकता है । कहा भी गया है कि—

ज्ञानं चरित्रहीनं लिङ्गग्रहणं च दर्शनविहीनम् ।
संयमहीनं च तपः यश्चरति निरर्थकं तस्य ॥

अर्थात् चरित्र के विना ज्ञान, ज्ञानदृष्टि के विना लक्षण एवं संयम के विना तप जो करता है वह सब व्यर्थ है । ''ज्ञानं भारः क्रियां विना'' अर्थात् चरित्र के विना ज्ञान भारस्वरूप होता है । दार्शनिक दृष्टि व सूक्ष्म विवेक के विना लक्षण करना भी व्यर्थ होता है । यदि तप किया जाय, लेकिन मन एवं इन्द्रियों तथा दिनचर्या पर संयम न हो तो वह तप करना व्यर्थ है, उसका कोई फल नहीं होता ॥५४॥

**प्रत्यक्षं च परोक्षं च द्वे प्रमाणे तथा मते ।**
**अनन्तधर्मकं वस्तु प्रमाणविषयस्त्विह ॥५५॥**

**प्रमाणे आह—प्रत्यक्षमित्यादिना ।**

तथेति प्रस्तुतमतानुसन्धाने, द्वे प्रमाणे मते अभिमते, के ते इत्याह—त्यक्षं च परोक्षं चेति । अश्नुतेऽक्ष्णोति वा व्याप्नोति सकलद्रव्यक्षेत्रकाल-ावानित्यक्षो जीवोऽश्नुते विषयमित्यक्षमिन्द्रियं च, अक्षमक्षं प्रतिगतं प्रत्यक्ष-न्द्रियाण्याश्रित्य व्यवहारसाधकं यज्ज्ञानमुत्पद्यते तत् प्रत्यक्षमित्यर्थः । वधिमनःपर्यायकेवलज्ञानानि तद्भेदाश्च प्रत्यक्षमेव, अत एव सांव्यवहारि-

कपारमार्थिकैन्द्रियिकातीन्द्रियिकादयो भेदा अनुमानादधिकज्ञानविशेषप्रकाशकत्वादत्रैवान्तर्भवन्ति ।

**परोक्षं चेति** । अक्षाणां परं परोक्षम्, अक्षेभ्यः परतो वर्तत इति वा, परेणेन्द्रियादिना वीक्ष्यते परोक्षं स्मरणप्रत्यभिज्ञानतर्कानुमानागमभेदम्, अमुयैव भङ्ग्या मतिश्रुतज्ञाने अपि परोक्षमेवेति द्वे प्रमाणे ।

प्रमाणमुक्त्वा तद्गोचरमाह — तु पुनः, इह जिनमते, प्रमाणविषयः प्रमाणयोः प्रत्यक्षपरोक्षयोर्विषयो गोचरो ज्ञेय इत्यध्याहारः ।

किं तदित्याशङ्कायामनन्तधर्मकं वस्त्विति । वस्तुतत्त्वं पदार्थस्वरूपं किंविशिष्टम् ? अनन्तधर्मकम् अनन्तास्त्रिकालविषयत्वादपरिमिता ये धर्माः सहभाविनः क्रमभाविनश्च पर्याया यत्रेति, अनेन साधनमपि दर्शितं, तथाहि — सत्त्वमिति धर्मि; अनन्तधर्मात्मकत्वं साध्यो धर्मः, सत्त्वान्यथाऽनुपपत्तेरिति हेतुः, अन्यथाऽनुपपत्त्येकलक्षणत्वाद्धेतोरन्तर्व्याप्त्यैव साध्यस्य सिद्धत्वाद् दृष्टान्तादिभिर्न प्रयोजनं, यदनन्तधर्मकं न भवति तत् सदपि न भवति यथा वियदिन्दीवरमिति केवलव्यतिरेकी हेतुः, साधर्म्यदृष्टान्तानां पक्षकुक्षिनिक्षिप्तत्वेनान्वयायोगात् ।

अनन्तधर्मात्मकत्वं चात्मनि तावत्साकारानाकारोपयोगिता कर्तृत्वं भोक्तृत्वं प्रदेशाष्टकनिश्चलताऽमूर्तत्वमसङ्ख्यातप्रदेशात्मकता जीवत्वमित्यादयः सहभाविनो धर्माः, हर्षविषादशोकसुखदुःखदेवनारकतिर्यङ्नरत्वादयस्तु क्रमभाविनः, धर्मास्तिकायादिष्वप्यसङ्ख्येयप्रदेशात्मकत्वं गत्याद्युपग्रहकारित्वं मत्यादिज्ञानविषयत्वं तत्तदवच्छेदकावच्छेद्यत्वमवस्थितत्वमरूपित्वमेकद्रव्यत्वं निष्क्रियत्वमित्यादयः, घटे पुनरामत्वं पाकजरूपादिमत्त्वं पृथुबुध्नोदरकम्बुग्रीवत्वं जलादिधारणहरणसामर्थ्यं मत्यादिज्ञानविषयत्वं नवत्वं पुराणत्वमित्यादयः ।

एवं सर्वपदार्थेषु नानानयमताभिज्ञेन शाब्दानार्थांश्च पर्यायान् प्रतीत्य वाच्यशब्देष्वप्युदात्तानुदात्तस्वरितविवृतसंवृतघोषनादाघोषाल्पप्राणमहाप्राणताऽऽदयः तत्तदर्थप्रत्यायनशक्त्यादयश्चावसेयाः ।

अस्य हेतोरनेकान्तप्रचण्डमुद्गराघातदलितशक्तित्वेनासिद्धविरुद्धानैकान्तिकत्वादीनां कण्टकानामनवकाश एवेत्येवंविधपर्यायात्यन्तसुभगं वस्तु जिनशासने प्रमाणविषय इत्यर्थः ॥५५॥

**अन्वयः** — तथा प्रत्यक्षं च परोक्षं च द्वे प्रमाणे मते । तु इह अनन्तधर्मकं वस्तु प्रमाणविषयः ॥५५॥



**सुधा** — तथा=जैनदर्शने, प्रत्यक्षम् — अक्षं अक्षं प्रति गतं प्रत्यक्षमिन्द्रियाण्याश्रित्य व्यवहारसाधकं यत् ज्ञानमुत्पद्यते तत् प्रत्यक्षमित्यर्थः । इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानमित्यर्थः । च=अपि, परोक्षम् — अक्षाणां परं परोक्षम्, अक्षेभ्यः परतो वर्तत इत्यर्थः, परेणेन्द्रियादिना परोक्षम् अतीन्द्रियमित्यर्थः । च=एवम्, प्रमाणे द्वे मते=अभिमते । तु इह=जैनमते । अनन्तधर्मकं वस्तु=अनन्तास्त्रिकालविषयत्वादपरिमिता ये धर्माः सहभाविनः क्रमभाविनश्च यत्रेति, यथात्मनि कर्तृत्वं भोक्तृत्वं प्रदेशाष्टकनिश्चलताऽमूर्तत्वमसङ्ख्यातप्रदेशात्मकता जीवत्वमित्यादयः सहभाविनो धर्माः हर्षविषादशोकसुखदुःखदेवनारकतिर्यङ्नरत्वादयः क्रमभाविनः । तु इह=जैनदर्शने, प्रमाणविषयः=प्रत्यक्षं परोक्षं च । यत्किमपि ग्राह्य मूर्तामूर्तं व्यक्ताव्यक्तं तत्सर्वं अनन्तधर्मण्येवावगन्तव्यम् ॥५५॥

**पदार्थ** — तथा=और । प्रत्यक्षम्=इन्द्रियों से ग्रहण किया जाने वाला । च=भी । परोक्षम्=अतीन्द्रिय । च=भी । द्वे=दो । प्रमाणे=प्रमाण । मते=माना गया है । तु इह=और जैन दर्शन में । अनन्तधर्मकं वस्तु=अनन्त धर्म गुण कर्म वाला जगत् एवं अव्यक्त परसत्ता । प्रमाणविषयं=दोनों प्रमाणों के विषय हैं ॥५५॥

**भाषाप्रकाश** — जैनमत में दो प्रमाण माने गए हैं — १. प्रत्यक्ष एवं २. परोक्ष । प्रत्यक्ष प्रमाण वह है जिससे इन्द्रियों के द्वारा साक्षात्कार करके वस्तुतत्त्व की सिद्धि की जाती है । देख करके, छू करके, चख करके, सुन करके, सूंघ करके जो विषय का ग्रहण किया जाय वह प्रत्यक्ष होता है । जो प्रत्यक्ष न हो, बल्कि अनुमान द्वारा जिसका अतीन्द्रिय साक्षात्कार किया जाय वह परोक्ष होता है ।

अनन्त धर्म व स्वरूप वाला सम्पूर्ण जगत् इन दोनों का प्रमाण विषय है । समस्त संसार प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप में अनन्त धर्म वाला है । कुछ सहभावी धर्म होते हैं, जो वस्तु के साथ स्वाभाविक रूप में रहते हैं; जैसे आत्मा में ज्ञातृत्व, कर्तृत्व, भोक्तृत्व आदि । कुछ क्रमभावी होते हैं; जो नैमित्तिकरूप में रहते हैं जैसे — सुख-दुःख, स्वर्ग-नरक, आदि । सहभावी धर्म एवं क्रमभावी धर्म सभी प्रमाण के विषय होते हैं । कुछ प्रत्यक्ष द्वारा ज्ञेय होते हैं तो कुछ परोक्ष प्रमाण द्वारा ॥५५॥

**अपरोक्षतयाऽर्थस्य ग्राहकं ज्ञानमीदृशम् ।**
**प्रत्यक्षमितरज् ज्ञेयं परोक्षं ग्रहणेक्षया ॥५६॥**

लक्ष्यनिर्देशं कृत्वा लक्षणमाह — अपरोक्षतयेति ।

तत्र प्रत्यक्षमिति लक्ष्यनिर्देशः, अपरोक्षतयाऽर्थस्य ग्राहकं ज्ञानमीदृशमिति लक्षणनिर्देशः, परोक्षोऽक्षगोचरातीतः, ततोऽन्योऽपरोक्षस्तद्भावस्तत्ता तया साक्षात्कृततयेति यावद्, अर्थ्यत इत्यर्थो गम्यत इति हृदयम्, अर्थ्यत

इति वाऽर्थो दाहपाकाद्यर्थक्रियार्ऽथिभिरभिलष्यत इति, तस्य ग्राहकं व्यवसायात्मकतया परिच्छेदकं स्रज् ज्ञानं तदीदृशमिति; ईदृगेव प्रत्यक्षमिति संटङ्कः, अपरोक्षतयेत्यनेन परोक्षलक्षणसङ्कीर्णतामध्यक्षस्य परिहरति, तस्यासाक्षात्कारितयाऽर्थग्रहणरूपत्वादिति, ईदृशमिति । अमुना तु पूर्वोक्तन्यायात्सावधारणत्वेन विशेषणकदम्बसचिवलक्षणज्ञानोपदर्शनात्परपरिकल्पितस्य युक्तेरयं प्रत्यक्षतां प्रतिक्षिपति ।

एवं च यदाहुः—'इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानमव्यपदेश्यमव्यभिचारि व्यवसायात्मकं प्रत्यक्षम्', तथा 'सत्संप्रयोगे पुरुषस्येन्द्रियाणां बुद्धिजन्म तत्प्रत्यक्षमि'त्यादि, तदयुक्तमित्युक्तं भवति, अपूर्वप्रादुर्भावस्य प्रमाणबाधितत्वादत्यन्तासतां शशविषाणादीनामप्युत्पत्तिप्रसङ्गात्, तस्मादिदमात्मरूपतयाविद्यमानमेव विशेषकृद्धेतुकलापसन्निधानात्साक्षादर्थग्रहणपरिणामरूपतया निर्वर्त्तते, तथा चोत्पन्नजन्मरूपादिविशेषणं न संभवेद्, अथैवंविधार्थसूचकमेवैतदित्याचक्षीथास्तथा सत्यविज्ञानमेवेत्यास्तां तावत् ।

अधुना परोक्षलक्षणं दर्शयति—इतरदित्यादि । अपरोक्षतयाऽर्थस्य ग्राहकं ज्ञानं प्रत्यक्षमुक्तम्, तस्मादितरदसाक्षादर्थग्राहकं ज्ञानं परोक्षमिति ज्ञेयमवगन्तव्यम्, तदपि स्वसंवेदनापेक्षतया प्रत्यक्षमेव, बहिरर्थापेक्षतया तु परोक्षव्यपदेशमश्नुत इति दर्शयन्नाह—ग्रहणेक्षयेति । इह ग्रहणं प्रक्रमाद्बहिः प्रवर्तनमुच्यते, अन्यथा विशेषणवैयर्थ्यात्तस्येक्षाऽपेक्षा या बहिः प्रवृत्तिपर्यालोचनयेति यावत्, तदयमर्थो यद्यपि स्वयं प्रत्यक्ष तथाऽपि लिङ्गशब्दादिद्वारेण बहिर्विषयग्रहणेऽसाक्षात्कारितया व्याप्रियत इति परोक्षमित्युच्यत इत्यर्थः ॥५६॥

**अन्वयः**—अपरोक्षतया अर्थस्य ग्राहकं ईदृशं ज्ञानं प्रत्यक्षम् । ग्रहणेक्षया इतरत् परोक्षं ज्ञेयम् ॥५६॥

**सुधा**—अपरोक्षतया—परोक्षः=अक्षगोचरातीतः, ततोऽन्योऽपरोक्षस्तद्भावस्तथा तया साक्षात्कृततया । अर्थस्य=विषयस्य । ग्राहकं=व्यवसायात्मकतया परिच्छेदकं ज्ञानम् । ईदृशम्=एवंप्रकारकम्, ज्ञानं=प्रमाणं, प्रत्यक्षं=प्रत्यक्ष प्रमाणमिति । ग्रहणेक्षया=ज्ञानापेक्षतया, इतरत्=अन्यः, परोक्षं=प्रत्यक्षाद्भिन्नमगोचरमित्यर्थः । ज्ञेयं=ज्ञातव्यम् ॥५६॥

**पदार्थ**—अपरोक्षतया=परोक्ष न होने के कारण, प्रत्यक्ष रूप से । अर्थस्य=बिषय का । ग्राहकं=ग्रहण कराने वाला । ईदृशम्=इस प्रकार का । ज्ञानं=प्रमाण । प्रत्यक्षं=प्रत्यक्ष होता है । ग्रहणेक्षया इतरत्=प्रत्यक्ष से भिन्न अतीन्द्रिय । परोक्षं=परोक्षप्रमाण । ज्ञेयम्=जानना चाहिए ॥५६॥



**भाषाप्रकाश**—अपरोक्ष रूप में विषयों का ग्रहण कराने वाला ज्ञान प्रत्यक्ष है । इन्द्रिय और विषयों के मेल से उत्पन्न होने वाला जो निश्चयात्मक ज्ञान होता है वही प्रत्यक्ष कहलाता है । आँख, नाक, कान, जिह्वा, त्वचा से जो ज्ञान साक्षात् प्राप्त किया जाता है वह प्रत्यक्ष कहलाता है । आँख और रूप के सम्बन्ध से देखना, नाक और गन्ध के सम्बन्ध से सूंघना, कान और शब्द के सम्बन्ध से सुनना, जिह्वा और रस के सम्बन्ध से चखना एवं त्वचा और स्पर्श के सम्बन्ध से छू करके जो ज्ञान प्राप्त होता है वह प्रत्यक्ष होता है ।

प्रत्यक्ष से भिन्न अतीन्द्रिय ज्ञान परोक्ष है । अनुमान एवं शब्द दोनों ही प्रमाण परोक्ष के अन्तर्गत आ जाते हैं । अनुमान से लिङ्गग्रहण द्वारा ज्ञान होता है । ज्ञानेन्द्रियों के ग्रहण से परे सूक्ष्म विषयों का ज्ञान केवल ज्ञानदर्शन द्वारा होता है । तप, संयम, योग आदि सम्यक् चरित्र द्वारा दिव्य दृष्टि उत्पन्न होती है, जिससे अतीन्द्रिय विषयों का साक्षात्कार प्राप्त होता है ।

परोक्ष प्रमाण ग्रहणापेक्ष्य है एवं प्रत्यक्ष सर्वसामान्य के लिए अनिवार्य है; किन्तु परोक्ष प्रमाण व अतीन्द्रिय साक्षात्कार ग्रहण व प्रयत्न से साध्य है । अतीन्द्रिय साक्षात्कार लौकिक पदार्थों का शब्द व अनुमान द्वारा प्रयत्न से साध्य है । अलौकिक तत्वों का साक्षात्कार सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान एवं सम्यक् चरित्र द्वारा ही सम्भव है । सम्यग्ज्ञान के पश्चात् भी यदि सम्यक् चरित्र नहीं है तो साधना अधूरी ही रहेगी, जिसके फलस्वरूप अलौकिक साक्षात्कार नहीं हो पायेगा ॥५६॥

**येनोत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं यत्सत्तदिष्यते ।**
**अनन्तधर्मकं वस्तु तेनोक्तं मानगोचरः ॥५७॥**

पूर्वोक्तमेव वस्तुतत्त्वमनन्तधर्मात्मकतया द्रढयन्नाह—**येनोत्पाद इति** । येन कारणेन यदुत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं तत्सत्सत्त्वरूपमिष्यते । तेन कारणेनानन्तधर्मकं वस्तु मानगोचरः, प्रत्यक्षपरोक्षप्रमाणविषयः, उक्तं कथितमिति सम्बन्धः । उत्पादश्च व्ययश्च ध्रौव्यश्च उत्पादव्ययध्रौव्याणि, तेषां मेलस्तदेव सत्त्वमिति ज्ञानम् । इष्यते केवलज्ञानिभिरभिलष्यत इति, वस्तुतत्त्वं चोत्पादव्ययध्रौव्यात्मकम्, तथा हि—उर्वीपर्वततर्वादिकं सर्वं वस्तु द्रव्यात्मना नोत्पद्यते विपद्यते वा परिस्फुटमन्वयादर्शनात्, लूनपुनर्जातनखादिष्वन्वयदर्शनेन व्यभिचार इति न वाच्यम्, प्रमाणेन बाध्यमानस्यान्वयस्यापरिस्फुटत्वाद्, न च प्रस्तुतोऽन्वयः प्रमाणविरुद्धः, सत्यप्रत्यभिज्ञानसिद्धत्वात् ।

सर्वव्यक्तिषु नियतं क्षणे-क्षणेऽन्यत्वमथ च न विशेषः । सत्योश्चित्यपचित्योराकृतिजातिव्यवस्थानादिति वचनात्ततो द्रव्यात्मता स्थितिरेव

सर्वस्य वस्तुनः, पर्यायात्मना तु सर्वं वस्तूपद्यते विपद्यते चास्खलितपर्यायानुभवसद्भावात् ।

न चैवं शुक्लशङ्खे पीतादिपर्यायानुभवेन व्यभिचारः, तस्य स्खलद्रूपत्वाद्, न खलु सोऽस्खलद्रूपो येन पूर्वाकारविनाशोऽजहद्वृत्तोत्तराकारोत्पादाविनाभावी भवेद्, न च जीवादौ वस्तुनि हर्षामर्षौदासीन्यादिपर्यायपरम्पराऽनुभवः स्खलद्रूपः, कस्यचिद्बाधकस्याभावात् ।

ननूत्पादादयः परस्परं भिद्यन्ते न वा ? यदि भिद्यन्ते कथमेकं वस्तु त्र्यात्मकम् ? न भिद्यन्ते चेत्तथाऽपि कथमेकं वस्तु त्र्यात्मकम् ? तथा च यद्युत्पादादयो भिन्नाः कथमेकं त्र्यात्मकम् ? अथोत्पत्त्यादयोऽभिन्नाः कथमेकं त्र्यात्मकमिति चेत् ?

तदयुक्तं – कथञ्चिद्भिन्नलक्षणत्वेन तेषां कथञ्चिद् भेदाभ्युपगमात्, तथा हि उत्पादविनाशध्रौव्याणि स्याद्भिन्नानि भिन्नलक्षणत्वाद् रूपादिवद्, न च भिन्नलक्षणत्वमसिद्धम्, असत आत्मलाभः, सतः सत्त्वाविप्रयोगो, द्रव्यरूपतयाऽनुवर्त्तनं, च खलूत्पादादीनां परस्परमसङ्कीर्णानि लक्षणानि सकललोकसाक्षिकाण्येव, न चामी भिन्नलक्षणा अपि परस्परानपेक्षाः, खपुष्पवदसत्त्वापत्तेः, तथा ह्युत्पादः केवलो नास्ति स्थितिविगमरहितत्वात् कूर्मरोमवत्, तथा विनाशः केवलो नास्तीत्युत्पत्तिरहितत्वात्तद्वदेव, स्थितिः केवला नास्ति विनाशोत्पादशून्यत्वात् तद्वदेवेत्यन्योन्यापेक्षाणामुत्पादादीनां वस्तुनि सत्त्वं प्रतिपत्तव्यम् । तथा चोक्तं —

घटमौलिसुवर्णार्थी नाशोत्पादस्थितिष्वलम् ।
शोकप्रमोदमाध्यस्थ्यं जनो याति सहेतुकम् ॥
पयोव्रतो न दध्यत्ति न पयोऽत्ति दधिव्रतः ।
अगोरसव्रतो नोभे तस्माद्वस्तु त्रयात्मकम् ॥ इति ।

व्यतिरेकश्च यदुत्पादव्ययध्रौव्यात्मकं न भवति तद्वस्त्वेव न; यथा खरविषाणं, यथेदं तथेदमिति, अत एवानन्तधर्मकं वस्तु मानगोचरः प्रोक्तम्, अनन्ता धर्माः पर्यायाः सामान्यविशेषलक्षणा यत्रेत्यनन्तधर्मकं वस्त्विति, उत्पादव्ययध्रौव्यात्मकस्यैवानेकधर्मकत्वं, युक्तियुक्ततामनुभवतीति ज्ञापनायैव भूयोऽनन्तधर्मकपदप्रयोगो, न पुनः पाश्चात्त्यपद्योक्तानन्तधर्मकपदेन पौनरुक्त्यमाशङ्कनीयमिति पद्यार्थः ॥५७॥

**अन्वयः** – येन उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं यत् तत् सत् इष्यते, तेन अनन्तधर्मकं वस्तु मानगोचरः उक्तम् ॥५७॥



**सुधा**—येन=कारणेन । उत्पादः=उत्पत्तिः, व्ययः=नाशः, ध्रौव्ययुक्तं=स्थितिः पालनञ्च । यत् तत्=पूर्वोक्तलक्षणं सत्त्वमिति, इष्यते, सत्=कथ्यते । तेन=कारणेन, अनन्तधर्मकं वस्तु—अनन्ताः=नान्तो येषां धर्माः पर्यायाः सामान्यविशेषाः । मानगोचरः=प्रमाणविषयः, उक्तं=कथितम् ॥५७॥

**पदार्थ**—येन=जिस कारण से । उत्पाद =उत्पन्न होना । व्ययः=नष्ट होना । ध्रौव्ययुक्तम्=स्थित रहना – यह तीनों धर्म । यत्=जो । तत्=वह । सत्=सत्तावान् । इष्यते=कहा जाता है । तेन=उसी कारण से । अनन्तधर्मकं वस्तु=अनन्त गुण-स्वभाव वाला पदार्थ । युक्तम्=ठीक । मानगोचरः=प्रमाण का विषय । उक्तम्=कहा जाता है । संसार के सभी पदार्थ एवं वस्तु उत्पत्ति, स्थिति एवं विनाशरूप स्वभाव वाले हैं एवं प्रमाण के विषय हैं ॥५७॥

**भाषाप्रकाश**—उत्पन्न होना, नष्ट होना एवं स्थित रहना—यह तीन संसार के स्वभाव व धर्म हैं । संसार की सत्ता इन तीनों धर्मों से युक्त है । यद्यपि उत्पन्न होना, नष्ट होना एवं स्थित रहना परस्पर विरुद्ध धर्म हैं; फिर भी इन तीनों से युक्त सत्ता एक ही है । उसी में तीनों धर्म होते हैं । एवमेव अनन्तधर्म व स्वभाव वाले पदार्थ प्रमाण के विषय हैं ॥५७॥

**जैनदर्शनसंक्षेप इत्येष कथितोऽनघः ।**
**पूर्वापरविघातस्तु यत्र क्वापि न विद्यते ॥५८॥**

ग्रन्थस्य बालावबोधार्थफलकत्वादथोपसंहरन्नाह —**जैनदर्शनेति** ।

इति पूर्वोक्तप्रकारेण, एषः प्रत्यक्षलक्ष्यो, जैदर्शनसंक्षेपः कथितः, विस्तरस्यागाधत्वेन वक्तुमगोचरत्वाद्, उपयोगसारः संक्षेपो निवेदितः, किंभूतोऽनघो निर्दूषणः सर्ववक्तव्यस्य सर्वज्ञमूलत्वेन दोषकालुष्यानवकाशात् । तु समुच्चयार्थे, तत्र पुनः पूर्वापरविघातः क्वापि न विद्यते, पूर्वस्मिन्नादावपरस्मिन् प्रान्ते न विघातो विरुद्धार्थता यत्र दर्शने क्वापि पर्यन्तग्रन्थेऽपि परस्परविसंवादो नास्ति, आस्तां तावत्केवलभाषितेषु द्वादशाङ्गेषु पारम्पर्यग्रन्थेष्वपि सुसम्बद्धार्थत्वाद् विरुद्धार्थदौर्गन्ध्याभावः ।

अयं भावो – यत् परतैर्थिकानां मूलशास्त्रेष्वपि न युक्तियुक्ततां पश्यामः, किं पुनः पाश्चात्त्यविप्रलम्भग्रथितग्रन्थकथासु, यच्च क्वापि कारुण्यादिपुण्यकर्मपुण्यानि च वचांसि कानिचिदाकर्णयामस्तान्यपि त्वदुक्तसूक्तसुधापयोधिमन्थोद्गतान्येवरत्नानीव सङ्गृह्य स्वात्मानं रत्नपतय इव बहु मन्वाना मुधा प्रगल्भन्ते । यदाहुः श्रीसिद्धसेनदिवाकरपादाः —

॥ श्रीः ॥

परमार्हतहरिभद्रसूरिप्रणीतः

# षड्दर्शनसमुच्चयः

## मणिभद्रकृत 'लघुवृत्ति' संवलितः

'सुधा'-संस्कृतव्याख्यासहित 'भाषाप्रकाश'-

हिन्दीव्याख्यया समलङ्कृतश्च

सद्दर्शनं जिनं नत्वा वीरं स्याद्वाददेशकम् ।
सर्वदर्शनवाच्योऽर्थः संक्षेपेण निगद्यते ॥ १ ॥

### ❀ लघुवृत्ति ❀

सज्ज्ञानदर्पणतले विमलेऽत्र यस्य
ये केचिदर्थनिवहाः प्रकटीबभूवुः ।
तेऽद्यापि भान्ति कलिकालजदोषभस्म-
प्रोद्दीपिता इव शिवाय स मेऽस्तु वीरः ॥
जैनं यदेकमपि बोधविधायवाक्य-
मेवं श्रुतिः फलवती भुवि येन चक्रे ।
चारित्रमाप्य वचनेन महत्तरायाः
श्रीमान्स नन्दतु चिरं हरिभद्रसूरिः ॥
सन्निधेहि तथा वाणि ! षड्दर्शनाङ्कषड्भुजे ।
यथा षड्दर्शनव्यक्तिस्पष्टने प्रभवाम्यहम् ॥
व्यासं विहाय संक्षेपरुचिसत्त्वानुकम्पया ।
टीका विधीयते स्पष्टा षड्दर्शनसमुच्चये ॥

इह हि श्रीजिनशासनप्रभावनाविभावकप्रभोदयभूरियशश्चतुर्दशशत-प्रकरणकरणोपकृतजिनधर्मो भगवान् श्रीहरिभद्रसूरिः षड्दर्शनप्रमाणपरि-

**भाषास्वरूपजिज्ञासुशिष्यहितहेतवे प्रकरणमारिप्समानो निर्विघ्नशास्त्रपरिसमाप्त्यर्थं स्वपरश्रेयोऽर्थं च समुचितेष्टदेवतानमस्कारपूर्वकमभिधेयमाह— सद्दर्शनमिति ।**

अर्थो निगद्यतेऽभिधीयत इति सम्बन्धः, अर्थशब्दोऽत्राभिधेयवाचको ग्राह्यः । 'अर्थोऽभिधेयरैवस्तुप्रयोजननिवृत्तिषु' इत्यनेकार्थवचनाद्, मयेत्यनुक्तस्यापि गतार्थत्वात् । किंविशिष्टोऽर्थः ? **सर्वदर्शनवाच्य इति** । सर्वाणि च तानि दर्शनानि बौद्धनैयायिकजैनवैशेषिकसांख्यजैमिनीयादीनि समस्तमतानि वक्ष्यमाणानि तेषु वाच्यः कथनीयः । किं कृत्वा ? **जिनं नत्वा** । सामान्यमुक्त्वा विशेषमाह—कं जिनं ? वीरं वर्द्धमानस्वामिनम्, वीरमिति साभिप्रायम्, प्रमाणवक्तव्यस्य परपक्षोच्छेदादिसुभटवृत्तित्वाद् भगवतश्च दुःखसम्पादिविषमोपसर्गसहिष्णुत्वेन सुभटरूपत्वात् । तथा चोक्तम्—

> विदारणात्कर्मततेर्विराजनात्तपःश्रिया विक्रमतस्तथाऽद्भुतात् ।
> भवत्प्रमोदः किल नाकिनायकश्चकार ते वीर इति स्फुटाभिधाम् ॥

इति युक्तियुक्तं ग्रन्थारम्भे वीरजिननमस्करणं प्रकरणकृतः, यद्वाऽऽसन्नोपकारित्वेन युक्ततरमेव श्रीवर्द्धमानतीर्थकृतो नमस्करणम्, तमेव विशिनष्टि—किंभूतं ? सद्दर्शनं सत् शोभमानं दर्शनं शासनं समान्यावबोधलक्षणं ज्ञानं सम्यक्त्वं वा यस्य स तमिति ।

ननु दर्शनचारित्रयोरपि मुक्त्यङ्गत्वात् किमर्थं सद्दर्शनमित्येकमेव विशेषणमाविष्कृतम् ? न–दर्शनस्यैव प्राधान्याद् । यत्सूत्रम् —

> भठ्ठेण चरित्ताउ दंसणमिह दिढयरं गहेयव्वं ।
> सिज्झंति चरणरहिया दंसणरहिया न सिज्झंति ॥
> [ भ्रष्टेन चरित्राद् दर्शनमिह दृढतरं ग्रहीतव्यम् ।
> सिध्यन्ति चरणरहिता दर्शनरहिता न सिध्यन्ति ॥ ]

इति तद्विशेषणमेव युक्तम्, पुन किंभूतं ? स्याद्वाददेशकम्, स्याद्विकल्पितो वादः स्याद्वादः सदसन्नित्यानित्याभिलाप्यानभिलाप्यसामान्यविशेषात्मकस्तं दिशति भावकेभ्य उपदिशति यस्तम् । अत्रादिमार्द्धे भगवतोऽतिशयचतुष्टयमाक्षिप्तम्, सद्दर्शनमिति दर्शनज्ञानयोः सहचारित्वाज्ज्ञानातिशयः, जिनं वीरमिति रागादिजेतृत्वादष्टकर्माद्यपायनिराकर्तृत्वाच्चापायापगमातिशयः, स्याद्वाददेशकमिति वचनातिशयः, ईदृग्विधस्य निरन्तरभक्तिभरनिर्भरसुरासुरनिकायनिषेव्यत्वमानुषङ्गिकमिति पूजाऽतिशयः ॥१॥



### ❀ सुधा ❀

> निगमकल्पप्रबोधसमुज्ज्वलं, त्रिगुणषोडशसप्तसमावृतम् ।
> सकलसृष्टिविसृष्टिविधायकं, सकलसंसृतिकारणमीण्महे ॥१॥
> यस्य प्रभावात् हरिभद्रसूरिः, चकार ग्रन्थं षड्दर्शनाभिधम् ।
> प्रबोध वाक्याङ्कुरकं तमीशं, नमामि दिव्यं जिनशासकं गुरुम् ॥२ ।
> जैन्या गिरश्चैव जिनशासनस्य, पारंगतं दर्शनसागरस्य ।
> प्रबोध वाक्यस्य प्रकाशकं परं, नमाम्यहं तं हरिभद्रसूरिम् ॥३॥
> व्यासं विहाय सर्वेषां दर्शनशास्त्रसंग्रहे ।
> व्याख्या विधीयते भाषा, षड्दर्शनसमुच्चये ॥४॥

श्रीजिनशासनवाक्यसमूहपारङ्गतः, षड्दर्शनवाचस्पतिः, निखिलदर्शनशास्त्रप्रमाणपरिभाषास्वरूपप्रकाशनभूरियशश्च भगवान् श्रीहरिभद्रसूरिः षड्दर्शनसमुच्चयग्रन्थमारिप्समानो निर्विघ्नशास्त्रपरिसमाप्त्यर्थं समुचितेष्टदेवतानमस्कारपूर्वकमभिधेयमाह — **सद्दर्शनमिति ।**

अन्वयः—सद्दर्शनं स्याद्वाददेशकम् वीरम् जिनम् नत्वा सर्वदर्शनवाच्यः अर्थः संक्षेपेण निगद्यते ॥ १ ॥

व्याख्या — सद्दर्शनं — सत्=शोभमानं, दर्शनं=शासनं तत्त्वावबोधलक्षणं ज्ञानं सम्यक्त्वं वा यस्य तं, सत्त्वस्वरूपावबोधवक्त्रं; स्याद्वाददेशकं— स्याद्विकल्पितो वादः स्याद्वादः=सदसन्नित्यानित्यसुखदुःखात्मानात्मसामान्यविशेषात्मकः विवेकः, तं दिशति=प्रमाणैः उपदिशति वा यस्तं, वीरं=परपक्षोच्छेदनसुख-दुःखद्वन्द्वसहिष्णुत्वेन रागद्वेषमोहाविद्याजेतृत्वात् सुभटस्वरूपत्वात् सुभटं नायकं, जिनं=वर्द्धमानस्वामिनं महावीरं, नत्वा=प्रणम्य, सर्वदर्शनवाच्यः—सर्वाणि च तानि दर्शनानि=बौद्धनैयायिकजैनवैशेषिकसांख्यजैमिनिचार्वाकादिसमस्तानि, तेषु वाच्यः=कथनीयः, अर्थः=विषयः, संक्षेपेण=समासेन, नातिविस्तृतशब्दार्थैः, निगद्यते=कथ्यते प्रतिपाद्यते वा ॥ १ ॥

### ❀ भाषाप्रकाश ❀

**सम्बन्ध**—जैनवाङ्मय-पारङ्गत, सर्वदर्शनवाचस्पति, महान् विद्वान् श्रीहरिभद्रसूरि इस ग्रन्थ के आदि में सर्वप्रथम इष्टदेवतानमस्कारपूर्वक मंगलाचरण करते हैं। मंगल इसलिए किया जाता है कि ग्रन्थ के बनाने में किसी प्रकार का विघ्न न उपस्थित हो और पूरा हो जाय । इसीलिए प्रायः सभी ग्रन्थकर्ता ग्रन्थ के आरम्भ में अपने इष्टदेवता को नमस्कार करके उनके ध्यान द्वारा मानसिक व आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करते हैं, जिससे ग्रन्थ के प्रणयन में जो विघ्न उपस्थित हो वह उस मानसिक व आध्यात्मिक शक्ति द्वारा दूर हो सके । इष्टदेवता का ध्यान-

पूर्वक मंगलाचरण कर लेने पर ग्रन्थ-निर्माण की निष्ठा व संकल्प में दृढ़ता आती है, जो विघ्नों के नाश में सहायिका होती है। ग्रन्थ के प्रणयन में अधिकतर विघ्न मानसिक होते हैं, जिनका निवारण मंगल व इष्टदेवता के ध्यान द्वारा हो जाता है।

**प्रश्न**—कुछ विद्वान् अपने ग्रन्थ के आरंभ में मंगलाचरण नहीं करते फिर भी बिना किसी विघ्न के ग्रन्थ पूरा हो जाता है और कुछ लोगों के मंगल करने पर भी ग्रन्थ पूरा नहीं हो पाता; इसमें क्या कारण है?

**उत्तर**—जो लोग मंगल नहीं करते फिर भी ग्रन्थ पूर्ण हो जाता है, इसमें उनका मनोबल तथा पूर्व जन्म के मंगलाचरण का प्रभाव है। जिन लोगों का ग्रन्थ मंगल करने पर भी अधूरा रह जाता है उसमें मंगलजनित मनोबल व अध्यात्मबल से विघ्नों का अधिक बलवान होना ही कारण है।

**प्रश्न**—क्या मंगल करने से केवल विघ्न ही दूर होते हैं अथवा ग्रन्थ की समाप्ति भी मंगल के द्वारा हो जाती है?

**उत्तर**—मंगल करने से जो मनोबल व अध्यात्मबल प्राप्त होता है उससे विघ्नों का निवारण तो हो ही जाता है, साथ ही मंगल से ग्रन्थ के समाप्ति की निष्ठा व संकल्प भी दृढ़ होते हैं, जिससे ग्रन्थ-समाप्ति में भी सहायता मिलती है। अतः मंगलाचरण द्वारा विघ्नों का नाश व ग्रन्थ की समाप्ति दोनों ही होते हैं।

**पदार्थ**—सद्दर्शनं=सत्यस्वरूप दर्शन वाले तथा सम्यक् सत्य ज्ञान से सम्पन्न। स्याद्वाददेशकम्=सत्यासत्य-नित्यानित्य विवेक के उपदेशक। जिनं वीरं=वर्द्धमान महावीर स्वामी को। नत्वा=नमस्कार करके। सर्वदर्शनवाच्यः=सभी दर्शनों द्वारा बतलाने योग्य। अर्थः=विषय। संक्षेपेण=अत्यन्त संक्षिप्त रूप से। निगद्यते=बतलाया जाता है अथवा कह रहा हूँ॥

**भाषाप्रकाश**—सत्यस्वरूप दर्शन वाले एवं जिनका उपदेश व सिद्धान्त सम्यक् सत्य ज्ञान वाला है, जिन्हें सत्य का परम साक्षात्कार हो चुका है और जो सत्य-असत्य, नित्य-अनित्य पदार्थों के तत्त्वज्ञान का उपदेश करते हैं, ऐसे वर्द्धमान महावीर स्वामी को नमस्कार करके, बौद्ध-न्याय-जैन-वैशेषिक-सांख्य-मीमांसा आदि दर्शनों के बतलाने योग्य विषयों व सिद्धान्तों को संक्षेप में कह रहा हूँ।

**प्रश्न**—सत्यस्वरूप दर्शन एवं सम्यक् सत्यज्ञान का क्या तात्पर्य है?

**उत्तर**—बाह्य एवं व्यावहारिक जगत का अनुभव, जिसे कीट-पतंग-मनुष्य-पशु सभी साधारण व सामान्य रूप से करते हैं, वह नश्वर, अनित्य व परिणामशील है। इन्द्रियों से उत्पन्न होने वाला बोध एवं राग-द्वेष-मोहादि से युक्त सांसारिक व्यवहार तथा स्थूल भौतिक विषयों का अनुभव असद्दर्शन है। संसार के मूल कारणतत्त्वों का साक्षात्कार व बोध सद्दर्शन है। "सदकारणवन्नित्यम्" जो स्वयं



कारणस्वरूप हो तथा सदा एक-सा विद्यमान रहे वह सत् है। संसार का यथार्थ ज्ञान, मूल कारण का साक्षात्कार सत्यस्वरूप दर्शन है। विश्व के सत्यस्वरूप का अनुसन्धान, बोध व परम सत्य का साक्षात्कार ही दर्शन शास्त्र का प्रयोजन है। संसार का यथार्थ दर्शन व कारणतत्त्वों का बोध सत्यज्ञान है। योगदृष्टि से सत्य का साक्षात्कार ही सम्यक् सत्यज्ञान कहलाता है। विवर्तस्वरूप मोह-राग-द्वेष-अविद्यादि से युक्त इन्द्रियजन्य सांसारिक ज्ञान व साक्षात्कार असद्दर्शन अर्थात् मिथ्यादर्शन कहलाता है।

**प्रश्न**—स्याद्वाददेशकम् एवं वीरं विशेषण का क्या तात्पर्य है?

**उत्तर**—जैनमत के उपदेशक अनेक तीर्थङ्कर हो चुके हैं; जिन्होंने समय-समय पर सत्य का परम साक्षात्कार करके मोक्ष धर्म का उपदेश दिया है। वर्द्धमान महावीर स्वामी अन्तिम तीर्थङ्कर हैं, जिन्होंने जैनमत का सम्यक् उपदेश दिया है। केवल वही वीर नहीं है जो रण में युद्धकौशल प्रदर्शित करे, शत्रुओं का संहार करे; बल्कि वास्तविक वीर वह है जो राग-द्वेष-मोह-अविद्यारूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त करके सत्य का परम साक्षात्कार करे; इसीलिए वर्द्धमान स्वामी को महावीर की उपाधि प्रदान की गई है। आत्मकल्याण में बाधक शरीर के शत्रुओं पर विजय प्राप्त करना ही वास्तविक वीरता है। कहा भी गया है "के शत्रवः सन्ति? निजेन्द्रियाणि" वास्तव में शत्रु कौन हैं? विषयों में विचरण करने वाली अपनी इन्द्रियाँ। विषयलोलुप अपनी इन्द्रियों पर विजय पाकर मन को सत्य के साक्षात्कार में लगाना ही वीरता का वास्तविक कार्य है॥ १॥

**दर्शनानि षडेवात्र मूलभेदव्यपेक्षया।**
**देवतातत्त्वभेदेन ज्ञातव्यानि मनीषिभिः॥२॥**

कानि तानि दर्शनानीति? व्यक्तितस्तत्सङ्ख्यामाह—दर्शनानीति।

अत्र जगति प्रसिद्धानि षडेव दर्शनानि, एवशब्दोऽवधारणे, यद्यपि भेदप्रभेदतया बहूनि दर्शनानि प्रसिद्धानि। यदुक्तं सूत्रे—

असियसयं किरियाणं अकिरियवाईण हुंति चुलसीई।
अन्नणियं सत्तठ्ठी वेणइआणं च वत्तीसं॥
[ अशीतिशतं क्रियाणामक्रियावादिनो भवन्ति चतुरशीतिः।
आत्मवादिनः सप्तषष्टिर्विनयवादिनां च द्वात्रिंशद्॥ ]

इति त्रिषष्टयधिका त्रिशती पाषण्डिकानाम्, बौद्धानां चाष्टादश निकायभेदाः, वैभाषिकसौत्रान्तिकयोगाचारमाध्यमिकादयो भेदाः, जैमिनेश्च शिष्यकृता बहवो भेदाः—

उत्पलः[1] कारिकां वेत्ति तन्त्रं वेत्ति प्रभाकरः ।
वामनस्तूभयं वेत्ति न किञ्चिदपि रेवणः ।।

अपरेऽपि बहूदककुटीचरहंसपरमहंसभाट्टप्राभाकरादयो बहवोऽन्तर्भेदाः । अपरेषामपि दर्शनानां तत्त्वदेवताप्रमाणादिभिन्नतया बहुभेदाः प्रादुर्भवन्ति; तथाऽपि परमार्थतस्तेषामेतेष्वेवान्तर्भावात्षडेवेति सावधारणं पदम् ।

ननु संघटमानानियतो भेदानुपेक्ष्य किमर्थं षडेव ? इत्याह—**मूलभेदव्यपेक्षयेति** । मूलभेदास्तावत्षडेव षट्संख्यास्तेषां व्यपेक्षया तानाश्रित्येत्यर्थः, तानि दर्शनानि मनीषिभिः पण्डितैर्ज्ञातव्यानि बोद्धव्यानि । केन प्रकारेणेति ? देवतातत्त्वभेदेन देवता दर्शनाधिष्ठायिकाः, तत्त्वानि च मोक्षसाधकानि रहस्यानि, तेषां भेदस्तेन पृथक् पृथग् दर्शनदेवता दर्शनतत्त्वानि च ज्ञेयानीत्यर्थः ।।२।।

**सुधा**—अस्मिन षड्दर्शनसमुच्चये कानि च तानि दर्शनानि ? के च भेदाः ? षड्दर्शनोद्देश्यपूर्वकं तत्सङ्ख्यामाह— **दर्शनानीति** ।

**अन्वयः**—मनीषिभिः मूलभेदव्यपेक्षया देवतातत्त्वभेदेन अत्र षडेव दर्शनानि ज्ञातव्यानि ।। २ ।।

**व्याख्या**—मनीषिभिः=पण्डितैः मुनिभिश्च, मूलभेदव्यपेक्षया – मूलभेदाः=षट्संख्याः, तेषां व्यपेक्षया=आश्रित्य प्रकारतत्त्वमवधार्य, देवतातत्त्वभेदेन— दर्शनसंस्थापकाः तत्त्वानि=मोक्षसाधकानि रहस्यानि, तेषां भेदः=प्रकारविधा पृथक् पृथक् अत्र=जगति, षडेव दर्शनानि=षट्दर्शनशास्त्राणि, ज्ञातव्यानि=बोद्धव्यानि । यद्यपि भेदप्रभेदतया बहूनि दर्शनानि प्रसिद्धानि तथापि परमार्थतः मूलभेदापेक्षया तेषामेष्वेवान्तर्भावात्षडेवेति ।। २ ।।

**पदार्थ**—मनीषिभिः=पण्डितों व विचारकों द्वारा । मूलभेदव्यपेक्षया=मौलिक भेद के आधार पर । देवतातत्त्वभेदेन=दर्शनों के संस्थापकों तथा उनके तत्त्वज्ञान के भेद से । अत्र=यहाँ जगत प्रसिद्ध । षडेव=संख्या में छः ही । दर्शनानि=दर्शनशास्त्र । ज्ञातव्यानि=जानना चाहिए ।

**भाषाप्रकाश**—जगतप्रसिद्ध दर्शनशास्त्र की संख्या ६ है । पण्डितों एवं विचारकों को चाहिए कि इन दर्शनों के उत्पत्ति व मौलिक सिद्धान्तों के अनुसार एवं भिन्न-भिन्न दर्शनशास्त्रों के प्रवर्तकों और उनके तत्त्वज्ञान के भेद से इन दर्शनों को जानें ।। २ ।।

**बौद्धं नैयायिकं सांख्यं जैनं वैशेषिकं तथा ।**
**जैमिनीयं च नामानि दर्शनानाममून्यहो ।।३।।**

१. ओंबेकः (उम्बेकः) इति पाठान्तरम् ।



तेषामेव दर्शनानां नामान्याह—**बौद्धमिति** ।

अहो इति इष्टामन्त्रणे, दर्शनानां मतानाममूनि नामानीति संग्रहः, ज्ञेयानीति क्रियाऽस्तिभवत्यादिवदनुक्ताऽप्यवगन्तव्या । तत्र बौद्धमिति बुद्धो देवताऽस्येति बौद्धं सौगतदर्शनम्, नैयायिकं [1]पाशुपतदर्शनम्, तत्र न्यायः प्रमाणमार्गस्तस्मादनपेतं नैयायिकमिति [2]व्युत्पत्तिः, सांख्यमिति कापिलदर्शनम् अदिपुरुषनिमित्तेयं संज्ञा, जैनमिति जिनो देवताऽस्येति जैनमार्हतम्, वैशेषिकं काणाददर्शनम्, दर्शनदेवताऽऽदिसाम्येऽपि नैयायिकेभ्यो द्रव्यगुणादिसामग्रया विशिष्टमिति[3] वैशेषिकम्, जैमिनीयं जैमिनिऋषिमतं भाट्टदर्शनम्, चः समुच्चयस्य दर्शकः, एवं तावत् षड्दर्शननामानि ज्ञेयानि शिष्येणेत्यवसेयम् ।।३।।

**सुधा**—तेषामेव दर्शनानां नामान्याह—**बौद्धमित्यादिना** ।

**अन्वयः**—अहो ! बौद्धं नैयायिकं सांख्यं जैनं वैशेषिकं तथा जैमिनीयं च दर्शनानां अमूनि नामानि ।। ३ ।।

**व्याख्या**—अहो=श्रूयताम्, बौद्धं—बुद्धो देवताऽस्येति बौद्धं=सौगतदर्शनम्, नैयायिकं—न्यायः=प्रमाणैरर्थपरीक्षणं तस्मादनपेतं नैयायिकं=गौतमदर्शनम्, सांख्यं=कापिलदर्शनम्, जैनं—जिनो देवताऽस्येति जैनम्=आर्हतम्, वैशेषिकं=द्रव्यगुणकर्मादिविशिष्टं काणाददर्शनम्, जैमिनीयं=जैमिनिमुनिकृतं मीमांसादर्शनम्, दर्शनानां=षड्दर्शनानाम्, अमूनि नामानि ज्ञेयानीत्यर्थः । ननु षड्दर्शनेषु वेदान्तयोगयोरपि सत्वात् समुच्चये किमत्र निरूपणं न कृतमिति चेन्न, ग्रन्थकर्तुः षड्दर्शननिरूपणे जैनबौद्धयोः समावेशाभिलषितप्रयोजनवशात् योगवेदान्तयोः प्रौढस्वरूपात् बौद्धादिषड्दर्शनानां पूर्वाङ्गत्वात् योगवेदान्तयोस्तदुत्तरस्वरूपाच्च ।। ३ ।।

**पदार्थ**—अहो=देखिए । बौद्धं=बुद्ध भगवान् द्वारा स्थापित सौगतदर्शन । नैयायिकं=जिसमें प्रमाणों के द्वारा पदार्थों का तर्कपूर्ण ज्ञान हो वह न्याय दर्शन (इसके संस्थापक गौतम मुनि हैं) । सांख्यं=कपिल मुनि का सांख्य शास्त्र । जैनं=महावीर स्वामी द्वारा स्थापित जैन दर्शन । वैशेषिकं=न्यायशास्त्र से विशेष

१. असमञ्जसेयमुक्तिः, न्यायदर्शनस्य पाशुपतत्वेनाप्रसिद्धेः, पाशुपतदर्शनस्य न्यायप्रस्थानारूढत्वं प्रायेणेत्यन्यदेतत् ।—दामोदरलाल गोस्वामी ।

२. इदं चिन्त्यम्, इत्थं हि न्याय्यमिति स्याद्, नैयायिकेतिपदं तूक्थादिगणघटकन्यायशब्दादध्येतृवेदित्रन्यतरार्थकठका निष्पद्यते ।—दामोदरलाल गोस्वामी ।

३. आपातरुचिरेयमुक्तिः, वस्तुतस्तु परानुपज्ञस्य विशेषात्मकस्य पञ्चमपदार्थस्य वेत्तृत्वादित्थं ख्यातिः ।—दामोदरलाल गोस्वामी ।

शास्त्र, जिसमें द्रव्य-गुण-कर्म आदि की व्याख्या की गई है, इसके रचयिता कणाद मुनि हैं। जैमिनीयं=जैमिनि मुनि का मीमांसा दर्शन। दर्शनानां=छहों शास्त्रों के। अमूनि=यह। नामानि=नाम हैं ॥

**भाषाप्रकाश**— बौद्धदर्शन, न्यायदर्शन, सांख्यदर्शन, वैशेषिकदर्शन, जैनदर्शन, मीमांसादर्शन—यही छः दर्शनशास्त्र माने गए हैं। भगवान बुद्ध के दार्शनिक उपदेशों के आधार पर बौद्ध दर्शन की रचना की गई है। बौद्ध दर्शन के आधारभूत एवं मौलिक सिद्धान्त त्रिपिटक में हैं। त्रिपिटक के अतिरिक्त भी बौद्धदर्शन का अपना विशाल साहित्य है।

## बौद्धदर्शन-परिचय

त्रिपिटक बौद्धदर्शन का आधारभूत पूर्वकालीन साहित्य है। बुद्ध के उपदेशों को लेखबद्ध करने के लिए बौद्धभिक्षुकों व विद्वानों की सभा में त्रिपिटक लिखा गया था। भदन्त उपल बुद्ध के साथ रहने वाले अत्यन्त विद्वान् व दार्शनिक शिष्य थे, जिन्होंने भगवान् बुद्ध के दार्शनिक उपदेशों को अभिधर्मपिटक के रूप में लेखबद्ध करवाया। अभिधर्मपिटक के मौलिक ग्रन्थ पाली भाषा में हैं। अभिधर्म की रचना के बाद बौद्ध विद्वानों ने अभिधर्म के व्याख्याभूत विशाल साहित्य का निर्माण किया, जिनकी गणना बौद्धदर्शन के अन्तर्गत की जाती है। वह उत्तरकालीन ग्रन्थ भी पाली और संस्कृत में हैं। इसी साहित्य के आधार पर बौद्ध दर्शन के निम्न चार सम्प्रदाय हुए—१. माध्यमिक, २. योगाचार, ३. सौत्रान्तिक और ४. वैभाषिक।

माध्यमिक को शून्यवाद भी कहते हैं। इस मत के अनुसार सत्ता और क्रियाशील जगत के सभी पदार्थ शून्य से उत्पन्न हैं। उनका वास्तविक स्वरूप शून्य है। जगत के पदार्थों का अनुभव विवर्तमात्र है। कहा भी है—"मुख्यो माध्यमिको विवर्तमखिलं शून्यस्य मेने जगत्"। इस सम्प्रदाय का प्रवर्तन ईसा की तीसरी शताब्दी के आचार्य नागार्जुन व आचार्य देव, पाँचवीं शताब्दी के बुद्धिपालित व भावविवेक, सातवीं शताब्दी के चन्द्रकीर्ति एवं आठवीं शताब्दी के आचार्य शान्तिरक्षित के ग्रन्थों द्वारा हुआ है।

योगाचार सम्प्रदाय में योग और सम्यक् आचार प्रधान हैं। इस सम्प्रदाय में बाह्य जगत को शून्य स्वीकार किया गया है, किन्तु योग द्वारा आन्तरिक अनुभूति को शून्य नहीं माना गया है। इस मत में शुद्ध विज्ञान का उदय होना ही मोक्ष है। विशुद्ध विज्ञान ही परमार्थ सत्ता है। इसीलिए इस मत को विज्ञानवाद भी कहा जाता है। इस मत के प्रवर्तक आर्य मैत्रेय माने जाते हैं। उनके द्वारा लिखे गए 'अभिसमयालङ्कार' और 'मध्यान्तविभाग'—ये दो संस्कृतग्रन्थ प्रसिद्ध हैं। इस मत का प्रसार आचार्य वसुबन्धु द्वारा हुआ, जो कि तीसरी शताब्दी के अत्यन्त प्रौढ़



व दार्शनिक विद्वान थे। इसी सम्प्रदाय में सातवीं शताब्दी के प्रख्यात बौद्ध दार्शनिक विद्वान् आचार्य धर्मकीर्ति हुए हैं, जिन्होंने अत्यन्त प्रसिद्ध ग्रन्थ 'प्रमाणवार्तिक' लिखा है। प्रमाणवार्तिक बौद्ध दर्शन का अत्यन्त प्रसिद्ध व महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है।

सौत्रान्तिक मत में प्रत्यक्ष के विना ही अनुमान द्वारा बाह्य जगत की सत्ता को माना गया है। इस मत में उत्तम तत्त्वज्ञान के द्वारा मोक्ष-प्राप्ति माना गया है। इस मत में भावनाचतुष्टय की मान्यता है। "सर्वं क्षणिकं क्षणिकं"—सारा जगत क्षणिक है, "दुखं-दुखं"—सारा जगत दुःखमय है, "स्वलक्षणं-स्वलक्षणं"—सारा जगत लक्षण व नाम-रूपमात्र है, "शून्यं-शून्यं"—सारा जगत् शून्य है—यही भावनाचतुष्टय कहा गया है। भावनाचतुष्टय के द्वारा तत्त्वज्ञान का उदय होता है। इस मत में सूत्रपिटक के सिद्धान्तों को मुख्याधार माना गया है। अतएव इसे सौत्रान्तिक कहते हैं। बौद्ध दर्शन के सौत्रान्तिक मत का उदय सूत्रपिटक से ही हुआ है।

वैभाषिक मत में भगवान बुद्ध के परस्पर विरुद्ध उपदेशों का समन्वय करके तत्त्वज्ञान का निर्णय किया गया है, इसीलिए इसको वैभाषिक कहते हैं। इस मत में जगत के बाह्य व आन्तरिक सभी पदार्थ सत्य माने गए हैं। सत्य का साक्षात्कार प्रत्यक्ष द्वारा होता है। इस मत का दूसरा नाम सर्वास्तिवाद है। इस मत का सिद्धान्त-ज्ञान तीसरी शताब्दी के सुप्रसिद्ध विद्वान् आचार्य वसुबन्धु द्वारा लिखित अभिधर्मकोष ग्रन्थ द्वारा होता है। अभिधर्मकोष इस दर्शन का महान् ग्रन्थ है। सर्वप्रथम आचार्य वसुबन्धु भी वैभाषिक ही थे, किन्तु बाद में आचार्य असङ्ग के उपदेशों से प्रभावित होकर उन्होंने योगाचार मत स्वीकार कर लिया था।

यद्यपि बौद्ध दर्शन का सहित्य विशाल है, तथापि निम्नलिखित ग्रन्थ प्रसिद्ध व उपलब्ध माने जाते हैं—अभिधम्मत्थसंगहो—अनिरुद्धाचार्यकृत। अभिधर्मसमुच्चयः—असंगकृत। अभिधर्मामृतम्—घोषककृत। अभिधर्मार्थसंग्रहः—भिक्षुवरसम्बोधिकृत। प्रज्ञापारमिता, अभिसमयालङ्कारालोक—हरिभद्रविरचित। प्रज्ञाप्रदीप, प्रतिमोक्षसूत्र, लंकावतारसूत्र, विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि—वसुबन्धुकृत। विग्रहव्यावर्तिनी, प्रमाणविध्वंसन, उपायकौशल्य, माध्यमिककारिका, युक्तिषष्टिका—नागार्जुनकृत। तत्त्वसंग्रह—शान्तरक्षितकृत। विसुद्धिमग्ग—बुद्धघोषकृत। मिलिन्द्रप्रश्न इत्यादि।

हिन्दी भाषा में लिखे गए राहुल सांकृत्यायनकृत "बौद्धदर्शन", आचार्य नरेन्द्रदेवकृत "बौद्धदर्शन और धर्म" एवं "बौद्धधर्मदर्शन", पं० बलदेव उपाध्यायकृत "बौद्धदर्शनमीमांसा" आदि भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ हैं।

## न्यायदर्शन-परिचय

न्यायशास्त्र के प्रवर्तक महर्षि गोतम मुनि हैं। इनके मत में षोडश पदार्थों के ज्ञान से मुक्ति मानी गई है। महर्षि गोतमविरचित न्यायसूत्र ही इस दर्शन का मूलाधार है। न्यायसूत्र ग्रन्थ में पाँच अध्याय हैं। प्रत्येक अध्याय दो-दो आह्निकों में विभक्त है। न्यायदर्शन के सूत्रों की संख्या ५३१ है। सम्पूर्ण ग्रन्थ में १६ पदार्थों का उद्देश्य, लक्षण व परीक्षा निरूपित किया गया है। इस शास्त्र में प्रमाणों द्वारा द्वादश प्रमेयों (विषयों) का परीक्षण किया गया है। सम्पूर्ण ग्रन्थ में पूर्वपक्ष, उत्तरपक्ष एवं सिद्धान्त पक्ष की स्थापना करके सूत्रों की रचना की गई है। पहले अध्याय में षोडश पदार्थों के उद्देश्य व उनके लक्षण निरूपित किए गए हैं, तत्पश्चात् दूसरे से पाँचवें अध्यायपर्यन्त षोडश पदार्थों की परीक्षा पूर्वपक्ष, उत्तरपक्ष व सिद्धान्त पक्ष के आधार पर की गई है।

महर्षि गोतम के न्यायसूत्रों पर वात्स्यायन मुनि का भाष्य है, जिसे न्यायभाष्य कहते हैं। न्यायभाष्य अपने ढंग का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण व अद्वितीय ग्रन्थ है। न्यायभाष्य पर श्रीमदुद्योतकर का लिखा हुआ न्यायवार्तिक है, जो अत्यन्त महत्त्वपूर्ण व प्रौढ़ साहित्य है। न्यायवार्तिक में न्यायसूत्रों तथा न्यायभाष्य के सभी रहस्यों का अद्वितीय ढंग से प्रतिपादन किया गया है। षड्दर्शनाचार्य श्री वाचस्पति मिश्र ने न्यायवार्तिक पर न्यायवार्तिकतात्पर्यटीका लिख कर सोने में सुगन्ध उत्पन्न कर दिया है। इस टीका पर न्यायमूर्ति श्री उदयनाचार्य की टीका 'तात्पर्यपरिशुद्धि' एवं उस पर भी आचार्य वर्द्धमानोपाध्याय की 'प्रकाश' व्याख्या विशेष महत्त्व की है। न्यायसूत्रों पर विश्वनाथ तर्कपञ्चानन की वृत्ति भी महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। संस्कृत वाङ्मय में उपरोक्त ग्रन्थ ही प्राचीन न्याय के नाम से जाने जाते हैं।

पूर्व मध्ययुग में भारतीय संस्कृति में उथल-पुथल हुआ। प्राचीन सूत्रग्रन्थों का प्रभाव क्षीण होने लगा। वादों और मत-मतान्तरों की धूम मच गई। बौद्ध और जैन दार्शनिकों ने अपने प्रबल विवादों, युक्तिपूर्ण तर्कों, ओजस्वी शास्त्रार्थों व जटिल परिष्कारपूर्ण निबन्धों द्वारा गौतम-न्याय व कणाद के वैशेषिक दर्शन पर बौद्धिक प्रहार करना आरम्भ किया। ऐसी परिस्थिति में विपक्षियों को मुँहतोड़ उत्तर देने के लिए तथा न्याय शास्त्र की प्रतिष्ठा व गौरव के रक्षार्थ न्यायमूर्ति श्री गंगेशोपाध्याय ने नव्यन्याय को जन्म दिया। नव्यन्याय में उन्होंने गौतम-न्याय व कणाद के वैशेषिक दर्शन का समन्वय करके प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान व शब्दरूप प्रमाणचतुष्टय के आधार पर चार प्रकरणों में बारह हजार श्लोकों की योग्यता में तत्त्वचिन्तामणि नामक महान ग्रन्थ लिखा। यह न्यायतत्त्वचिन्तामणि ही



नव्यन्याय का मौलिक ग्रन्थ है। इसकी रचना विक्रम की बारहवीं शताब्दी में हुई। तत्त्वचिन्तामणि पर श्री रघुनाथ तर्कशिरोमणि ने दीधिति नाम की टीका लिखी, जो अपने आप में अत्यन्त प्रौढ़ व महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ ही है। तत्त्वचिन्तामणि व दीधिति टीका पर माथुरनाथ ने माथुरी, श्री गदाधरभट्टाचार्य ने गादाधरी एवं श्री जगदीश तर्कालङ्कार ने जागदीशी टीका लिखी, जो कि मूल ग्रन्थ—तत्त्वचिन्तामणि से भी अधिक प्रौढ़, विशाल एवं महत्त्वपूर्ण परिष्कार ग्रन्थ के रूप में हैं। इनके अतिरिक्त न्यायतत्त्वचिन्तामणि पर कणाद तर्कवागीश, हरिदास न्यायालंकार, वाचस्पति मिश्र, शंकर मिश्र, पक्षधर मिश्र, वर्द्धमानोपाध्याय, रुचिदत्त मिश्र, जयराम न्यायपञ्चानन, हरिराम, रघुदेव आदि विद्वानों की विशद टीकाएँ भी उपलब्ध होती हैं। उपरोक्त ग्रन्थों का साहित्य ही नव्यन्याय कहलाता है। इनके अतिरिक्त निम्नलिखित ग्रन्थ भी नव्यन्याय के साहित्य हैं—

न्यायमूर्ति उदयनाचार्यविरचित न्यायकुसुमाञ्जलि एवं आत्मतत्त्वविवेक; श्री जगदीश तर्कालंकारविरचित शब्दशक्तिप्रकाशिका, तर्कामृतम् एवं पदार्थतत्त्वनिर्णयः; श्री रघुनाथ तर्कशिरोमणिविरचित पदार्थतत्त्वनिरूपणम्, नञ्वादः और आख्यातवादः; न्यायशिरोमणि माथुरनाथविरचित सिद्धान्तरहस्यम् और बौद्धाधिकार-रहस्यम्; न्यायमूर्ति गदाधरभट्टाचार्यकृत रत्नकोशवादरहस्यम्, आख्यातवादः, कारकवादः, नञ्वादः, मुक्तिवादः, विषयतावादः, शक्तिवादः, व्युत्पत्तिवादः, स्मृतिसंस्कारवादः आदि। ये सभी ग्रन्थ नव्यन्याय के अत्यन्त महत्त्वपूर्ण परिष्कार ग्रन्थ हैं। नव्यन्याय, ग्रन्थों की भाषा अत्यन्त जटिल, परिष्कारपूर्ण और तर्कयुक्त है। नव्यन्याय की इसी जटिलता, तर्कपूर्ण युक्ति और ओजस्वी परिष्कार को सुन कर न्यायशास्त्र पर तीखे प्रहार करने वाले विपक्षी विद्वान् घबड़ाने लगे। शास्त्रार्थ सभाओं में नव्य नैयायिकों के परिष्कारपूर्ण विवादों व तर्कपूर्ण समाधान को देखकर उनके सम्मुख परास्त होकर वे घुटने टेकने लगे। न्यायशास्त्र के सिद्धान्तों के विजय की सर्वत्र धूम मच गई। विद्वत्ता और ओजस्व-वर्चस्व हेतु व तार्किक बनने के लिए नव्यन्याय का अध्ययन आवश्यक हो गया। इस नव्यन्याय का साहित्य भाषा में जटिल, तर्क में अत्यन्त प्रौढ़ एवं परिष्कारपूर्ण है॥

## सांख्यदर्शन-परिचय

सांख्यशास्त्र के प्रवर्तक कपिल महामुनि हैं, जिन्होंने अपने योगज ज्ञान द्वारा जगत के कल्याणार्थ सांख्य विज्ञान का प्रवर्तन किया। "नहि सांख्यसमं ज्ञानं नास्ति योगसमं बलम्" सांख्य के समान कोई शास्त्र नहीं और योग के समान कोई बल नहीं। न्याय और वैशेषिक के ज्ञान से जब बुद्धि पदार्थ-विज्ञान में परिपक्व व अभ्यस्त हो जाती है तब सांख्य दर्शन के प्रकृति-पुरुष-विवेक की योग्यता

जाती है। इस शास्त्र में हेय-हीन-हान-हानोपाय द्वारा प्रकृति और पुरुष के यथार्थ स्वरूप का बोध कराया गया है। सांख्य दर्शन में पच्चीस तत्त्वों का विवेचन किया गया है। मूल प्रकृति, उसकी सात विकृतियाँ, सोलह विकार और पुरुष (आत्मा)—यही पच्चीस तत्त्व हैं, जिनका विशद विवेचन इस शास्त्र में किया गया है।

इनके मत में मूल प्रकृति अव्यक्त एवं पुरुष चैतन्यमय के संयोग से सृष्टि का उदय होता है। सत्त्व, रज एवं तम की साम्यावस्था मूल अव्यक्त प्रकृति अथवा प्रधान है, जो कि जड़ है। इन तीनों गुणों में जब विषमता आती है तभी सृष्टि का उदय होता है। चैतन्यमय पुरुष नित्य, अव्यक्त व कूटस्थ है। अविवेक के कारण जड़ प्रकृति अथवा प्रधान से उसका संयोग होता है। दोनों के संयोग से सर्वप्रथम महत्तत्त्व व अहंकार उत्पन्न होते हैं, फिर रूप-रस-गन्ध-स्पर्श-शब्द—पञ्च तन्मात्रायें व नेत्र, जिह्वा, नासिका, त्वचा व श्रोत्र—पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और गुदा, उपस्थ, हाथ, पैर और वाणी—पाँच कर्मेन्द्रियाँ, मन और पृथ्वी, जल, वायु, तेज, आकाश—ये पञ्च महाभूत उत्पन्न होते हैं।

चैतन्यमय पुरुष की भौतिक व प्राकृतिक तत्त्वों के अतिरिक्त भी सत्ता है, जो कि अविवेक से प्रकृति में बँधता है, दुःख भोगता है और पुनः प्रकृति का ज्ञान हो जाने पर विवेक द्वारा वह मुक्त हो जाता है, अपने आनन्दस्वरूप में स्थित हो जाता है। विवेक उदय हो जाने पर प्रकृति पुरुष के प्रति उदासीन हो जाती है। उसके बन्धन टूट जाते हैं। पुरुष अपने यथार्थ स्वरूप में स्थित हो जाता है। फिर उसके लिए न बन्धन है, न संसार है, न जन्म-मरण का चक्र है, न पुण्य है, न ही पाप है। वह सबसे मुक्त हो जाता है और इसी को कैवल्य अथवा मुक्ति कहते हैं। दैहिक, दैविक और भौतिक दुःखों से छूट कर मुक्त हो जाना ही परम पुरुषार्थ है।

कुछ विद्वानों के मत में सांख्य निरीश्वरवादी दर्शन है। उसमें ईश्वर की मान्यता का खण्डन है, किन्तु यह मत सांख्य शास्त्र के वास्तविक स्वरूप को न जानने वालों का भ्रममात्र है। ईश्वर की मान्यता पुरुष के अन्तर्गत है। मुक्त पुरुष प्रधान का प्रेरक ईश्वर है। अविवेकी बद्ध पुरुष आत्मा व जीव है; अतः सांख्य दर्शन निरीश्वरवादी नहीं है। हाँ, सांख्य शास्त्र में ईश्वर के गुणगान के लिए ढपली नहीं पीटी गई है। महर्षि कपिल ने तो स्पष्ट शब्दों में कहा है कि "तत्सन्निधानाद-धिष्ठातृत्वं मणिवत्" अर्थात् परम पुरुष ईश्वर के सन्निधान से ही प्रकृति में कर्तृत्व आता है, जैसे कि जपाकुसुम के पास मणि रख दिया जाय तो कुसुम के सन्निधान से उसका रंग मणि में भासित होने लगता है।

महर्षि कपिल के लिखे हुए सांख्यसूत्र सांख्य दर्शन के नाम से विख्यात हैं। सांख्य दर्शन में छः अध्याय हैं। सम्पूर्ण ग्रन्थ के सूत्रों की संख्या ५३७ है। सांख्य-



सूत्रों पर अनिरुद्धाचार्य की वृत्ति है। सोलहवीं शताब्दी में सांख्यशास्त्र एवं योग के प्रख्यात विद्वान्, दार्शनिकशिरोमणि श्रीविज्ञानभिक्षु ने सांख्यसूत्रों पर अत्यन्त महत्त्वपूर्ण विस्तृत भाष्य लिखा, जिसे सांख्यप्रवचनभाष्य कहते हैं। यह भाष्य अत्यन्त विशद, महत्त्वपूर्ण व अद्वितीय है। सांख्यसूत्रों के अतिरिक्त महर्षि कपिल का ही लिखा हुआ सांख्यतत्त्वसमास भी है, जिसमें केवल सोलह सूत्र हैं। महर्षि ने इन्हीं सोलह सूत्रों में सांख्यशास्त्र का निचोड़ प्रकाशित किया है।

सांख्यतत्त्वसमास पर क्षेमेन्द्रविरचित सांख्यतत्त्वविवेचन, सांख्यप्रदीप आदि ग्रन्थों से युक्त सांख्यसंग्रह आदि विस्तृत भाष्य व टीकाग्रन्थ हैं। विक्रम की प्रथम शताब्दी में सांख्य शास्त्र के महामनीषी विद्वान् सांख्यमूर्ति श्री ईश्वरकृष्ण ने सांख्यकारिका बनाई। इस ग्रन्थ में केवल सत्तर कारिकाओं को बनाकर सांख्यदर्शन के सम्पूर्ण विषय को अत्यन्त स्पष्ट एवं युक्तिपूर्ण ढंग से आर्या छन्द में प्रकाशित किया गया है। श्री ईश्वरकृष्ण ने सांख्यकारिका द्वारा गागर में सागर की उक्ति को चरितार्थ किया है। यह सांख्यशास्त्र का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है।

सांख्यकारिका पर षड्दर्शनाचार्य वाचस्पतिमिश्र की टीका सांख्यतत्त्वकौमुदी है, जो कि सांख्यशास्त्र का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण एवं अपने ढंग का अद्वितीय ग्रन्थ है। सांख्यतत्त्वकौमुदी ने केवल कारिकाओं की टीकामात्र न रह कर सांख्य साहित्य में अपना स्वतन्त्र ढंग का महत्त्वपूर्ण एवं विशिष्ट स्थान प्राप्त कर लिया है। सांख्यतत्त्वकौमुदी के अतिरिक्त सांख्यकारिका पर आचार्य माठरकृत माठरवृत्ति, पाँचवीं शताब्दी के आचार्य गौडपादकृत युक्तिदीपिका, श्री शंकराचार्यकृत जय-मंगला आदि टीकाएँ भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। सांख्यशास्त्र पर सांख्यमूर्ति श्री विज्ञानभिक्षु का लिखा हुआ निबन्धग्रन्थ सांख्यसार है, जिसमें शास्त्र का विषय महत्त्वपूर्ण ढंग से प्रतिपादित है। सांख्यकारिकाओं पर योगी नरहरिनाथ की श्लोकबद्ध सांख्यवसन्त टीका भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

## जैनदर्शन-परिचय

भारतीय दर्शनों में जैन दर्शन का साहित्य जितना विशाल है, उतना किसी अन्य का नहीं। जैन दर्शन के अन्तिम उपदेशक स्वामी वर्द्धमान महावीर हैं, जो कि इसके अन्तिम तीर्थङ्कर हैं। यद्यपि इनके पूर्व के तीर्थङ्करों ने भी समय-समय पर जैन धर्म व दर्शन का उपदेश दिया, किन्तु महावीर स्वामी ने बारह वर्षों का कठोर तप करके परम सत्यरूप मोक्ष का साक्षात्कार किया और लोककल्याणार्थ जैन धर्म व दर्शन का उपदेश दिया। महावीर स्वामी ने दिगम्बर वेष में सब जगह घूम-घूम कर अपनी योगज अनुभूति के आधार पर जीवन, जगत और मोक्ष के सम्बन्ध में उपदेश दिया। उन्हीं उपदेशों के आधार पर उनके शिष्यों व जैनदार्शनिकों ने जैनदर्शन-ग्रन्थों की रचना की। जिस प्रकार

बौद्धग्रन्थ अधिकतर पाली भाषा में हैं उसी प्रकार जैनग्रन्थ प्राकृत और अपभ्रंश भाषा में अधिक निबद्ध हैं। संस्कृत भाषा में भी जैनदर्शन का विशाल साहित्य है। बौद्धों के मौलिक ग्रन्थ त्रिपिटक की भांति ही इनके मत के मौलिक ग्रन्थ 'त्रिरत्न' हैं। त्रिरत्नों में जैनदर्शन के मौलिक सिद्धान्त लिपिबद्ध हैं। इस मत में मोक्ष परम लक्ष्य है, मोक्ष के साधन तीन हैं—१. सम्यग्दर्शन, २. सम्यक् ज्ञान, और ३. सम्यक् चरित्र। सम्यग्दर्शन से धर्म व दर्शन में श्रद्धा उत्पन्न होती है। अर्हत् दर्शन से हृदय में सत्त्वगुणयुक्त श्रद्धा उत्पन्न होती है। इसी साधन के अन्तर्गत जैन मत में अर्हत् स्वामी महावीर व अन्य तीर्थङ्करों के प्रतिमा की स्थापना व पूजन का विधान किया गया है।

जीव, अजीव, आस्त्रव, बन्ध, सम्वर, निर्जर एवं मोक्ष —इन सातों का यथार्थ ज्ञान ही सम्यक् ज्ञान कहलाता है।

अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह व्रत का पूर्ण पालन करना सम्यक् चरित्र कहलाता है।

त्रिरत्न के अतिरिक्त प्रारम्भिक दर्शनग्रन्थों में उमास्वामीविरचित तत्त्वार्थसूत्र, कुन्दकुन्दाचार्यविरचित प्रपञ्चसार एवं समन्तभद्रकृत आप्तमीमांसा मुख्य ग्रन्थ माने जाते हैं। ये तीनों ही आचार्य ईसा की तीसरी शताब्दी के विद्वान् हैं। मध्ययुगीय जैन दार्शनिकों में पाँचवीं शताब्दी के सिद्धसेन, आठवीं शताब्दी के हरिभद्रसूरि, नवीं शताब्दी के विद्यानन्द और ग्यारवीं शताब्दी के हेमचन्द्र के नाम अतिप्रसिद्ध हैं। अकलंक का राजवार्तिक और स्वामी विद्यानन्द का श्लोकवार्तिक भी प्रमुख ग्रन्थ है। हेमचन्द्रविरचित प्रमाणमीमांसा जैन दर्शन का अत्यन्त प्रसिद्ध व महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इनके अतिरिक्त अनन्तवीर्य के प्रमेयरत्नमाला, सप्तभङ्गितरंगिणी, सर्वार्थसिद्धि और गोमठसार; नेमिचन्द्रकृत जीवाभिगमसूत्र; यशोविजय की जैनतर्कपरिभाषा और प्रवचनसार; मल्लिसेनविरचित स्याद्वादमञ्जरी, प्रमेयकमलमार्तण्ड, अष्टसाहस्री, तत्त्वार्थराजवार्तिक और न्यायकुमुदचन्द्रोदय आदि जैनदर्शन के प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं। सुन्दरसूरिकृत—अध्यात्मकल्पद्रुम, मार्तण्डमल्लविरचित—अध्यात्मकमल, शुभचन्द्राचार्यकृत ज्ञानार्णवः, उमास्वामिविरचित तत्वार्थाधिगमसूत्र, अकलंकदेवकृत न्यायविनिश्चय, सिद्धसेनविरचित न्यायावतार, अभिनवचारुकीर्तिविरचित प्रमेयरत्नालंकार आदि ग्रन्थ भी अतिशय प्रसिद्ध हैं। हिन्दी में लिखे गए सुखलालसंघवीकृत जैनतत्त्वज्ञान, महेन्द्रकुमारकृत जैनदर्शन, चैनसुखदासकृत जैनदर्शनसार, दलसुखभाईकृत जैनदार्शनिक साहित्य का सिंहावलोकन तथा जैन दार्शनिक साहित्य के विकास की रूपरेखा विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।



जैन दर्शन में दो से नव तत्त्वों तक का भेद है। दो तत्त्व जीव और अजीव हैं। पाँच तत्त्व—जीव, अजीव, आकाश, धर्म व पुद्गल हैं। सात तत्त्व—जीव, अजीव, आस्त्रव, वन्ध, संवर, निर्जर एवं मोक्ष हैं। नव तत्त्व—जीव, अजीव, आस्त्रव, बन्ध, संवर, निर्जर, मोक्ष, पुण्य और अपुण्य हैं।

जैन मत में जीव का कोई अपना परिमाण नहीं है। यह जिस-जिस योनि में जाता है उसी के परिमाण का हो जाता है। यह संकोच और विकासशील है। इतना होने पर भी जीव नित्य है। जीव का प्रत्यक्ष नहीं होता, बल्कि चैतन्यादि गुणों से उसका अनुमान किया जाता है। जीव अनन्त है, चैतन्य गुणयुक्त है। मुक्तावस्था में जीव अनन्त ज्ञान वाला हो जाता है और उसकी शक्ति भी अनन्त हो जाती है। मुक्त जीव को ही ईश्वर कहते हैं। जीव की अनन्त श्रेणियाँ हैं। पृथ्वी, जल, वायु व खनिज पदार्थों में भी जीव होते हैं। चैतन्य से अतिरिक्त जड़ को अजीव कहते हैं। अजीव के चार भेद होते हैं—१. धर्म, २. अधर्म, ३. पुद्गल और ४. आकाश। आकाश को छोड़कर शेष तीन को अस्तिकाय कहते हैं। सावयव और सत् पदार्थ का नाम ही अस्तिकाय है। आकाश सर्वत्र व्यापक है। जो सब प्रकार की गति व उन्नति का हेतु है, वह धर्म है। जो सबकी स्थिति का कारण है वह अधर्म है। भौतिक तत्त्व को पुद्गल कहते हैं। वह दो प्रकार का है—१. अणुपुद्गल और २. स्कन्ध पुद्गल। जो सूक्ष्मातिसूक्ष्म है, जिसका विभाग नहीं हो सकता उसे अणु पुद्गल कहते हैं। अणु के समुदाय को स्कन्ध पुद्गल कहते हैं। पुद्गल में स्पर्श, रस और वर्ण—ये तीन गुण होते हैं। जीव और कर्मपरमाणुओं की गति को आस्त्रव कहते हैं। जीव और कर्म के संयोग को बन्ध कहते हैं। आस्त्रव के प्रवाह को रोकने को संवर कहते हैं। कर्मपरमाणुओं द्वारा जीव को छोड़ देने को निर्जर कहते हैं। कर्मपुद्गल से छूटने को मोक्ष कहते हैं। जिससे जीव का स्वाभाविक प्रकाशमय स्वरूप ढंक जाय उसे पाप कहते हैं। जीव को मुक्ति की ओर ले जाने वाले कर्म को मोक्ष कहते हैं। आस्त्रव संसार का हेतु है और संवर मोक्ष का हेतु है। सम्यग्दर्शन, सम्यक् ज्ञान, सम्यक् चरित्र—ये तीन मोक्ष के उपाय हैं। इस मत में ईश्वर को स्वीकार नहीं किया गया है। संसार किसी का बनाया हुआ नहीं है, बल्कि यह प्रवाह से ऐसे ही चला आ रहा है। इसलिए इसकी रचना के लिए किसी ईश्वर को मानने की आवश्यकता नहीं है। जैनदर्शन को स्याद्वाद भी कहते हैं। स्याद्वाद में सप्तभंगीन्याय है, जैसे—१. स्यादस्ति (शायद है), २. स्यान्नास्ति (शायद नहीं है), ३. स्यादस्ति नास्ति च (शायद है भी और नहीं भी), ४. स्यादवक्तव्यः (शायद कहने योग्य नहीं है), ५. स्यादस्ति चाववतव्यः (शायद है, लेकिन कहने योग्य नहीं है), ६. स्यान्नास्ति चावक्तव्यः (शायद है भी नहीं और कहने योग्य भी नहीं है) और

७. स्यादस्ति च नास्ति चावक्तव्यः (शायद है भी और नहीं भी है तथा कहने योग्य भी नहीं है)। इस प्रकार इन्हीं सात न्यायों से सभी पदार्थों की दार्शनिक व्याख्या की जाती है।

## वैशेषिकदर्शन-परिचय

वैशेषिक दर्शन के प्रवर्तक महर्षि कणाद हैं। ये न्याय दर्शन के प्रवर्तक महर्षि गोतम के समकालीन थे। यह परम तपस्वी, उच्चकोटि के वैराग्यवान, शिलोञ्छ वृत्ति वाले, परम वैज्ञानिक और महान तार्किक महर्षि थे। यह इतने विरक्त व त्यागी थे कि शिलाकण बीनकर खाते थे। उसी से इनका नाम कणाद पड़ा। इनकी सेवा में उपस्थित महाराज्य का वैभव और धनिकों की उपहार-सामग्रियाँ इनके लिए तुच्छ, नगण्य व त्याज्य थे। विज्ञान के सबसे बड़े चमत्कारपूर्ण विषय परमाणुवाद के जन्मदाता यही थे। इसीलिए इन्हें कणादि कहा जाता है। गौतम न्याय में षोडश पदार्थों का तर्कपूर्ण प्रतिपादन किया गया है। महर्षि कणाद ने द्रव्य-गुण-कर्म-सामान्य-विशेष-समवायरूप षट् पदार्थों का विशेष रूप से प्रतिपादन किया है। इसीलिए इनके शास्त्र का नाम वैशेषिक दर्शन पड़ा है। इस दर्शन में द्रव्य-गुण-कर्म-सामान्य-विशेष और समवाय— इन छः पदार्थों का तर्कपूर्ण प्रतिपादन किया गया है। वैशेषिक दर्शन विशिष्ट न्याय द्वारा भौतिक व आध्यात्मिक पदार्थों के यथार्थ स्वरूप का प्रतिपादन करता है। इस दर्शन में द्रव्य-गुण-कर्म-सामान्य-विशेष-समवाय छः पदार्थों को साधर्म्य-वैधर्म्यपूर्वक जान लेने से मोक्ष की प्राप्ति मानी गई है। यथा—"धर्मविशेषप्रसूतात् द्रव्यगुणकर्मसामान्य-विशेषसमवायानां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसाधिगमः।"

अर्थात् जिससे अभ्युदय और निःश्रेयस की सिद्धि हो वह धर्म है। उस धर्म के प्रतिपादन करने से ही वेद की प्रामाणिकता है।

वैशेषिक और न्यायदर्शन में विशेष मतभेद नहीं है। अतः बहुत से लोग दोनों को न्याय के अन्तर्गत ही मान लेते हैं। नव्यन्याय में दोनों का समन्वय किया गया है। किन्तु यदि गम्भीर विचार किया जाय तो दोनों में मतभेद है। यह मत-भेद व्यावहारिक दृष्टि से है। न्याय में सोलह पदार्थों के ज्ञान से मोक्ष माना गया है, जबकि वैशेषिक में छः पदार्थों के ज्ञान से ही मोक्ष माना गया है। न्याय में प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द चार प्रमाण माने गए हैं, जबकि वैशेषिक में चारों का प्रमाणों उल्लेख नहीं है। इस दर्शन में संसार की व्यावहारिक सत्ता का विश्लेषण अत्युत्तम रीति से किया गया है। आजकल के वैज्ञानिक भी पदार्थों के ज्ञान में इनसे आगे नहीं बढ़ पाये हैं। इन वैज्ञानिकों को वास्तविक तत्त्वज्ञान तक नहीं हुआ है। उनके आविष्कार मानव को सुख से विमुख करने वाले हैं



और उनसे केवल मानवता का विनाश ही हो सकता है। परमाणुवाद का सिद्धान्त प्रथमतः कणाद की ही देन है। विदेश के दार्शनिकों व वैज्ञानिकों ने कणादि के सिद्धान्तों का ही अनुसरण किया है। यूनानी दार्शनिक देमोक्रितु ने परमाणुवाद, पिथागोर ने सामान्य एवं प्लेटो ने सामान्यविशेष का सिद्धान्त कणाद के वैशेषिक से ही लिया है। अरस्तू ने पदार्थों के वर्गीकरण में वैशेषिक का ही अनुसरण किया है। वैशेषिक दर्शन का उल्लेख सांख्य दर्शन में भी आया है, यथा "न वयं षट् पदार्थवादिनो वैशेषिकादिवत्"। इस सांख्यसूत्र से सिद्ध होता है कि गोतम कपिल और कणाद समकालीन ही थे।

वैशेषिक दर्शन में धर्म और सदाचार को भी मान्यता दी गई है। षष्ठाध्याय में वर्णाश्रम धर्म का भी उल्लेख है। योग से तत्त्वज्ञान तथा आत्मसाक्षात्कार को भी माना गया है, क्योंकि बिना योग के पदार्थों का प्रत्यक्ष वास्तविक रूप से नहीं होता है। धर्मानुष्ठान से अन्तःकरण की शुद्धि होती है, अन्तःकरण-शुद्धि से वैराग्य आता है, वैराग्य से योगाभ्यास होता है और योगाभ्यास से तत्त्व का साक्षात्कार होता है। इस प्रकार तत्त्वज्ञान के लिए वर्णाश्रम धर्म का पालन व धर्मानुष्ठान आवश्यक है। धर्म में वेदों को ही प्रमाण माना गया है, जैसे कि—

तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम् ॥

अर्थात् धर्म का प्रतिपादक होने के कारण वेदों को ही धर्म में प्रमाण मानना चाहिए।

वैशेषिक दर्शन दस अध्यायों में विभक्त है और प्रत्येक अध्याय में दो-दो आह्निक हैं। वैशेषिक दर्शन पर प्रशस्तपादाचार्य द्वारा लिखित पदार्थधर्मसंग्रह नामक अत्यन्त विस्तृत व महत्त्वपूर्ण भाष्य है। इस भाष्य पर श्रीधराचार्य ने (सन् ९९१) न्यायकन्दली, न्यायमूर्ति श्री उदयनाचार्य ने (ईसा की दशवीं शताब्दी) किरणावली, श्री व्योमशिवाचार्य ने (ईसा की ८वीं शताब्दी) व्योमवती, श्री वल्लभाचार्य ने (१२वीं शताब्दी) न्यायलीलावती, जगदीश भट्टाचार्य ने भाष्यसूक्ति, शंकर मिश्र ने कणादरहस्य, पद्मनाभ मिश्र ने सेतु, मल्लिनाथ सूरि ने भाष्यनिष्कर्ष टीकाएँ लिखी हैं। किरणावली, न्यायकन्दली व न्यायलीलावती पर भी अनेक टीकाएँ हुई हैं। वैशेषिक सूत्रों पर रावणभाष्य, भारद्वाजीय वृत्ति, शंकर मिश्र का उपस्कार, कणादसूत्रविवृत्ति, वैशेषिकभाष्य, कणादसंग्रह आदि अनेक ग्रन्थ लिखे गये हैं॥

## जैमिनीय-दर्शन-(पूर्वमीमांसा)-परिचय

जैमिनीय दर्शन अथवा पूर्वमीमांसा के प्रवर्तक महर्षि जैमिनि हैं। ये वेदान्त दर्शन के प्रवर्तक महर्षि वेदव्यास के समकालीन थे। सम्पूर्ण वेदों का विषय

दो भागों में विभक्त है—१. कर्मकाण्ड और २. ज्ञानकाण्ड। कर्मकाण्डप्रतिपादक वेदमन्त्रों में लौकिक अभ्युदय एवं निःश्रेयस की प्राप्ति के लिए यज्ञानुष्ठान एवं धर्माचरण की प्रेरणा व विधान है। इसमें वैयक्तिक व सामाजिक सुख के लिए विभिन्न प्रकार के यज्ञों व कर्मकाण्डों का प्रतिपादन किया गया है। इन्हीं मन्त्रों में सामाजिक संगठनों, राष्ट्र व शासन की स्थापना पर भी अद्वितीय प्रकाश डाला गया है। ज्ञानकाण्ड के वैदिक ऋचाओं में पदार्थविज्ञान, आत्मा, परमात्मा आदि सूक्ष्म आध्यात्मिक तत्त्वज्ञान का प्रतिपादन किया गया है। ज्ञानकाण्डप्रतिपादक वेदमन्त्रों के आधार पर ऋषियों, मुनियों व तत्त्ववेत्ता दार्शनिकों ने पर्वतों, वनों और नदियों के सुरम्य तटों पर वैराग्यपूर्वक एकान्त जीवन में तत्त्वज्ञान व आत्मसाक्षात्कार करके उपनिषदों की रचना किया; जिसमें पदार्थविज्ञान, आत्मा, परमात्मा, बन्धन, मोक्ष आदि विषयों पर सर्वोत्कृष्ट, अत्यन्त उच्चकोटि के ज्ञान-विज्ञान का प्रतिपादन किया गया। इन्हीं उपनिषदों के आधार पर महर्षि वेदव्यास ने वेदान्त दर्शन के सूत्रों की रचना की, जिसे वेदों का उत्तरमीमांसा अथवा ब्रह्मसूत्र कहते हैं। उपनिषद साहित्य एवं व्यास का वेदान्त दर्शन उत्तरमीमांसा कहा जाता है। बौद्ध युग के अन्त में शंकर, रामानुज, निम्बार्क, बल्लभ; गोविन्द, रामानन्दादि आचार्यों ने उपनिषदों व वेदान्तसूत्रों पर अत्यन्त विस्तृत व महत्त्वपूर्ण भाष्य करके उत्तरमीमांसा का विस्तार किया, जिसके फलस्वरूप अद्वैत, विशिष्टाद्वैत, द्वैत, त्रैतवाद के रूप में वेदान्त के विभिन्न शाखाओं का प्रवर्तन हुआ। इन विभिन्न शाखाओं के अन्तर्गत अनेकानेक दार्शनिक विद्वान हुए, जिन्होंने अपने-अपने मत पर स्वतन्त्र दार्शनिक ग्रन्थों की रचना करके उत्तरमीमांसा साहित्य को अत्यन्त विशाल, व्यापक व समृद्धशाली बनाया। इस प्रकार उत्तरमीमांसा का साहित्य अत्यन्त विशाल व महत्त्वपूर्ण है।

महर्षि जैमिनि ने कर्मकाण्डप्रतिपादक वेदमन्त्रों के आधार पर मीमांसा दर्शन के सूत्रों की रचना की, जिसे वेदों का पूर्वमीमांसा कहते हैं। पूर्वमीमांसा दर्शन ग्रन्थ सभी दर्शनग्रन्थों की अपेक्षा विशाल है, जिसमें बारह अध्याय हैं और प्रत्येक अध्याय में चार पाद हैं।

पूर्वमीमांसा दर्शन में कर्मकाण्ड व यज्ञादि के प्रतिपादक वेदमन्त्रों के स्वरूप व विषयों पर सूक्ष्मतम तर्कपूर्ण दार्शनिक विवेचन किया गया है। वेदों के राष्ट्रीय व कर्मकाण्डविषयक, धर्मप्रतिपादक मन्त्र एवं ब्राह्मणग्रन्थ इस दर्शन के मुख्याधार हैं। इस ग्रन्थ के प्रथमाध्याय में विधि, अर्थवाद, मन्त्र, स्मृति, नामधेय शब्द की प्रामाणिकता पर विचार किया गया है। दूसरे अध्याय में कर्मभेद प्रमाण, अपवाद और प्रयोगभेद का वर्णन है। तीसरे अध्याय में श्रुति,



लिङ्ग, वाक्य, प्रकरण, स्थान, समाख्या, विरोध, प्रतिपत्ति, कर्म, अनारभ्य अधीत, बहुप्रधानोपकारक, प्रयाजादि यजमान का वर्णन है। चौथे अध्याय में प्रधान प्रयोजकत्व, अप्रधान प्रयोजकत्व, जुह्वर्पणादि का फल, राजसूयगत अङ्ग अक्षद्यूतादि का वर्णन है। पाँचवें अध्याय में श्रुतिलिङ्गादि कर्म, वृद्धि, अवर्धन प्रबलता, दौर्बल्य का वर्णन है। छठे अध्याय में अधिकारी धर्म, द्रव्यप्रतिनिधि, अर्थलोपन प्रायश्चित्त, सत्रदेय वह्नि का वर्णन है। सातवें अध्याय में प्रत्यक्ष वचन, अतिदेश, शेषनामलिङ्गातिदेश का विचार है। आठवें अध्याय में स्पष्ट-अस्पष्ट, प्रबल लिङ्गातिदेश, अपवाद का वर्णन है। नवें अध्याय में प्रकृति मन्त्र, साम, संस्कार, कर्म का विकृति में; अतिदेश की प्रकृति-विकृति, अग्नि-सूर्यादि में प्रकृतिगत वाचक पद का त्याग कर विकृति में देवतादि वाचक पद का अध्याहाररूप ऊह का निरूपण है। दसवें अध्याय में बाध, हेतुद्वार, लोपविस्तार, बाधकारण-कार्य, एकत्व ग्रहादि, साम और प्रकीर्ण नञर्थ का विचार किया गया है। ग्यारहवें अध्याय में तन्त्र, उपोद्घात तन्त्र, आवापतन्त्र-प्रपञ्चन, आवापप्रपञ्चन का निरूपण है। अन्तिम बारहवें अध्याय में प्रसङ्गतन्त्र निर्णय, समुच्चय विचार एवं विकल्पविचार किया गया है।

मीमांसा दर्शन पर श्री शबरस्वामी का अत्यन्त विस्तृत, महत्त्वपूर्ण व अद्वितीय भाष्य है, जिसे शाबरभाष्य कहते हैं। मीमांसासूत्रों पर आचार्य उपवर्ष व भवदास की लिखी हुई वृत्ति है। शितिकण्ठभट्ट की सुबोधिनी वृत्ति एवं परमेश्वरविरचित सूत्रार्थसंग्रह भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं।

शाबरभाष्य के आधार पर आगे चल कर तीन मुख्य मत हुए—१. भाट्टमत २. गुरुमत (प्राभाकरमत) और ३. मुरारिमत। विक्रम की सातवीं शताब्दी में कुमारिल भट्ट मीमांसा शास्त्र के महान विद्वान व आचार्य हुए हैं, जिन्होंने उस बौद्ध व जैन काल में भी अपने तर्क व अपूर्व पाण्डित्य से मीमांसा व वेदों का बिगुल बजाकर वैदिक धर्म का पुनरुद्धार किया था। इनके तर्कपूर्ण शास्त्रार्थों से तत्कालीन बौद्धमत व जैन मत के विद्वान् काँप उठे थे। शाबरभाष्य पर लिखे गए इनके दो ग्रन्थ 'तन्त्रवार्तिक' एवं 'श्लोकवार्तिक' अत्यन्त प्रसिद्ध व महत्त्वपूर्ण मीमांसाग्रन्थ हैं। श्री कुमारिल भट्टाचार्य के प्रधान शिष्य श्रीमण्डनमिश्र हुए हैं, जो अपने समय के अत्यन्त प्रसिद्ध, धुरन्धर मीमांसक विद्वान् थे और शंकराचार्य से जिनका शास्त्रार्थ हुआ था। श्री मण्डन मिश्र के लिखे हुए तीन ग्रन्थ—विधिविवेक, भावनाविवेक एवं विभ्रमविवेक प्रसिद्ध हैं। षड्दर्शनाचार्य श्री वाचस्पति मिश्र ने विधिविवेक पर न्यायकणिका टीका लिखी है। मीमांसा पर तत्त्वबिन्दुनामक स्वतन्त्र ग्रन्थ भी इन्होंने लिखा है। श्री कुमारिल भट्टाचार्य के दूसरे शिष्य श्री उम्बेक ने भावनाविवेक एवं श्लोकवार्तिक पर टीका लिखी है। भाट्टमत में श्री पार्थसारथिमिश्रनामक प्रसिद्ध मीमांसक विद्वान् हुए हैं, जिनके लिखे हुए तीन ग्रन्थ अत्यन्त प्रसिद्ध हैं—

१—तर्करत्न ( टुप्टीका की व्याख्या )।
२—न्यायरत्नाकर ( श्लोकवार्तिक की टीका )।
३—शास्त्रदीपिका ( मौलिक ग्रन्थ )।

कुमारिल भट्ट ने शाबर भाष्य पर टुप् टीका लिखी है।

सुप्रसिद्ध वेदभाष्यकार सायणाचार्य के ज्येष्ठ भ्राता माधवाचार्य ने मीमांसा-सूत्रों पर जैमिनीयन्यायमालाविस्तर लिखा है, जो कि अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। विक्रम की अठारहवीं शताब्दी में खण्डदेव मिश्रलिखित भाट्टदीपिका ग्रन्थ अत्यन्त प्रसिद्ध व महत्त्वपूर्ण है। इनके गुरु श्री विश्वेश्वर भट्ट ने मीमांसा-सूत्रों की व्याख्या के रूप में भाट्टचिन्तामणि नामक ग्रन्थ लिखा है। उसी समय के प्रसिद्ध मीमांसक विद्वान् श्री अप्पयदीक्षित ने विधिरसायन और उपक्रमपराक्रमनामक ग्रन्थ लिखा। प्रसिद्ध विद्वान् आपोदेवविरचित "मीमांसान्यायप्रकाश" इस शास्त्र का अत्यन्त प्रसिद्ध ग्रन्थ है, जिसपर इन्हीं के आत्मज द्वारा लिखित भाट्टालंकार टीका भी है।

आचार्य प्रभाकर गुरुमत के प्रवर्तक हुए हैं। यह विक्रम की सातवीं शताब्दी में कुमारिलभट्ट से पहले हुए हैं। इन्होंने शाबरभाष्य पर बृहती, नामक टीका लिखी है। विक्रम की दसवीं शताब्दी में आचार्य शालिकनाथ ने बृहती, ऋजुविमला एवं दीपशिखा नाम की टीकाएँ लिखीं हैं। इनका लिखा सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ प्रकरण-पञ्चिका है। विक्रम की बारहवीं शताब्दी में आचार्य मुरारि हुए है, जिन्होंने शाबरभाष्य पर व्याख्या ग्रन्थ लिखा है।

उपरोक्त ग्रन्थों के अतिरिक्त मीमांसाशास्त्र के निम्नलिखित प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं—

अधिकरणकौमुदी—श्री देवनाथ। अध्वमीमांसावृत्ति—वासुदेव दीक्षित। अर्थवादादिविचार—क्षीरसमुद्रवासी मिश्र। अर्थसंग्रहः—लौगाक्षिभास्कर। कल्पकलिका—हरिहर कृपालु द्विवेदी। गुरुसम्मतपदार्थाः— नारायण। तत्त्वविन्दु—परमेश्वर। तन्त्ररत्नम्—पार्थसारथिमिश्र। तन्त्रसिद्धान्तरत्नावली—चिन्नस्वामी। तौतातितमततिलकम्—भवदेव। नायकरत्नम्—रामानुज। नीतितत्त्वाविर्भावः—चिदानन्द। न्यायविन्दु—वैद्यनाथ। न्यायरत्नमाला— पार्थसारथि मिश्र। न्यायसुधा—सोमेश्वरभट्ट। पूर्वमीमांसाधिकरणकौमुदी—रामकृष्णभट्ट। प्रभाकरविजय—नन्दीश्वर। भाट्टचिन्तामणि— गागाभट्ट। भाट्टदीपिका— खण्डदेव। भाट्टभाषाप्रकाश—नारायणतीर्थ। मीमांसाकोष— केवलानन्द। मीमांसाकौस्तुभ—खण्डदेव। मीमांसा-नुक्रमणिका—मण्डनमिश्र। मीमांसान्यायप्रकाश—चिन्नस्वामी। मीमांसापरिभाषा—कृष्णयज्वा। मीमांसाबालप्रकाश—शंकरभट्ट। मीमांसाभ्युदयः—शैलताताचार्यकृत। मीमांसार्थप्रकाश—लौगाक्षिभास्कर। मीमांसाशास्त्रसर्वस्वम्—हलायुध। मीमांसा-



शास्त्रसार, यज्ञतत्वप्रकाश — चिन्नस्वामी। वाक्यार्थरत्नम्—अहोवलसूरि। विधिरसायनम्—अप्पयदीक्षित। विधिरसायनदूषणम्—शंकरभट्ट। सेश्वरमीमांसा, वेदप्रकाश—सत्यज्ञानन्दतीर्थ। मीमांसादर्शन का इतिहास—मण्डनमिश्र। मीमांसा-सारसंग्रह—शंकरभट्ट। मानमेयोदय—नारायणभट्ट। प्रमाणपञ्चिका इत्यादि।

## दर्शन-परिचय

**प्रश्न**—षड्दर्शनों में न्याय (गौतम), वैशेषिक (कणाद), सांख्य (कपिल), योग ( पतञ्जली ), मीमांसा ( जैमिनि ) और वेदान्त ( व्यास ) का नाम आता है। इस ग्रन्थ में षड्दर्शनों के निरूपण में योग और वेदान्त की चर्चा क्यों नहीं की गई है? योग और वेदान्त के बिना षड्दर्शन का समुच्चय कैसे माना जाय?

**उत्तर**—न्याय-वैशेषिक-सांख्य-योग-मीमांसा-वेदान्त—यह छः शास्त्र वैदिक एवं आस्तिक दर्शन हैं। इन दर्शनों के मूलाधार वेद-उपनिषदादि सद्ग्रन्थ हैं। अतएव वैदिक दर्शनों में इन्हीं छः का नाम आता है। बौद्ध, जैन एवं चार्वाक—ये तीनों अवैदिक एवं नास्तिकमत के दर्शन हैं। इनमें वेदों एवं ईश्वर की मान्यता नहीं है। प्रकृत ग्रन्थ षड्दर्शनसमुच्चय के रचयिता जैनमतावलम्बी प्रसिद्ध विद्वान श्री हरिभद्र सूरि हैं; जिन्हें इस ग्रन्थ में बौद्ध एवं जैन दर्शन का निरूपण ही अभीष्ट था; अतः षड्दर्शनों में योग एवं वेदान्त का नाम ग्रहण व निरूपण न करके उनके स्थान पर बौद्ध एवं जैन दर्शनों का उन्होंने निरूपण किया है। इसमें मुख्य कारण है—बौद्ध और जैन दर्शनों के निरूपण की अनिवार्यता एवं षड्दर्शनसंग्रह की परम्परा व मर्यादा का निर्वाह। षड्दर्शनसमुच्चय ग्रन्थ का नाम रखना भी ग्रन्थकर्ता के लिए आवश्यक था और उसमें बौद्ध एवं जैन दर्शनों का निरूपण तो अनिवार्य था ही; अतः उक्त दोनों प्रयोजनों से ही योग और वेदान्त का यहाँ उल्लेख नहीं किया गया है। यदि उनका भी उल्लेख किया जाता तो इस ग्रन्थ का नाम षड्दर्शन समुच्चय न रख कर सर्वदर्शनसमुच्चय रखना पड़ता।

**प्रश्न**—बौद्ध और जैनदर्शनों के निरूपण के लिए वैदिक दर्शनों में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण योग और वेदान्त को ही क्यों हटाया गया? ग्रन्थकर्ता ने योग और वेदान्त की ही उपेक्षा क्यों की?

**उत्तर**—वैदिक दर्शनों में योग और वेदान्त अत्यन्त प्रौढ़ व गंभीर विचार-पूर्ण दर्शन हैं। न्याय-वैशेषिक-सांख्य और मीमांसा का सम्यक् बोध हो जाने ही पर योग और वेदान्त के चिन्तन की आवश्यकता पड़ती है। योग और वेदान्त के पहले उपरोक्त चारों दर्शनों का ज्ञान आवश्यक है; अतः इस ग्रन्थ में बौद्ध और जैन के साथ इन्हीं चारो को सम्मिलित किया गया है। इस उपक्रम से योग और वेदान्त की उपेक्षा नहीं, अपितु उनकी प्रौढता, गम्भीरता एवं उत्तराङ्गता ही सिद्ध होती

है। समाधिलाभ एवं ब्रह्मसाक्षात्कार के लिए योग और वेदान्त प्रायोगिक दर्शन हैं। इनके ज्ञान के पूर्व न्यायादि चारो दर्शनों का ज्ञान पदार्थविज्ञान व तत्त्वबोध के लिए आवश्यक है। पदार्थविज्ञान एवं तत्त्वज्ञान हो जाने पर ही योग और वेदान्त को समझने की योग्यता आती है। न्याय और वैशेषिक के द्वारा पदार्थ का सम्यक् ज्ञान हो जाता है। सांख्य के द्वारा तत्त्वज्ञान एवं आध्यात्मिक विषयों का बोध हो जाता है। मीमांसा से वेदों के पूर्वाङ्ग का ज्ञान हो जाता हैं। तब जाकर योग द्वारा आत्मसाक्षात्कार एवं वेदान्त द्वारा वेदों के उत्तर भाग ब्रह्मज्ञान की आवश्यकता पड़ती हैं ॥ ३ ॥

## [ बौद्धमतम् ]

**तत्र बौद्धमते तावद्देवता सुगतः किल ।**
**चतुर्णामार्यसत्यानां[1] दुःखादीनां प्ररूपकः ॥४॥**

**अथ द्वारश्लोके प्रथममुपन्यस्तत्वाद्बौद्धमतमेवादावाचष्टे—तत्रेति।**

**तत्र तस्मिन् बौद्धमते सौगतशासने, तावदिति प्रक्रमे सुगतो देवता बुद्धो देवता बुद्धभट्टारको दर्शनादिकरः। किलेत्याप्तप्रवादे। तमेव विशिनष्टि—कथंभूतस्तत्त्वनिरूपकत्वेन प्ररूपको दर्शकः कथयितेति यावत्। केषामित्याह—आर्यसत्यानाम्, आर्यसत्यनामधेयानां तत्त्वानाम्। कतिसंख्यानामिति? चतुर्णां चतूरूपाणाम्। किंरूपाणाम्? इत्याह—दुःखादीनां दुःखसमुदयमार्गनिरोधलक्षणानाम्, आदिशब्दोऽवयवार्थोऽत्र। यदुक्तम्—**

**'सामर्थ्येऽथ[2] व्यवस्थायां प्रकारेऽवयवे तथा ।**
**चतुर्ष्वर्थेषु मेधावी ह्यादिशब्दं तु लक्षयेत् ॥**

**इति, एवंविधः सुगतो बौद्धमते देवता ज्ञेय इत्यर्थः ॥४॥**

**सुधा**—अथ षड्दर्शनसमुच्चये प्रथमं बौद्धदर्शनं सौगतमतं निरूप्यते—**तत्रेत्यादिना।**

**अन्वयः**—तत्र बौद्धमते तावत् किल चतुर्णां आर्यसत्यानां दुःखादीनां प्ररूपकः सुगतः देवता ॥ ३ ॥

**व्याख्या**—तत्र=तस्मिन् षड्दर्शन समुच्चये, बौद्धमते=सौगतदर्शने, तावत्=प्रक्रमे, किल=आप्तप्रवादे, चतुर्णाम्=चतूरूपाणाम्, आर्यसत्यानाम्=आर्यसत्यनामधेयानां तत्त्वानाम्, दुःखादीनाम्=दुःखसमुदयमार्गनिरोधलक्षणानाम्; दुःखं यदनुभूयते मनसा इन्द्रियेभ्यश्च तस्य समुदयः प्रादुर्भावः उत्पत्तिकारणम्। मार्गः=वासनास्वरूपं द्वारस्रोतस्वरूपं निरोधः, मोक्षः दुःखात्यन्तनिवृत्तिः, तेषामार्यसत्यानां दुःखादीनां प्ररूपकः=दर्शकः उपदेशकः, सुगतः=तथागतः बुद्धः, देवता=प्रवर्तकः, दर्शनसंस्थापकः ज्ञेयः ॥ ४ ॥

**पदार्थ**—तत्र=षडदर्शनों में। तावत्=तबतक। किल=निश्चयपूर्वक। दुःखादीनां=दुःख, समुदय, मार्ग एवं निरोध। चतुर्णाम्=चारों। आर्यसत्यानाम्=आर्यसत्यों अर्थात् इन्हीं दुःख, समुदय, मार्ग एवं निरोधों का। प्ररूपकः=निरूपण एवं उपदेश करने वाले। सुगतः=भगवान गौतम बुद्ध। देवता=प्रवर्तक अथवा दर्शनसंस्थापक हैं॥

**भाषाप्रकाश**—षड्दर्शसमुच्चय में सर्वप्रथम बौद्धदर्शन का निरूपण करेंगे।

बौद्धदर्शन के प्रवर्तक व संस्थापक भगवान् गौतम बुद्ध हैं। इस दर्शन का प्रादुर्भाव बुद्ध के दार्शनिक उपदेशों से हुआ है। भगवान् बुद्ध ने स्वयं कोई ग्रन्थ नहीं लिखा। उनके निर्वाण के पश्चात् सप्तपर्णी गुफा में उनके शिष्यों व अनुयायियों की सभा हुई, जिसमें सूत्रपिटक, विनयपिटक व अभिधर्मपिटक के रूप में उनके उपदेशों के संग्रहग्रन्थ लिखे गए। सूत्रपिटक व अभिधर्मपिटक में उनके दार्शनिक उपदेशों का संग्रह किया गया और उसी से बौद्ध दर्शन का प्रादुर्भाव हुआ। भगवान् बुद्ध ने दुःखादि चार आर्यसत्यों का उपदेश दिया है।

१. दुख, २. समुदय, ३. मार्ग और ४. निरोध—यह चारो आर्यसत्य बौद्धदर्शन के मौलिक विषय हैं। इन्हीं से बौद्ध दर्शन व तर्क का प्रादुर्भाव हुआ है। भगवान् बुद्ध ने कहा कि यह सारा संसार दुःखमय है। सभी प्राणी कृमि, कीट, जलचर, थलचर, वायुचर जीव, पशु एवं मानव दुःख का अनुभव करते हैं। सभी सांसारिक व भौतिक सुख भी दुःखमय ही होते हैं। भौतिक साधनों द्वारा दुःख की अत्यन्त निवृत्ति नहीं होती। उनसे केवल सुखाभास तो होता है लेकिन दुःख का प्रवाह शान्त नहीं होता, जबकि दुःख की निवृत्ति ही सभी प्राणियों का अभीष्ट है। सुत्तनिपात में द्वयानुपस्सनानामक सुत्त में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण दार्शनिक उपदेश हैं। एक समय श्रावस्ती में बुद्ध ने भिक्षुओं से कहा कि यह कल्याण की ओर ले जाने वाला जो आर्यधर्म है, इसे सुनने से क्या लाभ है? तो तुम लोगों को बतलाना चाहिए कि इसका लाभ है—दो धर्मों का यथार्थ ज्ञान। यह कौन दो धर्म हैं? दुःख एवं दुःख का हेतु यह प्रथम अनुपश्यना है। दुःखनिरोध एवं उसकी ओर ले जाने वाला मार्ग—यह द्वितीय अनुपश्यना है। यही दो धर्म हैं।

---

१. आराद् दूराद् याताः सर्वहेयधर्मेभ्य इत्यार्याः। पृषोदरादित्वाद्रूपनिष्पत्तिः। सतां साधूनां पदार्थानां वा यथासम्भवं मुक्तिप्रापकत्वेनय थावस्थितवस्तुरूपरूपचिन्तनेन च हितानि सत्यानि। अथवा सद्भ्यो हितानि सत्यानि, आर्याणां सत्यानि आर्यसत्यानि, तेषामार्यसत्यानाम्।—गुणरत्नटीका।

२. सामीप्ये चेति पाठान्तरम्।

जो दुःख एवं दुःख का हेतु दुःखनिरोध एवं उसकी ओर ले जाने वाले मार्ग को जानता है वह अप्रमत्त मानसिक व प्रज्ञाविमुक्ति से युक्त होकर जरा-मरण से छूट जाता है। जो कुछ दुःख है वह राग-द्वेष-मोहादि के समुदय से है। दुःख वासनाओं के कारण उत्पन्न होते हैं और वासनाओं के निरोध से दुःख का भी नाश हो जाता है। उसके निरोध का मार्ग धर्म है। फलस्वरूप निरोध व मोक्ष परम धर्म हैं। दुःख का कारण है—अविद्या। उसके अत्यन्त निवृत्ति से दुःख का भी नाश होता है। अविद्या के कारण ही लोग बार-बार जन्म-मृत्युरूप संसार में आते हैं। जो लोग विद्या से युक्त हैं वे दुःख, जरा, जन्म-मृत्यु से भी छूट जाते हैं। इन चारो आर्यसत्यों की विशेष व्याख्या आगे के श्लोकों में की गई है।

**प्रश्न**—भगवान् गौतम बुद्ध ने यद्यपि वेदों, यज्ञों एवं कर्मकाण्डों का खण्डन किया है, फिर भी अपने उपदेशों को आर्यमार्ग अथवा आर्यधर्म कहा है, दुःखादि चारों सत्यों को आर्यसत्य की संज्ञा दी है, ऐसा क्यों? क्या उनका उपदेश आर्यधर्म कहा जा सकता है? जबकि वह वेदों के ही प्रतिकूल थे।

**उत्तर**—भगवान् बुद्ध ने वास्तव में उस आर्यधर्म का उपदेश दिया था जिस आर्यधर्म को वाममार्गी वैदिक विद्वानों व ब्राह्मणों ने लुप्त कर दिया था। बुद्ध ने उसका पुनरुद्धार किया। वह कहा करते थे कि मैं कोई नया धर्म अथवा नया उपदेश नहीं दे रहा हूँ, अपितु प्राचीन ऋषियों, मुनियों के वैदिक आर्यधर्म का ही उपदेश दे रहा हूँ। इसीलिए वे अपने को तथागत कहा करते थे। उनका धर्म तथागत धर्म था। उनके समय में वाममार्गी विद्वानों व ब्राह्मणों ने वेदों का अनर्थ करके वेदों व यज्ञों के नाम पर हिंसा, अनाचार और व्यभिचार का वातावरण उपस्थित कर दिया था। वेदों व यज्ञों के आधार पर वे अधर्म व पापाचार की सम्पुष्टि करते थे और यज्ञों में हिंसा व अनाचार का नग्न ताण्डव किया करते थे; अतएव ऐसी स्थिति में बुद्ध ने वाममार्गियों की वैदिक युक्तियों, भ्रष्ट यज्ञों एवं पापमय कर्मकाण्डों का विरोध किया और आचारप्रधान, अहिंसायुक्त विशुद्ध आर्यधर्म का उपदेश दिया। उन्होंने विशुद्ध आर्यधर्मप्रतिपादक वेदों का खण्डन व विरोध कभी नहीं किया, बल्कि विशुद्ध सनातन वैदिक आर्यधर्म का पुनरुद्धार किया। इसीलिए वे अपने धर्म को आर्यधर्म कहते थे। उनके आर्य आष्टांगिक मार्ग व चारो आर्यसत्य इसी तथ्य के द्योतक हैं ॥४॥

**दुःखं संसारिणः स्कन्धास्ते च पञ्च प्रकीर्तिताः।**
**विज्ञानं वेदना संज्ञा संस्कारो रूपमेव च ॥५॥**

आदिममेव तत्त्वं विवृण्वन्नाह—दुःखमिति।



दुःखं किमुच्यते? इत्याशङ्कायां संसारिणः स्कन्धाः, संसरन्तीति संसारिणो विस्तरणशीलाः स्कन्धाः प्रचयविशेषाः, संसारेऽमी चयापचयरूपा भवन्तीत्यर्थः। ते च स्कन्धाः पञ्च प्रकीर्तिताः पञ्चसंख्याः कथिताः। के ते? इत्याह—

विज्ञानं वेदना संज्ञा संस्कारो रूपमेव च। इति

तत्र विज्ञानमिति विशिष्टं ज्ञानं सर्वक्षणिकत्वम्। यदुक्तम्—

यत् सत्तत् क्षणिकं यथा जलधरः सन्तश्च भावा इमे
सत्ताशक्तिरिहार्थकर्मणि मितेः सिद्धेषु सिद्धा च सा।
नाप्येकैव विधाऽन्यदाऽपि परकृन्नैव क्रिया वा भवेद्
द्वेधाऽपि क्षणभङ्गसङ्गतिरतः साध्ये च विश्राम्यति ॥ इति।

विज्ञानं वेदनेति। वेद्यत इति वेदना पूर्वभवपुण्यपापपरिणामबद्धाः सुखदुःखानुभवरूपाः। भिक्षुर्भिक्षामटंश्चरणकण्टके लग्ने प्राह—

इत एकनवतेः कल्पे शक्त्या मे पुरुषो हतः।
तेन कर्मविपाकेन पादे विद्धोऽस्मि भिक्षवः! ॥

इत्यादि। संज्ञेति संज्ञानामकोऽर्थः सर्वमिदं सांसारिकं सचेतनाचेतनस्वरूपव्यवहरणं संज्ञामात्रं नाममात्रम्, नात्र कलत्रपुत्रमित्रभ्रात्रादिसम्बन्धो घटपटादिपदार्थसार्थो वा पारमार्थिकः। तथा च तत्सूत्रम्—

'तानीमानि भिक्षवः संज्ञामात्रं व्यवहारमात्रं कल्पनामात्रं संवृतिमात्रमतीतोऽध्वाऽनागतोऽध्वा सहेतुको विनाश आकाशं पुद्गला' इति। संस्कार इति। इह परभवविषयसंतानपदार्थनिरीक्षणप्रबुद्धपूर्वभावानुरूपसंस्कारस्य प्रमातुः स एवायं देवदत्तः सैवेयं दीपकलिकेत्याद्याकारेण ज्ञानोत्पत्तिः संस्कारः। यदाह—

यस्मिन्नेव हि सन्तान आहिता कर्मवासना।
फलं तत्रैव सन्धत्ते कार्पासे रक्तता यथा ॥इति॥

रूपमिति। रगरगायमाणपरमाणुप्रचयः, बौद्धमते हि स्थूलरूपस्य जगति विवर्तमानपदार्थजातस्य तद्दर्शनोपपत्तिभिर्निराक्रियमाणत्वात् परमाणव एव तात्त्विकाः, चः पुनरर्थः, एवेति पूरणार्थः ॥ ५ ॥

**सुधा**—दुःखं किमुच्यते? इत्याशङ्कायां तस्य स्वरूपमाह—दुःखमिति। दुःखनामधेयमार्यसत्यं पञ्चभेदतया निरूप्यते—दुःखमित्यादिना।

**अन्वयः**—दुःखं संसारिणः स्कन्धाः ते च विज्ञानं वेदना संज्ञा संस्कारो रूपम् एव च पञ्च प्रकीर्तिताः ॥ ५ ॥

**व्याख्या**—दुःखं=प्रतिकूलवेदनीयम्, संसारिणः—संसरन्तीति संसारिणः=विस्तरणशीलाः जगतः, स्कन्धाः=प्रचयविशेषाः, ते च=तथोक्ताः स्कन्धाः, विज्ञानं=विशिष्टं ज्ञानं सर्वक्षणिकत्वम्, वेदना—वेद्यतेति वेदना=पूर्वजन्मपुण्यपापपरिणामबद्धाः सुखदुःखानुभवरूपाः, संज्ञा—सर्वतः ज्ञायते=जानाति परिचिनोति वा सवमिदं सचेतनाचेतनस्वरूपव्यवहरणं संज्ञामात्रं नाममात्रं वा, संस्कारः=स्मृतिजन्यः अनुभूतविषयाणामप्रमोषः, स्मृतिः परभवविषयोत्पन्नपदार्थानुभवप्रबुद्धपूर्वभावानुरूपसंस्कारस्य प्रमातुः स एवायं जनः इत्याद्यकारेण ज्ञानोत्पत्तिः संस्कारः, रूपमेव=आकारप्रकारसत्वानुभवं परमाणुप्रचयो वा, च पञ्च=पञ्चसंख्याः, प्रकीर्तिताः=कथिताः ॥ ५ ॥

**पदार्थ**—दुःखं=दुःख, प्रतिकूल वेदना, आधिदैविक, आधिभौतिक, आध्यात्मिक रूप में मन व इन्द्रियों को होने वाला कष्ट व सन्ताप। संसारिणः=सांसारिक, निरन्तर चलायमान विश्वरूप में। स्कन्धाः=आधारभूत समूह, दुःखस्वरूप संसारावयवसंग्रह। ते च=वह सांसारिक दुःखसमूह। विज्ञानं=विशिष्टज्ञान— इन्द्रिय, मन व बुद्धि के द्वारा उत्पन्न होने वाला बोध, ज्ञान। वेदना=अनुभव, पूर्वजन्म के पुण्य-पाप के परिणामस्वरूप सुख-दुःखात्मक अनुभव। संज्ञा=नाम, स्वरूपपरिचय। संस्कारः=पूर्वानुभूत विषयों की वासनारूप में ज्ञानोत्त्पत्ति। रूपं=अनुभव में आने वाला विषय, परमाणुओं का समूह, भौतिक पदार्थ दर्शन। पञ्च=पाँच। प्रकीर्तिताः=कहे गये हैं॥

**भाषाप्रकाश**—दुःख के स्वरूप व भेद का निरूपण किया जाता है।

चारो आर्यसत्यों में दुःख प्रथम आर्यसत्य है। बौद्ध दर्शन में "सर्वं दुःखं दुःखं" अर्थात् सारा संसार दुःखमय है—यह प्रथम अनुपश्यना है। सभी प्राणियों को सुख व आनन्द अभीष्ट है। संसार के सभी विषययोग सुख एवं आनन्द की प्राप्ति के लिए ही हैं, किन्तु उनसे सुख व आनन्द की प्राप्ति नहीं होती। अतः वे दुःखमय हैं। विषयों में जो सुखाभास व आनन्द का आभास है वह नित्य सुख नहीं है। उनमें आनन्द नहीं है। भौतिक साधनों द्वारा जो दुःख की निवृत्ति होती है वह अस्थायी—कुछ काल के लिए होती है, पुनः दुःखों का दल आकर घेर लेता है। अतः संसार को दुःखमय कहा जाता है। दुःख ही संसार के स्कन्ध व आधार हैं। वे पाँच प्रकार के हैं। प्रथम है— विज्ञान। इन्द्रियों एवं मन, बुद्धि, चित्त एवं अहंकार के द्वारा बाह्याभ्यन्तर विषयों की स्वरूपख्याति व प्रतीति विज्ञान कहलाता है। संसार के समस्त पदार्थ भौतिक हैं चैत हैं। बाह्य पदार्थों का संस्कार चित्त में पड़ता है और उसी से उनका विज्ञान होता है। विज्ञान ही बाह्याभ्यन्तर रूप से प्रतीत होता है। मन में अनेक पदार्थों के संस्कार के कारण अनेक वस्तुओं



का विज्ञान उत्पन्न होता है। यह जगत् विज्ञानमात्र है, विज्ञान के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है, इसी को आत्मख्याति कहते हैं।

जिसका अनुभव किया जाय वह वेदना है। पूर्वजन्म के पुण्य-पाप के फलस्वरूप जो सुख-दुःख होते हैं, वह है—वेदना। ज्ञानेन्द्रियों, कर्मेन्द्रियों तथा मन के द्वारा जो भौतिक पदार्थों का अनुभव है वह तथा सुख, दुःख, हर्ष, सन्ताप आदि वेदना कहलाते हैं। शुभ कर्मों के द्वारा स्वर्गादि सुखों की प्राप्ति व भोग, पापकर्मों द्वारा नरकादि दुःखों के भोग, इष्टानिष्ट साधनों द्वारा उत्पन्न अनुभूतियाँ वेदना हैं। इन्द्रिय, शरीर, मन के क्लेश, दुःख, सन्ताप, प्रमोद, आनन्द, उल्लास वेदना के ही अन्तर्गत आते हैं।

जड़चेतनात्मक संसार का व्यवहार व नाम संज्ञा है। किसी पदार्थ के नाम, लक्षण व व्यवहार संज्ञा कहलाते हैं। विज्ञान और वेदना से संज्ञा की उत्त्पत्ति होती है। नाममात्र से व्यवहरणशील संसार संज्ञामात्र है। देवदत्त, यज्ञदत्त, मनुष्य, पशु, पक्षी, गृह, नदी, गिरि, वन आदि नामों का व्यवहार संज्ञा है। विज्ञान, वेदना, संज्ञा का स्वरूप व प्रतिविम्ब स्मृति रूप में जब चित्त में अधिष्ठित हो जाता है तब उसे संस्कार कहते हैं। संस्कारों का समूह ही घनीभूत होकर वासना बन जाता है। भवचक्र के प्रेरक, जन्ममरण के संचालक संस्कार व वासना हैं। दुःख का पाँचवाँ स्कन्ध रूप है। परमाणुओं का पुञ्ज व उससे दृश्यमान इन्द्रियगोचर जगत् का आकार व प्रत्यक्ष रूप है। सारा जगत् परमाणु से लेकर परममहत्तत्त्व व पञ्चभूतात्मक तत्त्वपर्यन्त रूपमय है। पञ्च ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा होने वाला प्रत्यक्ष रूपमय है। दुःखमय जगत् का उदय इन्हीं विज्ञान-वेदना-संज्ञा-संस्कार-रूपात्मक पाचों स्कन्धों में चक्रवत् होता है।

विज्ञान से परे आनन्द है, वही निर्वाण अवस्था है, जिसे शब्द व वाणी से प्रकट नहीं किया जा सकता। उसी को उपनिषदों ने आनन्दमय कोष कहा है। विज्ञान को विज्ञानमय कोष कहा है, वेदना को मनोमय कोष कहा है, संज्ञा और संस्कार को प्राणमय कोष कहा है और रूप को अन्नमय कोष के नाम से अभिहित किया है। यह जगत् प्राणमय कोष से सूक्ष्म और अन्नमय कोष से स्थूल है, जिसे दुःखमय कहा गया है। सर्वं दुःखम् दुःखम् अर्थात् जगत् में सब कुछ दुःखमय है। जिसे हम सुख मान बैठे हैं उनका भी अन्तिम परिणाम दुःख ही है। सुख क्षणिक एवं भ्रममात्र है। वास्तव में तो— न कुत्रापि कोऽपि सुखीति ॥५॥

**समुदेति यतो लोके रागादीनां गणोऽखिलः।**
**आत्मात्मीयस्वभावाख्यः समुदयः स संमतः ॥६॥**

दुःखनामधेयमार्यसत्यं पञ्चभेदतया निरूप्यार्थसमुदायतत्त्वरूपमाह—समुदेतीति।

**यतो** यस्माल्लोके रागादीनां रागद्वेषमोहानामखिलः समस्तो **गणः** समुदेत्युद्भवति, कीदृग् ? इत्याह—**आत्मात्मीयस्वभावाख्यः**, अयमात्माऽयञ्चात्मीयः, पदसमुदायोपचारादयं परोऽयञ्च परकीय इत्यादिभावो रागद्वेषनिबन्धनं, तदाख्यस्तन्मूलो रागादीनां गणः आत्मात्मीयरूपेण रागरूपः परकीयपरिणामेन द्वेषरूपो यतः समुदेति **स समुदयः** समुदयो नाम तत्त्वं **सम्मतो** बौद्धदर्शनेऽभिमत इति ॥ ६ ॥

**सुधा**—दुःखसमुदयमार्गनिरोधार्यसत्येषु दुःखं पञ्चभेदतया निरूप्य द्वितीयार्यसत्यं समुदयमाह—**समुदेतीति** ।

**अन्वयः**—यतः लोके रागादीनां अखिलः गणः आत्मात्मीयस्वभावाख्यः समुदेति स समुदयः संमतः ॥ ६ ॥

**व्याख्या**—यतः=यस्मात्, लोके=संसारे, रागादीनां=रागद्वेषमोहानाम्, अखिलः=समस्तः, गणः=समूहः, आत्मात्मीयस्वभावाख्यः=अयमात्मा अयञ्चात्मीयः अयं स्वकीयः अयं परकीयः स्वकीयः रागरूपः परकीयः द्वेषरूपः, समुदेति=समुद्भवति, सः समुदयः=आर्यसत्यसमुदयो नाम तत्त्वः, सम्मतः=अभिमतः ॥ ६॥

**पदार्थ**—यतः=जिससे । लोके=संसार में । रागादीनां=राग-द्वेष-मोहादि क्लेशों का । अखिलः=समस्त । गणः=समूह । आत्मात्मीयस्वभावाख्यः=आत्मा, स्वयं व आत्मीय स्वकीय, परकीय स्वभाव वाला । समुदेति=उत्पन्न होते हैं । सः=वही । समुदयः=समुदय नाम का आर्यसत्य । संमतः=माना गया है ॥

**भाषाप्रकाश**—दुःख, समुदय, मार्ग और निरोध—ये चार आर्यसत्य हैं । इन आर्यसत्यों में प्रथम दुःख है, जिसके पाँच भेद पूर्व श्लोक द्वारा बतलाए गए हैं । अब द्वितीय आर्यसत्य समुदय का निरूपण करते हैं ।

संसार में जिससे राग-द्वेष-मोहाविद्यादि क्लेश उत्पन्न होते हैं तथा जो मैं, मेरा, तुम, तेरा स्वभाव वाला है उसे समुदय कहते हैं । राग, द्वेष, मोह आदि क्लेश प्राणी के मन व बुद्धि को सदा सन्तप्त किया करते हैं । इन्हीं से प्राणी दुःखी रहता है । जो कुछ दुःख है वह राग, द्वेष, मोहादि के समुदय से है । दुःखों का समुदय क्यों, कैसे, कब और किसलिए होता है—इत्यादि विषयों का ज्ञान मोक्ष के लिए आवश्यक है । संसार में दुःख का मूल कारण अविद्या है । अविद्या से संस्कार, विज्ञान, नाम-रूप, षडायतन, स्पर्श, वेदना, तृष्णा, उपादान, भव, जाति, जरा-मरण दुःखादि क्रम से उत्पन्न होते हैं । मन की वह सब विकृतियाँ, जिससे दुःख का अनुभव होता है, समुदय से उत्पन्न होती हैं । राग, द्वेष, मोह, क्रोध, भय, विषाद, हर्ष आदि सभी मनोवृत्तियाँ समुदय के अन्तर्गत आती हैं । इच्छापूर्वक चित्त का विषयों में आसक्ति राग कहलाता है । विषयों की प्राप्ति में बाधा व अनिच्छा उत्पन्न होने पर घृणा व क्रोधस्वरूपा अनासक्ति द्वेष कहलाती है । किसी विषय में चित्त की विशेष आसक्ति तथा उसकी अजस्र धारा मोह कहलाती है । इसी प्रकार चिन्मयी अजस्रधारा विभिन्न विषयों में भिन्न-भिन्न मानसिक विकृतियों का रूप धारण किया करती हैं, जिसके फलस्वरूप काम, क्रोध, लोभ, मोह, शोक से प्राणी अहर्निश संतप्त रहता है । चित्त व विज्ञान की इस अजस्र निरन्तर परिणामशील धारा से आत्मत्व ( मैं हूँ ) एवं आत्मीय (यह मेरा है) का भाव उत्पन्न होता है। आत्मा ( मैं हूँ ) एवं आत्मीय ( यह मेरा है ) का भाव निरन्तर चिन्मय धाराप्रवाह के फलस्वरूप समुदित होता है और तबतक रहता है जब तक चित्त का निरोध होकर निर्वाण नहीं हो जाता । निर्वाण में जन्म-जन्मान्तर से बहती हुई परिणामस्वरूपा चिन्मयी धारा समाप्त हो जाती है और आत्मा एवं आत्मीय भाव भी निर्वाण में समाप्त हो जाता है । सागर की तरंगें अपनी गति से दूसरे तरंग को उत्पन्न करके स्वयं समाप्त हो जाती हैं । उनकी इस प्रक्रिया से सागर के तरंगों की अजस्र धारा गतिशील रहती है । इसी प्रकार विभिन्न चित्तों व विज्ञान की अजस्र धारा आत्मा व आत्मीय स्वभाव में समुदित होकर विद्यमान रहती है, जिनके निरोध से समुदय की शान्ति व निर्वाण प्राप्त हो जाता है ।



आत्मा ( मैं हूँ ) आत्मीय ( यह मेरा है )—यह भाव तब तक ही है जब तक कि चित्त व विज्ञान की अविरल धारा प्रवाहित है । उनके निरोध से निर्वाण की स्थिति आ जाती है । निर्वाण का स्वरूप बतलाते हुए कहा भी गया है—

दीपो यथा निर्वृत्तिमभ्युपेतो नैवावनिं गच्छति नान्तरिक्षम् ।
दिशं न काञ्चित् विदिशं न काञ्चित् स्नेहक्षयात् केवलमेति शान्तिम् ॥
तथा कृती निर्वृतिमभ्युपेतो नैवावनिं गच्छति नान्तरिक्षम् ।
दिशं न काञ्चित् विदिशं न काञ्चित् लोकक्षयात् केवलमेति शान्तिम् ॥

जिस प्रकार दीपक के बुझ जाने पर अग्निशिखा व प्रकाश न तो पृथ्वी पर कहीं जाता है और न ही आकाश में जाता है । केवल अग्निशिखा व प्रकाश का क्षय हो जाने के कारण उसका निर्वाण हो जाता है । वह न किसी दिशा में जाता है, न दिशातीत लोक में । केवल विज्ञानमय संसार के क्षय के कारण आत्मा व आत्मीय स्वभाव शान्त हो जाता है, यही निर्वाण है । संसार की उत्पत्ति समुदय द्वारा होती है और निर्वाण उसकी शान्ति द्वारा प्राप्त होता है । निर्वाण निरोध के द्वारा होता है ॥ ६ ॥

**क्षणिकाः सर्वसंस्कारा इत्येवं वासना तु या ।**
**स मार्ग इति विज्ञेयो, निरोधो मोक्ष उच्यते ॥७॥**

अथ तृतीयचतुर्थतत्त्वे प्रपञ्चयन्नाह—**क्षणिका इति** ।

सर्वसंस्काराः क्षणिकाः, सर्वेषां विश्वत्रयविवरविवर्तमानानां घटपटस्तम्भाम्भोरुहादीनां द्वितीयादिक्षणेषु स एवायं स एवायमित्याद्युल्लेखेन ये संस्कारा ज्ञानसन्ताना उत्पद्यन्ते ते विचारगोचरगताः क्षणिकाः। यत्प्रमाणयन्ति। सर्वं सत् क्षणिकमक्षणिके क्रमयौगपद्याभ्यामर्थक्रियाविरोधादिति वादस्थलमप्यूह्यं क्षणिकत्वाविशेषकम्, विशेषोपपत्तिश्च समग्रं तावदौत्पत्तिकं पदार्थकदम्बकं घटपटादिकं मुद्गरादिसामग्रीसाकल्ये विनश्वरमाकलय्यते, तत्र योऽस्य प्रान्तावस्थायां विनाशस्वभावः स पदार्थोत्पत्तिसमये विद्यते न वा? अथ विद्यते चेदापतितं तदुत्पत्तिसमयानन्तरमेव विनश्वरत्वम्, अथेदृश एव स्वभावो यत्कियन्तमपि कालं स्थित्वा विनष्टव्यम्, एवञ्चेन्मुद्गरादिसंनिधानेऽप्येष एव तस्य स्वभाव इति भूयोऽपि तावत्कालं स्थेयम्।

एवं मुद्गरादिघातशतपातेऽपि न विनाशो, जातं कल्पान्तस्थायित्वं घटस्य, तथा च जगद्व्यवहारव्यवस्थालोपपातकपङ्किलतेत्यभ्युपेयमनिच्छताऽपि क्षणक्षयित्वं पदार्थानाम्।

प्रयोगस्त्वेवम्—वस्तु उत्पत्तिसमयेऽपि विनश्वररूपं, विनश्वरस्वभावत्वाद्, यद्विनश्वरं तदुत्पत्तिसमयेऽपि तत्स्वरूपं यथाऽन्त्यक्षणवर्तिघटस्य स्वरूपं, विनश्वरस्वभावं च रूपरसादिकमुदयत एवारभ्येति स्वभावहेतुः।

ननु यदि क्षणक्षयिणो भावाः, कथं तर्हि स एवायमिति वासनाज्ञानम्? उच्यते—निरन्तरसदृशापरापरक्षणनिरीक्षणचैतन्योदयाद्, विद्याऽनुबन्धाच्च पूर्वक्षणप्रलयकाल एव दीपकलिकायामिव सैवेयं दीपकलिकेति संस्कारमुत्पाद्य तत्सदृशमपरक्षणान्तरमुदयते, तेन समानाकारज्ञानपरम्परापरिचयचिरतरपरिणामान्निरन्तरोदयाच्च पूर्वक्षणानामत्यन्तोच्छेदेऽपि स एवायमित्यध्यवसायः प्रसभं प्रादुर्भवति, दृश्यते चावलूनपुनरुत्पन्नेषु नखकेशकलापादिषु स एवायमिति प्रतीतिः, तथेहापि किं न सम्भाव्यते सुजनेन, तस्मात्सिद्धं साधनमिदं 'यत्सत्तत् क्षणिकमि'ति युक्तियुक्तञ्च 'क्षणिकाः सर्वसंस्कारा इत्येवं वासने'ति।

प्रस्तुतार्थमाह—एवं या वासना स मार्गो नामार्यसत्यम् इह बौद्धमते विज्ञेयोऽवगन्तव्यः, तुशब्दः पाश्चात्यार्थसंग्रहः पूर्वसमुच्चयार्थे, चतुर्थमार्यसत्यमाह—निरोधः किम्? इत्याशङ्कायां मोक्ष उच्यते, मोक्षोऽपवर्गः, सर्वक्षणिकत्वसर्वनैरात्म्यवासनारूपो निरोधो नानार्यसत्यमभिधीयत इत्यर्थः ॥ ७ ॥

सुधा—आर्यसत्येषु दुःखसमुदययोः निरूपणं कृत्वा मार्गनिरोधयोः स्वरूपमाह—क्षणिका इति।



अन्वयः—सर्वसंस्काराः क्षणिकाः इत्येवं तु या वासना स मार्ग इति विज्ञेयः निरोधः मोक्ष उच्यते ॥ ७ ॥

व्याख्या—सर्वेषां=निखिलविश्वविवर्तमानानां घटपटचराचराम्भोरुहादीनां, स एवायं स एवायमिति संस्काराः ज्ञानसन्ताना उत्पद्यन्ते, क्षणिकाः=क्षणमात्रमेवावतिष्ठन्तीति भावः। यत्प्रमाणयन्ति सर्वं सत् क्षणिकम्। इत्येवं=एवं, या वासना=ज्ञानसंस्कारघनीभूतः प्रचयः, स मार्गो नामार्यसत्यं बौद्धमते विज्ञेयः=अवगन्तव्यः। निरोधः किमित्याशङ्कायां मोक्षोऽपवर्गः सर्वक्षणिकत्वसर्वनैरात्म्यवासनारूपो निरोधो नामार्यसत्यमभिधीयत इत्यर्थः। इह परभवविषयसन्तानपदार्थनिरीक्षणप्रबुद्धपूर्वभावानुरूपसंस्कारस्य प्रमातुः स एवायं देवदत्तः सैवेयं दीपकलिकेत्याद्याकारेण ज्ञानोत्पत्तिः संस्कारः। "सर्वं क्षणिकं क्षणिकं" "यत्सत्तत् क्षणिकमिति" बौद्धराद्धान्तः। तावदौत्पत्तिकं पदार्थकदम्बकं घटपटादिकं मुद्गरादिसामग्रीसाकल्ये विनश्वरमाकलय्यते। तत्र योऽस्य प्रान्तावस्थायां विनाशस्वभावः स पदार्थोत्पत्तिसमये विद्यते न वा? अथ विद्यते चेदापतितं तदुत्पत्तिसमयान्तरमेव विनश्वरत्वम्, यथेदृश एव स्वभावो यत्कियन्तमपि कालं स्थित्वा विनष्टव्यम्; एवञ्चेन्मुद्गरादिसन्निधानेऽप्येष एव तस्य स्वभाव इति भूयोऽपि तावत्कालं स्थेयमिति चेन्न, वस्तूत्पत्तिसमयेऽपि विनश्वररूपं विनश्वरस्वभावत्वात् यद्विनश्वरं तदुत्पत्तिसमयेऽपि तत्स्वरूपम्। विनश्वरस्वभावं च रूपरसादिकमुदयत एवारभ्येति स्वभावहेतुः। ननु यदि क्षणक्षयिणो भावा कथं तर्हि स एवायमिति वासनाज्ञानमिति चेन्न, निरन्तरसदृशापरापरक्षणनिरीक्षणचैतन्योदयात्, विद्यानुबन्धाच्च पूर्वक्षणप्रलयकाल एव दीपकलिकायामिव सैवेयं दीपकलिकेति संस्कारमुत्पाद्य तत्सदृशमपरक्षणान्तरमुदयते ॥ ७ ॥

पदार्थ—सर्वसंस्काराः=सभी संस्कार। क्षणिकाः=क्षणमात्र स्थायी अथवा क्षणभंगुर व विनश्वर हैं। इत्येवं=इस प्रकार की। तु या=जो। वासना=ज्ञान, धारणा है। सा=वही। मार्ग=मार्गनामक आर्यसत्य मोक्षपथ, निर्वाण का साधन। विज्ञेयः=जानना चाहिए। निरोधः=वासना एवं सांसारिक अनुभूतियों एवं चित्त-प्रवाह को रोकना। मोक्ष उच्यते=मोक्ष कहा गया है।

भाषाप्रकाश—चारो आर्यसत्यों में से दुःख एवं समुदय का निरूपण करके अब मार्ग एवं निरोध का निरूपण करेंगे।

संसार के सभी चराचर पदार्थों—पृथ्वी, जल, तेजादि उपादान, घट, पट, गृह, नदी, सागर, शैल, वन आदि पदार्थों की सत्ता व भाव क्षणिक हैं। उनके सभी संस्कार, ज्ञान, सत्ता, स्थिति विनाशवान व परिवर्तनशील है। क्षण-क्षण में सबकी सत्ता, स्वरूप व संस्कार में परिवर्तन होता रहता है। जो क्षणमात्र

रहे, उसके बाद न रहे, उसका परिवर्तन अथवा नाश हो जाय वह क्षणिक है। सारा संसार परिवर्तन के चक्र में घटीयन्त्रवत घूम रहा है। जड़, स्थावर, जंगम सबकी स्थिति में क्षण-क्षण पर परिवर्तन हो रहा है। पदार्थों के सभी भाव व संस्कार क्षण-क्षण पर परिवर्तशील हैं।

निरन्तर परिवर्तनशील जगत् का जो संस्कार है वह मार्ग कहलाता है। वही जन्म-मरण का कारण है। भववासना ही विश्व की उत्पत्ति का मूल है। यद्यपि सभी संस्कार क्षणिक हैं किन्तु उनकी सन्तान जो वासना है वही भवमार्ग है। यदि वासना न हो तो जन्म न हो, यदि जन्म न हो तो दुःख भी न हो; अतः दुःख का मूल वासना ही है, जिसे मार्ग कहा गया है।

मार्ग अथवा वासना का निरोध ही मोक्ष कहलाता है। पूर्वजन्म के सभी संस्कार, उनकी वासना एवं चित्तवृत्तियों के बाह्य सांसारिक वृत्तियों को रोक करके आन्तर प्रत्यक्ष करना, चित्त का उसी में शून्य हो जाना एवं शाश्वत आनन्द प्राप्त करना ही मोक्ष कहलाता है॥ ७॥

**पञ्चेन्द्रियाणि शब्दाद्या विषयाः पञ्च मानसम्।**
**[1]धर्मायतनमेतानि द्वादशायतनानि च ॥८॥**

अथ तत्त्वानि व्याख्याय तत्संलग्नान्येवायतनान्याह-- **पञ्चेन्द्रियाणीति**।

पञ्चसंख्यानीन्द्रियाणि स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्ररूपाणि, शब्दाद्या विषयाः पञ्च शब्दरूपरसस्पर्शगन्धरूपाः पञ्च विषया इन्द्रियव्यापारा इत्यर्थः। मानसं चित्तं, धर्मायतनमिति धर्मप्रधानमायतनं चैत्यस्थानमिति। एतानि द्वादशसंख्यानि ज्ञातव्यानि, न केवलमेतानि द्वादशायतनानि जातिजरामरणभवोपादानतृष्णावेदनास्पर्शनामरूपविज्ञानसंस्कारा अविद्यारूपाणि द्वादशायतनानि। चः समुच्चये, अमी सर्वेऽपि संस्काराः क्षणिकाः, शेषं तदेवेति॥ ८॥

सुधा—अथ तत्त्वानि व्याख्याय संलग्न्यायतनान्याह—पञ्चेन्द्रियाणीति।

अन्वयः—पञ्चेन्द्रियाणि शब्दाद्या पञ्च विषयाः मानसं धर्मायतनम्, एतानि च द्वादश आयतनानि ॥ ८ ॥

व्याख्या—पञ्चेन्द्रियाणि=स्पर्शनरसनघ्राण चक्षुःश्रोत्ररूपाणि श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वा नासिका च पञ्चेन्द्रियाणि, शब्दाद्याः=शब्दस्पर्शरूपरसगन्धरूपाः, पञ्च, विषयाः इन्द्रियव्यापाराः, मानसं=चित्तं, धर्मायतनमिति=चैत्यस्थानमिति, एतानि द्वादशसंख्यानि आयतनानि, न केवलमेतानि अपितु जातिजरामरणभवोपादानतृष्णावेदनास्पर्शनामरूपविज्ञानसंस्कारा अविद्यारूपाणि तेषामपि द्वादशायतनानि भवन्ति ॥८॥

१. धर्माः सुखदुःखादयस्तेषामायतनं गृहं शरीरमित्यर्थः।—गुणरत्नटीका।



**पदार्थ**—पञ्चेन्द्रियाणि=कान, नेत्र, त्वचा, जिह्वा, नासिका—ये पाँच इन्द्रियाँ। शब्दाद्याः=शब्द, रूप, स्पर्श, रस, गन्ध। पञ्च=पाँच। विषयाः=इन्द्रिय-व्यापार। मानसं=चित्त। धर्मायतनं=चैत्यस्थान, चेतना व बोध का आश्रय। एतानि=यह बारह आयतन माने गए हैं। इनके अतिरिक्त इन्हीं के आश्रय व परिणामस्वरूप जाति-जरा-मरण-भव-उपादान-तृष्णा-वेदना-स्पर्श-नाम-रूप-विज्ञान एवं संस्कार—यह बारह भी आयतन हैं।

**भाषाप्रकाश**—दुःख एवं समुदय के आश्रय को आयतन कहते हैं। जो दुःख व समुदय का आयतन है, वही मार्ग व निरोध का भी। इन्हीं आयतनों पर सांसारिक अनुभूतियाँ आश्रित हैं श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, रसना एवं घ्राण—यह पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ एवं शब्द, स्पर्श, रूप, रस एवं गन्ध—इन्द्रियों के ये पाँच विषय; मन एवं चेतनाश्रय—यह बारह दुःखों, समुदयमार्ग व निरोध तथा समस्त सांसारिक अनुभूतियों के आश्रयअथवा आयतन हैं। पाँचों इन्द्रियाँ, उनके विषय, मन व आत्मारूप में व्यवहृत चैत्य स्थान मिल कर जीवन का रूप ग्रहण करते हैं। इन्हीं के द्वारा संसार का साक्षात्कार व अनुभव किया जाता है। आँख से संसार देखा जाता है, कान से सुना जाता है, जिह्वा से स्वाद का ग्रहण होता है, त्वचा से स्पर्श का ग्रहण होता है, नासिका से गन्ध का ग्रहण होता है और मन में सभी अनुभूतियों व सुख-दुःख का अनुभव होता है। चैत्यस्थान इन्द्रियों व मन का अधिष्ठाता तथा चेतना का मूल है। समस्त संसार का अनुभव व ज्ञान इन्हीं द्वादश आयतनों पर आधारित है। अविद्या ही सबका मूल कारण है। अविद्या से ही जाति-जरा-मरण-भव-उपादान-तृष्णा-वेदना-स्पर्श-नाम-रूप-विज्ञान एवं संस्कार दुःखादि उत्पन्न होते हैं। अब विचार यह करना है कि अविद्या का आश्रय कौन है? क्योंकि बिना आश्रय के अविद्या रह नहीं सकती। सभी पदार्थ क्षणिक हैं। एक क्षणिक पदार्थ अन्य क्षणिक पदार्थ को उत्पन्न करके नष्ट हो जाता है। इसीलिए आत्मा भी नित्य नहीं है। चैत्य धारा जो पूर्व-पर को उत्पन्न करके नष्ट हो जाता है उसकी धारा ही अविद्या का आश्रय है।

**प्रश्न**—दुःख और समुदय के आयतन पञ्चेन्द्रियाँ, पञ्च विषय, मन व चैत्य स्थान माने गए हैं। यह तो ठीक है, किन्तु उक्त आयतन मार्ग और निरोध के आयतन क्यों माने गए हैं?

**उत्तर**—दुःख और समुदय संसारमूलक हैं। मार्ग और निरोध निवृत्ति-मूलक हैं। मार्ग व निवृत्ति के लिए भी पञ्चेन्द्रियाँ, पञ्च विषय, मन व चैत्यस्थान साधनरूप में आवश्यक हैं। क्लेश व दुःख की ओर ले जाने वाली पापात्मक

वृत्तियाँ जन्म-जरा-रोग-मृत्यु-अविद्या आदि भव आयतनों की ओर ले जाती हैं । 'शत्रवः सन्ति निजेन्द्रियाणि तान्येव मित्राणि जितानि यानि'' अर्थात् शत्रु कौन है अपनी इन्द्रियाँ । वही जब जीत ली जाती हैं तो मित्र बन जाती हैं । मोक्ष की ओ चित्त के जाने में, योगाभ्यास में साधन का काम करती हैं । यही इन्द्रियाँ, यही भोग का भी साधन हैं और मोक्ष का साधन भी हैं । अतः उपरोक्त द्वादश आयत ही दुःख, समुदय, मार्ग और निरोध— चारो आर्यसत्यों का आयतन है ॥८॥

**प्रमाणे द्वे च विज्ञेये तथा सौगतदर्शने ।**
**प्रत्यक्षमनुमानं च सम्यग्ज्ञानं द्विधा यतः ॥९॥**

तत्त्वानि व्याख्यायाधुना प्रमाणमाह—**प्रमाण इति ।**

तथेति प्रस्तुतानुसन्धाने, सौगतदर्शने बौद्धमते, द्वे प्रमाणे विज्ञे चशब्दः पुनरर्थे; तदेवाह—प्रत्यक्षमनुमानं च, अक्षमक्षं प्रति गतं प्रत्यक्षमैन्द्रि यिकमित्यर्थः । अनुमीयत इत्यनुमानं लङ्गिकमित्यर्थः । यतः सम्यग् ज्ञा निश्चितावबोधो द्विधा द्विप्रकारः, सम्यग्ग्रहणं मिथ्याज्ञाननिराकरणार्थं प्रत्यक्षानुमानाभ्यामेवेत्यर्थः ॥ ९ ॥

सुधा—तत्त्वानि व्याख्याय बौद्धसम्मतं प्रमाणद्वयमाह—**प्रमाणे इति ।**

अन्वयः—तथा सौगतदर्शने प्रत्यक्षम् अनुमानं च द्वे च प्रमाणे विज्ञेये, य द्विधा सम्यग्ज्ञानम् ॥

व्याख्या—तथा=अनुसन्धाने, सौगतदर्शने=बौद्धमते, प्रत्यक्षं—अक्षमक्षं प्र गतं प्रत्यक्षमैन्द्रियिकम् इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानमव्यपदेशमव्यभिचारिव्यव यात्मकं प्रत्यक्षमिति । अनुमानं—अनु मीयत इत्यनुमानं, लैङ्गिकमित्यर्थः । द्वे च प्रत्यक्षमनुमानं, प्रमाणे—प्रमाकरणं कर्तुं योग्यं वा प्रमाणम्, प्रमाणद्वयं प्रमाणे विज्ञेये=ज्ञेयेति, यतः=प्रमाणाभ्याम्, द्विधा=प्रत्यक्षं परोक्षञ्च, सम्यक् ज्ञानं=निश्चित वबोधो सम्बोधो वा भवतीति ॥

पदार्थ— तथा=सभी दर्शनों की भाँति । सौगतदर्शने=बौद्ध दर्शन में प्रत्यक्षं=प्रत्यक्ष अर्थात् जो इन्द्रिय व अर्थ के संयोग से उत्पन्न होने वाला यथार्थ ज्ञा है । अनुमानं=लिंग (चिह्न ) को देखकर प्रतिज्ञा-हेतु-उदाहरणादि द्वारा परोक्ष क ज्ञान । द्वे च=दो ही । प्रमाणे=प्रमाण । विज्ञेये=माने गए हैं । यतः=जिससे द्विधा=दोनों प्रकार का प्रत्यक्ष व परोक्ष । सम्यक् ज्ञानं=सम्यक् ज्ञान, पूर्ण बो निश्चयात्मक ज्ञान होता है ॥

भाषाप्रकाश प्रमा यथार्थ ज्ञान को कहते हैं । वह ज्ञान जो सन्देह व भ्र से रहित हो, वस्तु के यथार्थ स्वरूप का साक्षात्कार कराता हो उसे सत्यज्ञान अथ प्रमा कहते हैं । प्रमा के साधन को प्रमाण कहते हैं । प्रमाणों के द्वारा ही यथार्थ



निश्चयात्मक ज्ञान संभव है । प्रमाणों के विना लौकिक एवं अलौकिक पदार्थों का ान हो ही नहीं सकता । अतः सभी दर्शनों में प्रमाणों पर विचार किया गया है । माणों की मान्यता व आवश्यकता के विषय में सब एकमत हैं, किन्तु प्रमाणों भेद व स्वरूप की मान्यता पर मतभेद है । बौद्ध मत में प्रत्यक्ष एवं अनुमान ही प्रमाण माने गए हैं । प्रत्यक्ष वह है जिससे प्रत्यक्ष ज्ञान उत्पन्न हो । इन्द्रिय व र्थ के संयोग से उत्पन्न हुआ भ्रम व सन्देह से रहित यथार्थ ज्ञान प्रत्यक्ष कहलाता । किसी लिंग (चिह्न) को देखकर प्रत्यक्ष के विना ही परोक्ष वस्तु को जान लेना नुमान कहलाता है । इन दो प्रमाणों के द्वारा ही सम्यग्ज्ञान होता है ॥ ९ ॥

**प्रत्यक्षं कल्पनाऽपोढमभ्रान्तं तत्र बुध्यताम् ।**
**त्रिरूपाल्लिङ्गतो लिङ्गिज्ञानं त्वनुमानसंज्ञितम् ॥१०॥**

पृथक्पृथग्दर्शनापेक्षलक्षणसाङ्कर्यभीरु कीदृक् प्रत्यक्षमत्र ग्राह्यमित्याशङ्कायामाह—प्रत्यक्षमिति ।

तत्र प्रमाणोभय्यां प्रत्यक्षं बुद्धयतां ज्ञायतां शिष्येणेति । किंभूतं ? ल्पनाऽपोढं, शब्दसंसर्गवती प्रतीतिः कल्पना, तयाऽपोढं रहितं निर्विकल्पकमित्यर्थः । अन्यच्चाभ्रान्तं भ्रान्तिरहितं रगरगायमाणपरमाणुलक्षणं स्वलक्षणं द् प्रत्यक्षं निर्विकल्पकमभ्रान्तञ्च तद्, घटपटादिबाह्यस्थूलपदार्थप्रतिबद्धं च नं सविकल्पकम्, तच्च बाह्यस्थूलार्थानां तत्तन्मतानुमानोपपत्तिभिर्निराकरिष्यमाणत्वाद्, नीलाकारपरमाणुस्वरूपस्यैव तात्त्विकत्वात् ।

ननु यदि बाह्यार्था न सन्ति, किंविषयस्तर्ह्ययं घटपटशकटादिबाह्यस्थूलप्रतिभास इति चेद् ? निरालम्बन एवायमनादिवितथवासनाप्रवर्तितो व्यवहाराभासो निर्विषयत्वादाकाशकेशवत्स्वप्नज्ञानवद्वेति, यदुक्तं—

नान्योऽनुभाव्यो बुद्ध्याऽस्ति तस्या नानुभवोऽपरः ।
ग्राह्यग्राहकवैधुर्यात्स्वयं सैव प्रकाशते ॥ इति ॥
बाह्यो न विद्यते ह्यर्थो यथा बालैर्विकल्प्यते ।
वासनोल्लुठितं चित्तमर्थाभासे प्रवर्तते ॥ इति ॥

तदुक्तं—'निर्विकल्पकमभ्रान्तं च प्रत्यक्षमि'ति ।

अनुमानलक्षणमाह— तु पुनः त्रिरूपात्पक्षधर्मत्वसपक्षसत्त्वविपक्षव्यावृत्तिरूपाल्लिङ्गतो धूमादेरुपलक्षणाद् यल्लिङ्गिनो वैश्वानरादेर्ज्ञानं तदनुमानसंज्ञितमनुमानप्रमाणमित्यर्थः । सूत्रे लक्षणं नान्वेषणीयमिति चरमपदस्य वाक्षरत्वेऽपि न दोष इति ॥ १० ॥

सुधा—अथ प्रत्यक्षानुमानयोः लक्षणमाह—प्रत्यक्षमित्यादिना ।

**अन्वयः**—तत्र प्रत्यक्षं कल्पनाऽपोढ़ं अभ्रान्तं बुध्यताम् । त्रिरूपात् लि
लिङ्गिज्ञानं तु अनुमानसंज्ञितम् ॥

**व्याख्या** तत्र=प्रमाणोभय्यां, प्रत्यक्षं—अक्षं अक्षं प्रति प्रत्यक्षं, इन्द्रि
सन्निकर्षोत्पन्नं, कल्पनापोढ़ं=निर्विकल्पकमव्यपदेश्यं, अभ्रान्तं=भ्रान्ति, सन्देह
परमाणुलक्षणं स्वलक्षणं प्रत्यक्षं निर्विकल्पकमभ्रान्तं, घटपटादिबाह्यस्थूलपदार्थं
बद्धं ज्ञानं सविकल्पकम्, नीलाकारपरमाणुस्वरूपस्यैव तात्त्विकत्वात् । बुध्यत
ज्ञायताम् । ननु यदि बाह्यार्था न सन्ति तर्हि कथं घटपटमठादिबाह्यस्थूलप्रति
इति चेन्न, निरालम्बन एवायमनादिवासनाप्रवर्तितो व्यवहाराभासो निर्विषय
बाह्यो न विद्यते ह्यर्थो यथा बालैर्विकल्प्यते । वासनोल्लुठितं चित्तमर्थ
प्रवर्तते ॥ त्रिरूपात् पक्षधर्मत्वसपक्षसत्वविपक्षव्यावृत्तिरूपाल्लिङ्गितो धूमादेर्लि
लिङ्गिनो अग्नेः ज्ञानं अनुमानसंज्ञितम्=अनुमानप्रमाणमभिमतमिति ॥१०॥

**पदार्थ**—तत्र=बौद्धमत में । प्रत्यक्षं=प्रत्यक्ष प्रमाण । कल्पनापोढ़ं=निर्विक
जिसमें किसी प्रकार की कल्पना न हो; जिसमें परमाणुओं व उनके संयो
उत्पन्न संसार के यथार्थ स्वरूप का बोध हो । अभ्रान्तं=जो भ्रान्ति व सन्देह से
हो उसे प्रत्यक्ष । बुध्यताम्=जानो । त्रिरूपात्=पक्षधर्मत्व, सपक्षसत्व विपक्षव्या
यह त्रिरूप हैं, इन तीनों रूप से । लिङ्गितः=लिङ्ग अर्थात् केवल चिह्न देख क
लिङ्गि=साध्य वस्तु अर्थात् जिसका चिह्न देखा गया है । ज्ञानं=जानना । त्वनु
संज्ञितम्=अनुमान कहलाता है ॥

**भाषाप्रकाश**—भ्रान्ति और कल्पना के विना जो यथार्थ ज्ञान इ
द्वारा होता है उसे प्रत्यक्ष कहते हैं । प्रत्यक्ष के साधन को प्रत्यक्ष प्रमाण कहते
प्रत्यक्ष प्रमाण को सभी दर्शनों व सिद्धान्तों में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त है । आ
एवं नास्तिक सभी दर्शनों में प्रत्यक्ष प्रमाण सर्वप्रथम माना गया है । नास्तिक
तो प्रत्यक्ष को ही सबकुछ मानते हैं । आँख, कान, नाक, त्वचा एवं जिह्वा ज्ञाने
हैं । इन इन्द्रियों के ज्ञानतन्तुओं के माध्यम से मन में जो बाह्य विषयों की प्र
होती है, वह प्रत्यक्ष कहलाता है । प्रत्यक्ष ज्ञान के साधन इन्द्रियाँ ही प्रत्यक्ष प्रमाण
प्रत्यक्ष ज्ञान व प्रमाण कल्पना व भ्रान्तिरहित होना चाहिए । किसी ने देखा कि
के सफेद फूल फूले हुए हैं, जमीन पर चारो तरफ सफेद ही सफेद है । दूर से
कर यदि कल्पना करें कि जल भरा हुआ है तो यह प्रत्यक्ष ज्ञान यथार्थ नहीं हो
काश के फूलों में जल का ज्ञान कल्पनायुक्त अप्रत्यक्ष ही कहा जायगा । दूर से
हुए धूल को बादल जानना कल्पना व अप्रत्यक्ष माना जायगा । रज्जु में स



न, शुक्ति में रजत का ज्ञान भ्रान्त ज्ञान होगा । वह अयथार्थ होगा तथा भ्रान्ति-
त होने के कारण प्रत्यक्ष भी नहीं होगा । अतः कल्पना व भ्रान्तिरहित ज्ञान को
प्रत्यक्ष माना जायगा ।

**प्रश्न**—क्या इन्द्रियों के द्वारा उत्पन्न होने वाले बाह्य पदार्थों का ज्ञान ही
यक्ष कहलाता है ? योगियों का अतीन्द्रिय अनुभव प्रत्यक्ष नहीं कहा जा सकता ?

**उत्तर**—इन्द्रियों के द्वारा बाह्य पदार्थों का ज्ञान साधारण व लौकिक
यक्ष है, जो कि सर्वसाधारण प्राणियों को होता है । योगियों को होनेवाला
तीन्द्रिय अनुभव भी प्रत्यक्ष ही है, किन्तु वह असाधारण व अलौकिक प्रत्यक्ष है ।
ह्य विषयों के निरोध एवं विशुद्ध चित्त के द्वारा ही अलौकिक प्रत्यक्ष होता है ।
स्तुतः योगज ज्ञान को भी प्रत्यक्ष ज्ञान ही माना जायगा ।

बौद्ध मत में दूसरा प्रमाण अनुमान माना गया है । प्रत्यक्ष न होने पर
ी पूर्व प्रत्यक्षानुसार केवल चिह्न को देख करके साध्य का ज्ञान करना अनुमान है ।
से किसी ने देखा कि रसोईघर में अग्नि जल रही है, उससे धुआँ निकल रहा है ।
ह ज्ञान कि जहाँ धुआँ होता है वहाँ अग्नि भी होती है, उसकी बुद्धि में पूर्वप्रत्यक्ष
 रूप में है । तत्पश्चात् कहीं पहाड़ पर वह व्यक्ति गया तो धुआँ उठते देखा । यहाँ
धुआँ लिंग है, साध्य अग्नि लिङ्गी है । धुआँरूप लिंग को देखकर अग्नि के होने
का ज्ञान अनुमान कहलाता है । अनुमान तीन रूपों में होता है—१. पक्षधर्मत्व, २.
सपक्षसत्व और ३. विपक्षव्यावृत्ति । इन तीनों रूपों की विवेचना आगे के श्लोक में
करेंगे ॥१०॥

**रूपाणि पक्षधर्मत्वं सपक्षे विद्यमानता ।**
**विपक्षे नास्तिता हेतोरेवं त्रीणि विभाव्यन्ताम् ॥११॥**

रूपत्रयमेवाह—रूपाणीति ।

हेतोरनुमानस्य त्रीणि रूपाणि विभाव्यन्तामिति सम्बन्धः । तत्र
पक्षधर्मत्वमिति साध्यधर्मविशिष्टो धर्मी पक्षः, यथा पर्वतोऽयं वह्निमान्
धूमवत्त्वादत्र पर्वतः पक्षः, तत्र धर्मो धूमवत्त्वं वह्निमत्त्वेन व्याप्तं धूमोऽग्नि
न व्यभिचरतीत्यर्थः । सपक्षे सत्त्वं यो यो धूमवान् स स वह्निमान् यथा महान-
सप्रदेशः । अत्र धूमवत्त्वेन हेतुना सपक्षे महानसे सत्त्वं वह्निमत्त्वमस्तीत्यर्थः ।
विपक्षे नास्तितेति यत्र वह्निर्नास्ति तत्र धूमोऽपि नास्ति यथा जलाशये ।
जलाशये हि वह्निमत्त्वं व्यावर्तमानं व्याप्यं धूमवत्त्वमादाय व्यावर्तते । एवं
प्रकारेण हेतोस्त्रीणि रूपाणि ज्ञायन्तामित्यर्थः ॥ ११ ॥

सुधा—अनुमानस्वरूपत्रयमेवाह—रूपाणीति ।

अन्वयः—पक्षधर्मत्वं, सपक्षे विद्यमानता, विपक्षे नास्तिता, एवं हे[तोः] त्रीणि रूपाणि विभाव्यन्ताम् ॥

व्याख्या—पक्षधर्मत्वं—साध्यधर्मविशिष्टो धर्मी पक्षः, यथा पर्वतोऽयं व[ह्नि]मान् धूमवत्त्वादत्र पर्वतः पक्षः तत्र धूमवत्त्वं पक्षधर्मत्वमिति । सपक्षे=पक्षसमा[ना]धिकरणे, यथा महानसे विद्यमानता=सपक्षे सत्त्वम्, यथा यो यो धूमवान् स[स] वह्निमान् यथा महानसप्रदेशः । अत्र हेतुना सपक्षे महानसे सत्त्वं वह्निमत्त्वमस्ति[।] विपक्षे नास्तिता=असमानाधिकरणे असत्त्वमिति, यत्र वह्निर्नास्ति तत्र धूमो[ऽपि] नास्ति, यथा जलाशये । एवं=एवंप्रकारेण, हेतोः=अनुमानस्य, त्रीणि रूपाणि[=] यथोक्तानि, विभाव्यन्ताम्=ज्ञायन्तामित्यर्थः ॥

पदार्थ – पक्षधर्मत्वं=साध्य के धर्म से युक्त पक्ष कहलाता है, जैसे यह प[र्वत] अग्नि वाला है । धुआं देखा जाने से अब यहाँ पर्वत पक्ष है । धुआं का वहाँ र[हना] ही पक्षधर्मत्व है । सपक्षे=पर्वत की भाँति ही अग्नि के दूसरे अधिकरण में, य[था] रसोईघर में । विद्यमानता=होना । विपक्षे नास्तिता=पक्ष से विरुद्ध, यथा जला[शय] आदि में न होना । एवं=इस प्रकार । हेतोः=अनुमान के । त्रीणि रूपाणि=ती[न] रूप । विभाव्यन्ताम्=जानने चाहिए ॥

भाषाप्रकाश—अनुमान के तीन रूप बतलाए गए हैं । पहला रूप है पक्षधर्मता । साध्य के धर्म से विशिष्ट पक्ष कहलाता है,जिसकी सिद्धि की जाय [वह] साध्य कहलाता है । जैसे अग्नि, उसके धर्म से युक्त पर्वत पक्ष कहलाता है । प[र्वत] पक्ष में अग्नि का होना ही पक्षधर्मता है । पक्षधर्मता अनुमान का प्रथम स्वरूप है[।] यदि पक्षधर्मता नहीं तो अनुमान कहाँ ? दूसरा स्वरूप है सपक्षे विद्यमानता । प[र्वत] की भाँति अग्नि का दूसरे अधिकरण रसोईघर में रहना अर्थात् रसोईघर में दे[खा] था कि अग्नि के साथ धुआं रहता है; उसी के आधार पर पर्वत में भी धुआं दे[ख] करके अग्नि का अनुमान किया जाता है । अतः रसोईघर में अग्नि की विद्यमानता[का] उसका पूर्व अनुभव आवश्यक है । तीसरा स्वरूप है—साध्य का विपक्ष में न होना[।] अग्नि का विपक्ष जल है । जल में अग्नि नहीं होती, अतः यह ज्ञान भी अनुमा[न] के लिए आवश्यक है ॥ ११ ॥

**बौद्धराद्धान्तवाच्यस्य संक्षेपोऽयं निवेदितः ।**
**नैयायिकमतस्येतः कथ्यमानो निशम्यताम् ॥ १२ ॥**

उपसंहरन्नाह—**बौद्धराद्धान्तेति ।**

अयं संक्षेपो निवेदितः कथितः निष्ठां नीतः, कस्य बौद्धराद्धान्[त]वाच्यस्य; बौद्धानां राद्धान्तः सिद्धान्तस्तत्र वाच्योऽभिधातव्योऽर्थस्तस्य ।

III Semester



इतोऽनन्तरं नैयायिकमतस्य शिवशासनस्य 'कथ्यमानो निशम्यतां' [सं]क्षेपः कथ्यमानः श्रूयतामित्यर्थः ॥ १२ ॥

सुधा—बौद्धदर्शनमुपसंहरन्नाह—**बौद्धराद्धान्तवाच्यस्येति ।**

अन्वयः—बौद्धराद्धान्तवाच्यस्य अयं संक्षेपः निवेदितः । इतः नैयायिक[म]तस्य कथ्यमानः निशम्यताम् ॥

व्याख्या—बौद्धराद्धान्तवाच्यस्य—बौद्धानां=सौगतानां, राद्धान्तः=सिद्धान्तः, [त]त्र वाच्यः=अभिधातव्यः अर्थः तस्य, अयं=यथोक्तं, संक्षेपः=समासः, निवेदितः=[क]थितः । इतः=अनन्तरं, नैयायिकमतस्य=गौतमदर्शनस्य शिवशासनस्य, कथ्यमानः=[वर्ण्य]मानः, निशम्यताम्=श्रूयताम् ॥

पदार्थ—बौद्धराद्धान्तवाच्यस्य=बौद्धसिद्धान्तों को बतलाने वाला विषय । [अ]यं=यह । संक्षेपः=संक्षिप्त रूप में । निवेदितः=बतलाया गया । इतः=अब इसके [बा]द । नैयायिकमतस्य=न्यायदर्शन का । कथ्यमानः=विषय । बतलाते हैं, निशम्यताम्=[सु]निए ॥

भाषाप्रकाश—चौथे श्लोक से लेकर ग्यारहवें श्लोक तक बौद्ध दर्शन के [सि]द्धान्तों की संक्षेप में विवेचना की गई । बौद्ध दर्शन का साहित्य व सिद्धान्त अत्यन्त [वि]शाल है, किन्तु आठ श्लोकों में अत्यन्त संक्षिप्त रूप में उनका निरूपण यहाँ किया [ग]या । अब इसके आगे तेरहवें श्लोक से बत्तीसवें श्लोक तक न्यायदर्शन के संक्षिप्त [सि]द्धान्त बतलाए जाएँगे ॥ १२ ॥

### [ नैयायिकमतम् ]

**आक्षपादमते देवः सृष्टिसंहारकृच्छिवः ।**
**विभुर्नित्यैकसर्वज्ञो नित्यबुद्धिसमाश्रयः ॥ १३ ॥**

तदेवाह—आक्षपादेति ।

आक्षपादा नैयायिकास्तेषां मते शासने देवो दर्शनाधिष्ठायकः शिवो [म]हेश्वरः । स कथंभूतः ? सृष्टिसंहारकृत् सृष्टिः प्राणिनामुत्पत्तिः, संहारस्त[द्वि]नाशः, सृष्टिश्च संहारश्चेति द्वन्द्वः, तौ करोतीति क्विपि तोऽन्तः; तथा [अ]हि—अस्य प्रत्यक्षोपलक्ष्यमाणचराचरस्वरूपस्य जगतः कश्चिदनिर्वचनीय[म]ाहात्म्यः पुरुषः स्रष्टा ज्ञेयः, केवलसृष्टौ च निरन्तरोत्पद्यमानापारप्राणि[ग]णस्य भुवनत्रयेऽप्यमातृत्वमिति संहारकर्ताऽपि कश्चिदभ्युपगन्तव्यः, यत् [प्र]माणं—सर्वं धरणिधरणीधरतरुपुरप्राकारादिकं बुद्धिमत्पूर्वकं, कार्यत्वात् । [य]द्यत् कार्यं तत्तद् बुद्धिमत्पूर्वकं, यथा घटः । कार्यं चेदं, तस्माद् बुद्धिमत्पूर्वक-